kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-09 ❐ शुक्रवार, 06 फरवरी 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



मैं कांग्रेस और देश को यह संदेश देना चाहता हूं कि मोदी सरकार हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है। कांग्रेस के लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अबोध बालक की तरह कांग्रेस को बंधक बनाए हुए हैं। **जेपी नड्डा**

अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का मामला उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित: सरकार 11

विधायक ने मोकामा के किसानों की समस्या पर किया सवाल 12

## संक्षेप

### हाउस टैक्स बकाया पर मंडी परिषद का खाता सील

**लखनऊ।** हाउस टैक्स के बकाया को लेकर नगर निगम ने कड़ा कदम उठाते हुए मंडी परिषद का बैंक खाता गुरुवार को सील करा दिया है। निगम का कहना है कि बार-बार नोटिस और संपर्क के बावजूद भुगतान नहीं किए जाने पर यह कार्रवाई की गई। नगर निगम के अनुसार, 31 मार्च 2026 तक मंडी परिषद पर कुल करीब 64.94 लाख रुपये का हाउस टैक्स बकाया है। इसमें भवन संख्या जीबी/7 सीसी पर 42.36 लाख और भवन संख्या 605/385 पर 22.57 लाख की देनदारी शामिल है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह के मुताबिक, भुगतान के लिए कई बार पत्राचार किया गया, लेकिन तय समय पर राशि जमा नहीं की गई

### अफसरों से ज्यादा कर्मियों ने दिया संपत्ति का ब्यौरा

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल को गत दो फरवरी को प्रतिवेदन भेजा है। इसमें परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने कहा है कि इस बार मुख्य सचिव के निर्देश पर 47816 कर्मियों का जनवरी का वेतन इसलिए रोका गया है क्योंकि उन्होंने अपनी संपत्ति का विवरण मानव संपदा पर दर्ज नहीं कराया है। इनमें प्रथम श्रेणी के 18 फीसदी से अधिक अधिकारियों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया। तृतीय श्रेणी के 97 फीसदी और चतुर्थ श्रेणी के 94 फीसदी कर्मचारियों ने ब्यौरा पोर्टल पर दर्ज करा दिया है। आंकड़े बताते हैं कि इस मामले में वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारियों से पीछे हैं। ऐसी स्थिति में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी को मिलाकर 10 फीसदी से भी कम ऐसे कर्मचारी हैं जो अपनी संपत्ति का ब्यौरा दर्ज नहीं करा पाए। परिषद ने मुख्य सचिव से मांग की है कि बड़े अधिकारी जो सबसे अधिक डिफाल्टर है उन पर कार्यवाही की जाए। तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों का जनवरी माह का वेतन बहाल किया जाए।

### चंदौली भूमि धांधली में तीन एसडीएम निलंबित

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने चंदौली में पं. दीन दयाल उपध्याय नगर तहसील में 20 आरसी नोटिस वापस लेने और अवैध कब्जेदारों के पक्ष में आदेश पारित करने के आरोप में उपजिलाधिकारी के पद पर तैनात तीन पीसीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। विराग पांडेय गाजियाबाद, लालता प्रसाद बुलंदशहर और सतीश कुमार एटा में एसडीएम के पद पर तैनात हैं। ये तीनों अधिकारी चंदौली में तहसीलदार के पद पर पूर्व में तैनात थे। निलंबन अवधि में तीनों राजस्व परिषद से संबद्ध रहेंगे। प्रमुख सचिव नियुक्ति एम. देवराज ने गुरुवार को निलंबन आदेश जारी किया। इसके मुताबिक जिलाधिकारी चंदौली ने पं दीन दयाल उपाध्याय नगर में तहसील स्तर पर उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 67 (1) के निस्तारित पत्रावलियों की जांच में पाया कि बेदखली की 20 नोटिस को वापस लिया गया है।

# मोहब्बत की दुकान वाले मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगा रहे : मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय संसद का बजट सत्र इन दिनों बेहद हंगामेदार माहौल रहा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक जारी रही। लोकसभा में लगातार कई दिनों से विपक्षी सांसदों के हंगामे के कारण कार्यवाही शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी गई है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकसभा में प्रस्तावित भाषण कल स्थगित हो गया था। पीएम मोदी आज राज्यसभा में जवाब दे रहे हैं। इस दौरान विपक्षी पार्टियों के सांसद नारेबाजी की और कुछ देर बाद राज्यसभा से वॉकआउट कर गए। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि जो थक गए वे बेचारे चले गए।

राज्यसभा में पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस को इस बात की तकलीफ हो रही है कि पीएम मोदी यहां तक कैसे पहुंच गया। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें तो लगता है कि पीएम पद उनके परिवार की जागीर है। कोई दूसरा नहीं बैठना चाहिए। इसलिए वे मोदी की कब्र खोदो का नारा लेकर चल रहे हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के राज परिवार को दशकों तक मौका दिया। कांग्रेस के किसी भी प्रधानमंत्री के भाषण में गरीबी हटाने की न आई हो, ऐसा नहीं हुआ, लेकिन क्या हुआ, इसका कुछ पता नहीं चला। पीएम मोदी ने देश के गरीबों को सलाम करते हुए कहा कि उन्होंने योजनाओं को समझा, अपनाया और सामर्थ्य बढ़ाने की कोशिश की। पीएम ने कहा कि 25 करोड़ गरीब परिवारों के भाइयों-बहनों ने गरीबी को हराया और गरीबी से बाहर निकले। राज्यसभा में पीएम मोदी ने कहा

**राज्यसभा में मोदी**

- ❐ उन्हें लगता है कि पीएम पद उनके परिवार की जागीर
- ❐ कांग्रेस ने अन्नदाता को भी नहीं छोड़ा, सभी सिखों को गद्दार कहा
- ❐ चर्चा का लेबल थोड़ा और ऊंचा होना चाहिए, आज देश पॉलिसी और स्ट्रैटेजी के आधार पर चल रहा
- ❐ दुनिया हमारी ट्रेड डील की तारीफ कर रही



### खरगे जी को बैठे-बैठे भी नारेबाजी करने की अनुमति दे दीजिए

राज्यसभा में विपक्षी सांसदों द्वारा हंगामा करने पर पीएम मोदी ने कहा कि खरगे जी की उम्र को देखते हुए मैं आपसे अध्यक्ष महोदय, आग्रह करता हूं कि उन्हें बैठने और नारेबाजी करने दें ताकि उन्हें कोई असुविधा न हो। पीछे युवा लोग हैं। इसलिए कृपया खरगे जी को बैठे-बैठे भी नारेबाजी करने की अनुमति दें।

कि हम विकसित भारत की नींव तैयार कर रहे हैं। लेकिन कांग्रेस मोदी की कब्र खोदने के नारे लगवा रही है। जो लोग मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करते हैं, वही 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' जैसे नारे लगा रहे हैं। ये कौन सी मोहब्बत की दुकान है, जो देश के किसी भी नागरिक की कब्र खोदने की बात करती है? क्या यह संविधान का अपमान नहीं है? इसके बावजूद वे बयान देंगे कि देखो, प्रधानमंत्री राज्यसभा में भी रो रहा था। उन्होंने आगे कहा कि 2002 से 2014 तक, पिछले 25 सालों में संसद का ऐसा कोई सत्र नहीं गया जिसमें इन लोगों ने मोदी को गालियाँ देने का काम न किया हो। किसी ने मुझसे स्वास्थ्य का राज पूछा था, तो मैंने कहा था कि रोजाना दो किलो गालियां खाता हूं। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी३ यह कोई नारा नहीं है, बल्कि इनके भीतर छिपी नफरत है। हमने धारा 370 की दीवार गिरा दी, उत्तर-पूर्व में बम-बारूद की छाया खत्म करके विकास की राह अपनाई, पाकिस्तानी आतंकियों को घर में घुसकर जवाब दिया, ऑपरेशन सिंदूर जैसे कदम उठाए, माओवादी आतंक से देश को मुक्ति दिलाने के लिए साहसपूर्ण प्रयास किए, इसलिए इनको मोदी की कब्र खोदनी है।

कांग्रेस ने विश्वासघात करने के विषय में भी हमारे देश के अन्नदाता को भी नहीं छोड़ा। इस देश में 10 करोड़ किसान ऐसे हैं, जिनके पास 2 हेक्टेयर से भी कम जमीन है। छोटे किसानों की तरफ कभी देखा नहीं गया। लेकिन हमारे दिल में छोटे किसानों के प्रति एक दर्द था, जमीनी हकीकतों से परिचित थे और उसी के कारण हम पीएम किसान सम्मान निधि योजना लेकर के आए। और अब इतने कम समय में हमारे छोटे किसानों के खाते में 4 लाख करोड़ रुपए हमने दिया है। इसके बाद पीएम मोदी ने कहा कि तुम कितना दुनिया को धोखा दोगे,आईना देख लिया तो अपनी सच्चाई कहां छुपाओगे। कांग्रेस हो, टीएमसी हो, डीएमके हो, लेफ्ट हो... ये दशकों से केंद्र में सत्ता में रहे हैं, सत्ता के भागीदार रहे हैं। राज्यों में भी उन्हें सरकारें चलाने का अवसर मिला है। लेकिन उनकी पहचान क्या बनी- उन्होंने सिर्फ अपनी जेब भरने का काम किया, नागरिकों के जीवन में बदलाव लाना, उनकी प्राथमिकता नहीं थी। आज डील की चर्चा होती है तो गर्व से कहते हैं और तब डील की चर्चा होती थी तो बोफोर्स डील आ जाता था, ये डील होते थे। राज्यसभा में पीएम मोदी ने विपक्षी पार्टियों को आड़े हाथ लिया। लोकसभा हंगामे पर उन्होंने कहा कि विपक्ष को संविधान शब्द बोलने का अधिकार नहीं है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि लोकसभा की घटना बहुत ही दर्दनाक। कल की घटना पर पीड़ा हुई। कांग्रेस ने सिख सांसद को गद्दार कहा। पीएम ने आगे कहा कि कांग्रेस ने सभी सिखों को गद्दार कहा। इससे पता चलता है कि कांग्रेस के मन में सिखों के प्रति क्या भाव है। पीएम ने राहुल गांधी को कांग्रेस के युवराज बताते हुए कहा कि ऐसा लोग कांग्रेस को डुबो देंगे। राज्यसभा में पीएम मोदी ने कहा कि मैंने चर्चा सुनी, मुझे लगा कि चर्चा का लेबल थोड़ा और ऊंचा होना चाहिए था, खासकर उस तरफ से (विपक्ष की तरफ से)। वे सालों तक सरकार का हिस्सा रहे हैं। उस तरफ से चर्चा का लेबल थोड़ा और ऊंचा होना चाहिए था। लेकिन उन्होंने यह मौका भी गंवा दिया। पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी के साथियों ने बहुत कुछ कहा। लेकिन उन्हें अपने अंदर झांकना चाहिए। एक क्रूर सरकार पतन के सभी मापदंडों में नए रिकॉर्ड बना रही है। लेकिन वे हमें यहां उपदेश दे रहे हैं और वहां के लोगों का भविष्य अंधकार में डूब रहा है।

राज्यसभा में पीएम मोदी ने कहा कि आज बड़े देश भारत के साथ व्यापार संबंध बनाने के लिए बहुत उत्सुक हैं। चाहे वह यूरोपियन यूनियन के साथ ट्रेड डील हो या अमेरिका के साथ हाल ही में हुई डील... पूरी दुनिया इन ट्रेड डील्स की खुलकर तारीफ कर रही है। जब हमने क्ठ के साथ ट्रेड डील साइन की, तो दुनिया को ग्लोबल स्थिरता की अधिक संभावना पर अधिक भरोसा हुआ। अमेरिका के साथ ट्रेड डील के बाद, दुनिया को और भी ज़्यादा भरोसा हुआ कि स्थिरता के साथ-साथ वे तेजी भी महसूस कर सकते हैं। यह दुनिया के लिए एक पॉजिटिव संकेत है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी एनर्जी का एक बड़ा हिस्सा पिछली गलतियों ● शेष पेज 11 पर

### पीएम के साथ हो सकती थी अप्रत्याशित घटना, मैंने आने से मना किया : स्पीकर



नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र के दौरान इन दिनों लोकसभा में लगातार हंगामा देखने को मिल रहा है। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देना था, लेकिन विपक्ष के विरोध और नारेबाजी के कारण यह संभव नहीं हो सका। हालात बिगड़ते देख सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर अब लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सदन में गंभीर और अहम बयान दिया है। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि जिस तरह का माहौल उस दिन लोकसभा में बना, उसमें कोई भी अप्रिय और अप्रत्याशित घटना घट सकती थी। उन्होंने साफ कहा कि ऐसा व्यवहार संसद की गरिमा और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के बिल्कुल विपरीत था।
ओम बिरला ने सदन को बताया कि लोकसभा के इतिहास में पहली बार उन्होंने इस तरह का आचरण देखा है। उन्होंने कहा कि कुछ सदस्यों ने न केवल सदन के भीतर बल्कि अध्यक्ष के कार्यालय में भी जिस प्रकार का व्यवहार ● शेष पेज 11 पर

# एसआईआर में दावा और आपत्ति के लिए समय बढ़ेगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। यूपी में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में दावे-आपत्तियां व नोटिस पर सुनवाई का समय बढ़ाया जाएगा। शुक्रवार को दावे व आपत्तियां दाखिल करने का अंतिम समय है। वहीं नोटिस पर सुनवाई 27 फरवरी तक होनी है। अब चुनाव आयोग को इसे बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा गया है। ऐसे में छह मार्च को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित नहीं होगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने बताया कि दावे-आपत्तियों व नोटिस पर सुनवाई की अंतिम तारीख बढ़ाई जाएगी। चुनाव आयोग को इसके लिए प्रस्ताव भेज दिया गया है। जल्द नई तारीखों का एलान किया जाएगा। मतदाता सूची से 2.89 करोड़ लोगों के नाम काटे गए हैं। कुल 12.55 करोड़ मतदाताओं की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की गई है। अभी प्रतिदिन ढाई लाख से तीन लाख लोग

❐ आज फाइनल वोटर लिस्ट नहीं आएगी



मतदाता बनने को फॉर्म-6 भर रहे हैं। ऐसे में यह लोग अंतिम मतदाता सूची में शामिल हो इसका भी पूरा प्रयास किया जा रहा है। ड्राफ्ट मतदाता सूची पर दावे-आपत्तियां लोग ढंग से कर सकें इसके लिए उन्हें और समय दिया जाएगा। यही नहीं जिन मतदाताओं का वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मिलान नहीं हो सका है, उन 1.04 करोड़ लोगों और तार्किक विसंगतियों वाले 2.22 करोड़ लोगों को नोटिस जानी है। अभी सभी लोगों

# सोशल मीडिया पोस्ट संबंधी प्राथमिकी पर हाईकोर्ट के दिशा-निर्देशों बरकरार

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोशल मीडिया पोस्ट से जुड़े मामले में प्राथमिकी दर्ज करने को विनियमित करने संबंधी तेलंगाना उच्च न्यायालय के बनाये दिशा-निर्देशों को सही ठहराया है।

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की एक पीठ ने गुरूवार को इस मामले की सुनवाई करते हुए तेलंगाना राज्य की दायर विशेष अनुमति याचिकाओं के एक बैच को खारिज कर दिया है। इन याचिकाओं में उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गयी थी। इस फैसले में तीन प्राथमिकी रद्द कर दी गयी थी और सोशल मीडिया सामग्री पर आधारित आपराधिक कार्यवाहियों से निपटते समय पुलिस और न्यायिक मजिस्ट्रेटों के लिए विस्तृत परिचालन दिशा-निर्देश निर्धारित किये थे। इस चुनौती याचिका में दखल देने से मना करते हुए न्यायालय ने कहा कि उसने गाइडलाइंस की 'बारीकी' से जांच



की है और उन्हें बदलने का कोई कारण नहीं मिला। पीठ ने कहा, ''हमने पैरा 29 की पूरी जांच की है। हमारा मानना है कि हमें उच्च न्यायालय के फैसले और आदेश में दखल नहीं देना चाहिए। इसमें उच्च न्यायालय का जारी दिशा-निर्देश भी शामिल हैं। अपने आदेश में तेलंगाना उच्च न्यायालय ने नल्ला बालू के खिलाफ कांग्रेस पार्टी की आलोचना करने वाली उनकी एक्स पर की गयी पोस्ट के खिलाफ दर्ज तीन प्राथमिकी ● शेष पेज 11 पर

### सात साल तक की सजा वाले अपराध में बीएनएसएस की धारा 35(3) के तहत नोटिस देना अनिवार्य

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 35(3) के तहत नोटिस देना उन मामलों में अनिवार्य है जिसमें आरोपी पर सात साल तक की कैद की सजा वाले अपराध का आरोप है और इन मामलों में गिरफ्तारी एक अपवाद है। न्यायालय इस मुद्दे की जांच कर रहा था कि क्या सात साल तक की सजा वाले सभी मामलों में धारा 35(3) के तहत नोटिस जारी करना अनिवार्य है। न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने स्पष्ट किया कि सात साल से कम कारावास की सजा वाले अपराधों के लिए तब तक कोई गिरफ्तारी नहीं की जा सकती, जब तक कि बीएनएसएस की धारा 35(3) ● शेष पेज 11 पर

### एसीएस गृह और डीजीपी हाजिर हों, होगा जवाब-तलब : हाईकोर्ट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में गुमशुदा लोगों की तलाश मामले में अफसरों के सुस्त रवैए पर हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से पेश किए गए ब्योरे को देखकर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक से निजी हलफनामे पर जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई पर यह दोनों अफसर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अदालत के समक्ष पेश होंगे। उनसे पूछा है कि गुमशुदा लोगों की तलाश के लिए क्या प्रक्रिया अपनाते हैं और दो साल में एक लाख गुम लोगों की तलाश में नाकामी की क्या वजह है। इसके लिए अगर कोई कार्यप्रणाली नहीं है, तो इसके लिए एसओपी बनाई जाए। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति अबधेश कुमार चौधरी की खंडपीठ ने बृहस्पतिवार को यह आदेश राजधानी के चिनहट निवासी विक्रमा प्रसाद की याचिका पट दिया। याची ने जुलाई 2024 में गुम हुए अपने 32 साल के पुत्र की तलाश के निर्देश पुलिस को देने का आग्रह किया था। इससे पहले इसी 29 जनवरी ● शेष पेज 11 पर

# तेल खरीद पर भारत के रवैये में बदलाव नहीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने रूस और वेनेजुएला से तेल खरीद को लेकर चल रही तमाम अटकलबाजियों के बीच गुरुवार को स्पष्ट किया कि देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां साप्ताहिक ब्रीफिंग में रूस और वेनेजुएला से तेल की खरीद के संबंध में स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि भारत के पहले के रूख में कोई बदलाव नहीं आया है और वह अपने लोगों के हित में पहले की तरह की कदम उठाता रहेगा।

उन्होंने कहा ,'' सरकार ने कई अवसरों पर सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1.4 अरब भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए बाज़ार परिस्थितियों और बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना हमारी रणनीति का मूल आधार है। भारत के सभी कदम इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर उठाये गए हैं और आगे भी लिए जाते रहेंगे। जहां तक वेनेज़ुएला का सवाल है वह ऊर्जा क्षेत्र में लंबे समय से भारत का साझेदार रहा है व्यापार के स्तर पर भी और निवेश के स्तर पर भी। उन्होंने कहा, हम 2019-20 तक वेनेज़ुएला से ऊर्जा और कच्चा तेल आयात कर रहे थे, जिसके बाद हमें इसे रोकना पड़ा। इसके बाद 2023-24 में हमने फिर से वेनेज़ुएला से तेल खरीदना शुरू किया, लेकिन प्रतिबंध दोबारा लगाए जाने के बाद हमें इसे फिर से ● शेष पेज 11 पर

❐ स्रोतों में विविधता से ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना पहली प्राथमिकता: विदेश मंत्रालय

# हत्या की तरह है चाइनीज मांझे से होने वाली मौत : सीएम

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में चीनी मांझे के इस्तेमाल पर पूरी तरह से रोक लगाते हुए इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को पूरे प्रदेश में व्यापक छापेमारी अभियान चलाने का आदेश दिया है।

उन्होंने स्पष्ट किया है कि चीनी मांझे से होने वाली मौतों को हत्या की श्रेणी में माना जाएगा। इस संबंध में की गई कार्रवाई की उच्च स्तर पर समीक्षा की जाएगी। चाइनीज मांझे की बिक्री पर न्यायालय और राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) पहले ही पूर्ण प्रतिबंध लगा चुके हैं। इसके बावजूद प्रदेश के कई जिलों में चोरी-छिपे इसकी बिक्री जारी है, जो पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है।

प्रतिबंध के बावजूद चीनी मांझे की खरीद-फरोख्त करने वालों के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा 15 के तहत कार्रवाई की जा सकती है। इसके अंतर्गत पांच वर्ष तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है।

गौरतलब है कि राजधानी लखनऊ के बाजारखाला क्षेत्र में चीनी मांझे की चपेट में आने से एक युवक की मौत के बाद राज्य सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है।

इस घटना को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि चीनी मांझे के इस्तेमाल, भंडारण और बिक्री को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार ने पुलिस और प्रशासन को निर्देशित किया है कि प्रतिबंधित मांझे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि इस जानलेवा मांझे से होने वाली घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

**सख्ती**

- ❐ सीएम ने दिया पुलिस को सघन छापेमारी का निर्देश-राज्यव्यापी अभियान चलाकर एक्शन लेने के निर्देश, कार्रवाई की होगी उच्चस्तरीय समीक्षा
- ❐ प्रतिबंधित मांझे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए

### किसानों को अब पांच मिनट में ई-केसीसी से ऋण : योगी



लखनऊ। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस के कारण उत्तर प्रदेश में कृषि ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी तरह बदल गई है। पहले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से ऋण पाने में 25 दिन से एक महीने तक का समय लगता था, लेकिन अब ई-केसीसी के जरिए किसान मात्र पांच मिनट में ऋण सुविधा प्राप्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री गुरुवार को लोकभवन में आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी एवं राज्य फोकस पेपर 2026-27 के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश का कृषि ऋण लक्ष्य 3 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है।

योगी ने कहा कि आज सरकार और किसान मिलकर खेती में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से केंद्रीय बजट में एआई एग्रीकल्चर प्लेटफॉर्म की घोषणा की गई है और उत्तर प्रदेश इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कई फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एफपीओ) को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों द्वारा संचालित कसया मिल्क प्रोड्यूसर एफपीओ (1005 सदस्य) और मथुरा की 750 महिलाओं वाली सरसों उत्पादक कंपनी पूरे प्रदेश के लिए रोल मॉडल हैं। महिलाओं ने प्रोसेसिंग और वैल्यू एडिशन के जरिए बेहतर मुनाफा कमाया है। सरकार ऐसे प्रयासों को हर स्तर पर सहयोग देगी। योगी ने कहा कि सहकार से समृद्धि के विजन के तहत सहकारिता क्षेत्र में ● शेष पेज 11 पर

# महापौर ने मृतक आश्रितों को सौंपे नियुक्ति पत्र नगर निगम में मिला रोजगार का अवसर

❑ यह कार्यक्रम उन परिवारों के लिए राहत का संदेश लेकर आया, जिन्होंने अपने परिजनों को सेवा के दौरान खो दिया था

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर निगम लखनऊ मुख्यालय में गुरुवार को एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

यह कार्यक्रम उन परिवारों के लिए राहत का संदेश लेकर आया, जिन्होंने अपने परिजनों को सेवा के दौरान खो दिया था। नगर निगम द्वारा उन्हें रोजगार प्रदान कर आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल ने कुल 13 मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इनमें शेखर, कु. रागिनी, विकास भारती, बीनू, रितिक गहरवाल, अवनीश कुमार, कु. पिन्की, आकाश कुमार भारती, सुभाष धानुक, नीरज कुमार, शिवांशू भारती, कु. काजल और शिवम भारती शामिल हैं। इन सभी मृतक आश्रितों को सफाई कर्मी के पद पर नियुक्त किया गया है।

इस अवसर पर महापौर ने नवनियुक्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर निगम अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि मृतक आश्रितों को नौकरी देना केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि पीड़ित परिवारों को सम्मान और आत्मनिर्भरता प्रदान करने का माध्यम है। महापौर ने सभी नवनियुक्त कर्मियों से ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी पी.के. श्रीवास्तव, प्रभारी अधिकारी अधिष्ठान विकास सिंह सहित नगर निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने नवनियुक्त कर्मचारियों को विभागीय नियमों और कार्य जिम्मेदारियों की जानकारी भी दी।अपर नगर आयुक्त ललित कुमार ने बताया कि मृतक आश्रितों की नियुक्ति प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और नियमों के अनुरूप पूरा किया गया है। इस पहल से न केवल प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहारा मिलेगा, बल्कि नगर निगम की सफाई व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में सभी नवनियुक्त कर्मचारियों ने माननीय महापौर एवं नगर निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पुलिस कस्टडी में पप्पू सोनकर की मौत, न्यायिक जाँच की माँग पर अड़ा सोनकर समाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। शहर में पुलिस कस्टडी के दौरान पप्पू सोनकर की मौत से इलाके में भारी तनाव और आक्रोश का माहौल है। इस घटना को लेकर सोनकर समाज के लोगों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं और मामले की निष्पक्ष न्यायिक जाँच की माँग की है।

मिली जानकारी के अनुसार एसओजी टीम 26 तारीख को मधवापुर क्षेत्र स्थित पप्पू सोनकर के घर से उसे और अरविंद सोनकर को हिरासत में लेकर गई थी। पुलिस का दावा है कि दोनों ने करछना क्षेत्र में एक सोनार से लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार दो दिन की कस्टडी के बाद 28 तारीख को दोनों को एक कथित मुठभेड़ में पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान पप्पू सोनकर की मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही सोनकर समाज के लोग बड़ी संख्या में अस्पताल पहुँच गए और पुलिस पर फर्जी मुठभेड़ व कस्टडी में हत्या का आरोप लगाते हुए धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों का कहना है कि पप्पू सोनकर को स्वस्थ अवस्था में पुलिस ले गई थी, ऐसे में उसकी मौत कई गंभीर सवाल खड़े करती है।वरिष्ठ समाजसेवी बीरेंद्र सोनकर के नेतृत्व में अधिवक्ता नीशू सोनकर, ईशू सोनकर, गोलू सोनकर, दीपू सोनकर, रक्षक सोनकर, रोमी सोनकर सहित सैकड़ों लोग पोस्टमार्टम के दौरान न्यायिक जाँच की माँग पर अड़े रहे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब तक निष्पक्ष जाँच का भरोसा नहीं दिया जाता, तब तक धरना जारी रहेगा।मामले की गंभीरता को देखते हुए भारी पुलिस बल के साथ पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक यादव मौके पर पहुँचे और लोगों को न्यायिक जाँच कराए जाने का आश्वासन दिया। इसके बाद धरना समाप्त हुआ।हालाँकि, समाज के लोगों का कहना है कि केवल आश्वासन से विश्वास बहाल नहीं होगा। उनका सवाल है कि क्या वास्तव में इस मामले में निष्पक्ष और स्वतंत्र जाँच हो पाएगी, या यह भी अन्य कस्टडी मौतों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की जाँच की बात कह रही है, जबकि सोनकर समाज पूरे घटनाक्रम की पारदर्शी और निष्पक्ष जाँच की माँग पर एकजुट नजर आ रहा है।

### माघ मेला जा रहे परिवार से मारपीट, चार आरोपी गिरफ्तार

प्रयागराज। मेला जा रहे एक परिवार से मारपीट का मामला सामने आया है। दिनांक 30 जनवरी 2026 को रजनीश सिंह निवासी झूंसी अपने परिवार के साथ माघ मेला जा रहे थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल की टक्कर को लेकर कुछ व्यक्तियों से उनका विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट और टीका-टिप्पणी में बदल गया। घटना की सूचना पर थाना दारागंज पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मु0अ0सं0 17/2026 पंजीकृत किया और चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने स्पष्ट किया कि प्रकरण में छेड़छाड़ जैसी कोई भी बात प्रकाश में नहीं आई है। मामले में अग्रिम विधिक कार्यवाही जारी है।

### पूर्व मेयर अभिलाषा गुप्ता नंदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी, कोतवाली में मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पूर्व मेयर अभिलाषा गुप्ता नंदी पर सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अभिलाषा गुप्ता नंदी उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी की पत्नी हैं।जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक व्यक्ति द्वारा अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी, जिससे समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में नाराजगी फैल गई। मामले की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।कोतवाली पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान के लिए सोशल मीडिया अकाउंट और तकनीकी साक्ष्यों की जाँच की जा रही है। पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुटी हुई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी या मानहानि को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मामले में आगे की जाँच जारी है।

### कोडीनयुक्त कफ सिरप तस्करी का मुख्य अभियुक्त मो. सैफ गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोडीनयुक्त कफ सिरप की अवैध खरीद-फरोख्त के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य अभियुक्त मो. सैफ को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पूछताछ के दौरान सैफ ने स्वीकार किया कि वह अपने भाई फैजुर रहमान के साथ मिलकर लंबे समय से कफ सिरप की अवैध तस्करी का संगठित नेटवर्क चला रहा था।सैफ ने पुलिस को बताया कि प्रयागराज में फर्जी फर्म मेसर्स एम0के हेल्थकेयर और वाराणसी में पी0डी फार्मा के नाम पर कोडीनयुक्त कफ सिरप की सप्लाई की जाती थी। इन फर्मों के जरिए प्रतिबंधित सिरप की अवैध बिक्री की जा रही थी।जांच में यह भी सामने आया है कि सैफ का भाई फैजुर रहमान वाराणसी में इसी तरह की गतिविधियों में संलिप्त था, जिसे वाराणसी पुलिस ने 23 जनवरी को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी हुई है।

### औचक निरीक्षण और नजीर के दावे पर सवाल, पारदर्शिता अब भी अधूरी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ओढगी तरहार गौशाला को लेकर हाल में प्रकाशित खबरों में इसे अन्य गौशालाओं के लिए ल्लनजीरङ्ग बताया गया और औचक निरीक्षण के बाद व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद दर्शाया गया। लेकिन इससे पहले इसी गौशाला को लेकर अव्यवस्था, ताले और पारदर्शिता की कमी से जुड़ी खबरें सामने आ चुकी हैं। ऐसे में अचानक बदली तस्वीर कई सवाल खड़े करती है।सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस औचक निरीक्षण का दावा किया गया, उसमें मीडिया को शामिल क्यों नहीं किया गया। यदि निरीक्षण निष्पक्ष और वास्तविक था, तो क्या गौशाला को सार्वजनिक निगरानी के लिए खोलने की घोषणा की गई। क्या वहां यह स्पष्ट सूचना उपलब्ध है कि यह सार्वजनिक गौशाला है और मीडिया को कवरेज की अनुमति है।खबरों में साफ-सफाई, चारा, भूसा और इलाज की पर्याप्त व्यवस्था की बात कही गई, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया गया कि ये व्यवस्थाएं स्थायी रूप से कैसे सुनिश्चित की जाएंगी। क्या स्टॉक रजिस्टर, इलाज का रिकॉर्ड और खर्च का विवरण जांचा गया, या निरीक्षण केवल दृश्य संतोष तक सीमित रहा।यह भी नहीं बताया गया कि पहले उठाए गए आरोपों की जांच किन बिंदुओं पर की गई और उन्हें निराधार कैसे माना गया। यदि व्यवस्थाएं पहले से मजबूत थीं, तो शिकायतें क्यों आईं, और यदि हाल में सुधार हुआ है तो यह खबरों के दबाव का परिणाम माना जाएगा।गौशाला को नजीर बताने से पहले निरीक्षण की प्रक्रिया, निष्कर्ष और सुधार सार्वजनिक करना जरूरी है। नजीर तस्वीरों से नहीं, बल्कि निरंतर पारदर्शिता से बनती है।

### निर्माण श्रमिकों के पंजीयन नवीनीकरण की तिथि 15 फरवरी तक बढ़ी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए पंजीयन नवीनीकरण की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। जिन श्रमिकों ने चार वर्ष या उससे अधिक समय से अपने पंजीयन का नवीनीकरण नहीं कराया है, उन्हें अब 15 फरवरी 2026 तक नवीनीकरण कराने का अवसर दिया गया है। पूर्व में बोर्ड द्वारा नवीनीकरण की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित की गई थी, जिसे श्रमिक हित में बढ़ाते हुए 15 फरवरी 2026 कर दिया गया है, ताकि अधिक से अधिक पात्र श्रमिक नवीनीकरण करा सकें। उप श्रमायुक्त सुमित कुमार ने बताया कि निर्धारित तिथि तक नवीनीकरण नहीं कराने वाले श्रमिकों का पंजीयन निष्क्रिय सूची में डाल दिया जाएगा, जिससे उन्हें बोर्ड की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा। उन्होंने सभी संबंधित श्रमिकों से समय रहते नवीनीकरण कराने की अपील की है।

### मध्यस्थता अभियान 2.0 के तहत पत्रावलियों के संदर्भण की अवधि 15 फरवरी तक बढ़ी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में जनपद प्रयागराज में चलाए जा रहे ल्लराष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 2.0 के अंतर्गत चिन्हित पत्रावलियों को मध्यस्थता हेतु संदर्भित करने की अवधि बढ़ा दी गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज के सचिव शशि कुमार ने बताया कि जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सत्यप्रकाश त्रिपाठी के मार्गदर्शन में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। अब मध्यस्थता के लिए चिन्हित पत्रावलियों को 1 फरवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 तक संदर्भित किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण सुलह-समझौते के माध्यम से कराने के उद्देश्य से जनपद प्रयागराज की समस्त न्यायालयों एवं वाह्य न्यायालयों से भी पत्रावलियों को मध्यस्थता हेतु संदर्भित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जॉनसेनगंज इलेक्ट्रॉनिक मार्केट में नगर निगम का अतिक्रमण अभियान

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जॉनसेनगंज इलेक्ट्रॉनिक मार्केट में नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता सड़क को खाली कराने के लिए पहुंचा। लंबे समय से दुकानदारों द्वारा पूरे सड़क मार्ग पर अतिक्रमण कर लिया गया था, जिससे आवागमन में भारी दिक्कत हो रही थी। इस संबंध में कई महीनों से लगातार शिकायतें की जा रही थीं और अधिकारियों के समक्ष भी यह समस्या उठाई गई थी। बुधवार को नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटवाया और सड़क को आंशिक रूप से खाली कराया। अभियान के दौरान व्यापारियों को भविष्य में अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी गई।

### एमआरएफ टायर्स विवाद ने पकड़ा तूल, व्यापारियों की आपात बैठक

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ऑटो सेल्स स्थित एमआरएफ टायर्स प्रतिष्ठान पर वकीलों एवं स्टाफ के बीच हुई मारपीट का विवाद अब तूल पकड़ता जा रहा है। घटना के बाद व्यापारिक माहौल में तनाव का माहौल बना हुआ है। मामले को लेकर व्यापारियों में रोष देखा जा रहा है। इसी क्रम में व्यापारियों ने सिविल लाइन्स क्षेत्र में एक आवश्यक बैठक बुलायी है, जिसमें आगे की रणनीति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की जाएगी। व्यापारियों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं से व्यापारिक वातावरण प्रभावित हो रहा है और प्रशासन को जल्द हस्तक्षेप कर स्थिति को सामान्य बनाना चाहिए।

# जिलाधिकारी ने किया विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य का औचक निरीक्षण

❑ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 2 फरवरी से 6 फरवरी तक जनपद लखनऊ के अंतर्गत चल रहा है डोर-टू-डोर सर्वे कार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 2 फरवरी से 6 फरवरी तक जनपद लखनऊ के अंतर्गत चल रहे डोर-टू-डोर सर्वे कार्य में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा सक्रिय रूप से कार्य किया जा रहा है।

डोर-टू-डोर सर्वे की प्रगति का अवलोकन करने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी द्वारा विधानसभा क्षेत्र 171-लखनऊ पश्चिम के विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभा 171-लखनऊ पश्चिम के राजाजीपुरम ई ब्लॉक क्षेत्र में स्थित बूथ संख्या 426 एवं 431 एवं राजाजीपुरम सी ब्लॉक क्षेत्र में स्थित बूथ संख्या 398 तथा जगन्नाथ प्रसाद साहू इंटर कालेज स्थित वीआरसी/सुनवाई केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर डोर-टू-डोर सर्वे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा तीनों बूथों के बीएलओ से जारी किए गए नोटिसों की संख्या तथा उनके सापेक्ष की गई सुनवाई की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई।

बूथ संख्या 426 के बीएलओ द्वारा अवगत कराया गया कि उनके बूथ पर कुल 112 नोटिस जनरेट हुए थे, जिनमें से सभी नोटिसों की सुनवाई पूर्ण हो चुकी है। साथ ही 32 फार्म 6 कलेक्ट करते हुए उनको डिजिटाइज किया जा चुका है। इसी प्रकार बूथ संख्या 431 के बीएलओ द्वारा बताया गया कि उनके बूथ पर कुल 195 नोटिस जारी हुए थे, जिनमें से केवल 35 नोटिसों की सुनवाई शेष है। साथ ही 43 फार्म 6 कलेक्ट करते हुए उनको डिजिटाइज किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा क्षेत्र में निवासरत नागरिकों से संवाद भी किया गया तथा उन्हें मतदाता सूची में अपना नाम जांचने एवं पात्र नए मतदाताओं के नाम फॉर्म-6 के माध्यम से जोड़ने के लिए जागरूक किया गया। उक्त निरीक्षण में अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय सतीश चंद्र त्रिपाठी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कॉंग्रेस पार्टी की सरकारों में अनुसूचित जाति का सम्पूर्ण विकास हुआः प्रमोद जयंत

❑ आगामी चुनाव में अनुसूचित जाति के लोग काग्रेस पार्टी को पूर्ण समर्थन देंगे सुरेन्द्र कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरदोई। अनुसूचित जाति विभाग कंग्रेस पार्टी की आज कंग्रेस पार्टी जिला कार्यालय हरदोई पर एक बैठक आयोजित हुई बैठक संबोधित करते हुए कंग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय सचिव प्रमोद जयंत ने बताया कि कंग्रेस पार्टी ने अनुसूचित जाति (ट्टए) के उत्थान के लिए ऐतिहासिक रूप से कई कार्य किए हैं, जिनमें संवैधानिक आरक्षण, भूमि सुधार, और शिक्षा/रोजगार के अवसर प्रदान करना प्रमुख है। महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों पर चलते हुए दलित व वंचित समाज को समानता व न्याय दिलाने की दिशा में काम किया है। अनुसूचित जाति के लिए प्रमुख कंग्रेस सरकार के कार्य और दलित समाज एक एक वोट काग्रेस के लिए तैयार हैं उत्तर प्रदेश कंग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव और बालामऊ विधान सभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सुरेन्द्र कुमार ने संबोधित करते हुए कहा दलितों की दलितों के संपूर्ण विकास के लिए कंग्रेस पार्टी की सरकारों ने सामाजिक समानता और न्याय सुनिश्चित करने के लिए संवैधानिक प्रावधानों और आरक्षण का समर्थन किया।ऐतिहासिक रूप से दलितों को भूमि का मालिकाना हक देने के लिए पट्टा वितरण और कृषि संबंधी पहल की।सामाजिक न्याय (हिस्सेदारी न्याय): लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणापत्र के अनुसार, आरक्षण पर 50% का कैप हटाने और निजी/सरकारी शिक्षा संस्थानों में ट्टए/ट्टठ के लिए आरक्षण को सुदृढ़ करने का कार्य किया गया।

# यूपी के गांव हो रहे हाईटेक, प्लास्टिक कचरे से बनी 75 किलोमीटर लंबी सड़क

❑ राजधानी लखनऊ के साथ ही रामपुर, अमेठी, ललितपुर और एटा में किया गया अभिनव प्रयोग, पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास का नया मॉडल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के गांव अब स्वच्छता और नवाचार की नई पहचान गढ़ रहे हैं। प्लास्टिक कचरे से सड़क निर्माण, घर-घर कूड़ा संग्रहण कर उससे खाद निर्माण और आय सृजन के अभिनव प्रयोगों ने प्रदेश के ग्रामीण परिदृश्य को हाईटेक बना दिया है। राजधानी लखनऊ समेत रामपुर, अमेठी, ललितपुर और एटा में प्लास्टिक कचरे से अब तक 75 किलोमीटर लंबी सड़कें तैयार की जा चुकी हैं, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास का नया मॉडल पेश कर रही हैं।

पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने गुरुवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में वेस्ट मैनेजमेंट का मास्टर प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत ग्राम पंचायतों में घर-घर से कूड़ा संग्रहण शुरू कर वर्मी खाद का उत्पादन किया जा रहा है। इस पहल से अब तक तीन करोड़ रुपये से अधिक की आय सृजित हो चुकी है। वहीं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों से 29 लाख रुपये की अतिरिक्त कमाई की गई है। इस योजना के तहत पंचायतीराज विभाग प्रदेश में 'वेस्ट टू वेल्थ' मॉडल पर काम कर रहा है।पंचायती राज विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ गांव महाभियान के तहत कूड़े को संसाधन में बदला जा रहा है। प्लास्टिक कचरे का सदुपयोग कर सड़क निर्माण, जैविक कचरे से खाद उत्पादन और पंचायतों की आय बढ़ाने के ये प्रयोग प्रदेश के हर गांव को स्वच्छ, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। इस योजना के जरिए प्रदेश के हर गांव में अभिनव प्रयोग किए जाएंगे।पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह के अनुसार, विभाग ग्राम पंचायतों को नवाचार के माध्यम से मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। गांव-गांव स्वच्छता अभियान के साथ प्लास्टिक वेस्ट के यूटिलाइजेशन से न केवल पर्यावरण सुरक्षित हो रहा है, बल्कि करोड़ों रुपये की आय भी सृजित हो रही है।

### सिंगल यूज प्लास्टिक और गंदगी फैलाने वालों पर नगर निगम की कार्रवाई

लखनऊ। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर गुरुवार को नगर निगम की टीमों ने शहर के विभिन्न जोनों में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। इस अभियान के तहत कई प्रतिष्ठानों और दुकानदारों के चालान किए गए तथा जुर्माने की धनराशि वसूल कर नगर निगम कोष में जमा कराई गई। जोन-03 में जोनल सेनेटरी अधिकारी मनोज यादव के निर्देश पर मुख्य मार्ग पुराना जोनल कार्यालय कपूरथला से गोल मार्केट महानगर तक पॉलीथीन रोकथाम एवं गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 11 चालान गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध किए गए, जिनसे 15,200 रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं प्रतिबंधित पॉलीथीन पाए जाने पर 12 चालान कर 49,000 रुपये का अर्थदंड वसूला गया। इस प्रकार कुल 23 चालानों के माध्यम से 64,200 रुपये की वसूली कर नगर निगम कोष में जमा कराई गई। अभियान के दौरान ग्लोब कैफ़े, रिट् रेस्टोरेंट, गजल आइसक्रीम कॉर्नर, दो जनरल स्टोर तथा महानगर मॉडल शॉप सहित कई प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुमित मिश्रा, पुष्कर सिंह पटेल, अंकाक्षा गोस्वामी एवं 296 प्रवर्तन दल के कार्मिकों एवं क्षेत्रीय सुपरवाइजर की संयुक्त टीम उपस्थित रही।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ. रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-KHNM-MX-144-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.02.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.02.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-MFKA-MX-149-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.02.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.02.2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-BCN-MX-124-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.02.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.02.2026 समय 11:20 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |

वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है : E-Auction Module of www.ireps.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 403/2026

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा सूचना सं0 | 1159- वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ-पाँचवी कॉल दिनांक- 02.02.2026 |
| 2. | कार्य का नाम | 02 वर्षों के लिए SSE/AC-SP/LKO के अधिकार क्षेत्र के तहत 1 / 1.5 / 2.0 टन क्षमता के विंडो/स्पिलट ए०सी० प्लांट/ 3.0 टन तक के कैसेट ए०सी० और विभिन्न क्षमता के वॉटर कूलर का रिपेयर/रिहैबिलिटेशन। |
| 3. | अनुमानित लागत | रू0 94,75,915/- (चौरानवें लाख पचहत्तर हज़ार नौ सौ पन्द्रह रूपये केवल) |
| 4. | बयाना राशि | रू0 1,89,600/- (एक लाख नवासी हजार छः सौ रूपये केवल) |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह |
| 6. | ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व् समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 27.02.2026 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता/सा0, उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 7. | प्रस्ताव की वैद्यता | ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं0-1159-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ-पाँचवीं कॉल दिनांक 02.02.2026 380/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पशुपालकों को सस्ती दरों पर दवाएं उपलब्ध कराने के लिए खुलेंगे पशु औषधि केन्द्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । पशुपालकों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण पशु औषधियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र की तर्ज पर पशु औषधि केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। इस संबंध में लखनऊ के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, डॉ. सुरेश कुमार ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड में एक पशु औषधि केन्द्र खोला जाएगा, जिससे पशुपालकों को पशुओं के उपचार के लिए दवाएं किफायती दरों पर सुलभ हो सकें।मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पशु औषधि केन्द्र खोलने के लिए आवेदन करने वाले आवेदक को फार्मासिस्ट का नाम एवं उसका वैध पंजीकरण विवरण, दुकान के लिए न्यूनतम 120 वर्ग फुट स्थान का प्रमाण पत्र तथा ड्रग सेल लाइसेंस का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।इस योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री कृषक समृद्धि केन्द्र एवं सहकारी समितियों से जुड़े योग्य लाभार्थियों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। यह योजना भारत सरकार की पशुधन स्वास्थ्य एवं बीमारी नियंत्रण कार्यक्रम (एलएचडीसीपी) के अंतर्गत संचालित की जाएगी।पशु औषधि केन्द्र स्थापित करने के इच्छुक आवेदकों को पांच हजार रूपये का शुल्क अदा करना होगा। आवेदन की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी, जिसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी http://pashuaushadhi.dahd.gov.in पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि पशु औषधि केन्द्रों की स्थापना से पशुपालकों को समय पर सस्ती दवाएं उपलब्ध होंगी, जिससे पशुधन स्वास्थ्य में सुधार के साथ-साथ पशुपालन को और अधिक लाभकारी बनाया जा सकेगा।

# यूपी में 13 फरवरी तक चलेगा दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 : कपिल देव अग्रवाल

❒ इस विशेष अभियान का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सेवायोजन के साथ-साथ स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करना है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार एक और ठोस पहल करने जा रही है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा प्रदेश के सभी जनपदों में 06 से 13 फरवरी 2026 तक ल्लदिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0ङ्क संचालित किया जाएगा।

इस विशेष अभियान का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सेवायोजन के साथ-साथ स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करना है।प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि अभियान के तहत विगत तीन वर्षों में कौशल विकास मिशन एवं आईटीआई के माध्यम से प्रशिक्षित ऐसे पात्र एवं इच्छुक दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ा जाएगा, जो वर्तमान में जनपदों में उपलब्ध हैं। इसके साथ ही जनपद स्तर पर उपलब्ध अन्य इच्छुक दिव्यांगजन भी इस अभियान का लाभ ले सकेंगे।औद्योगिक इकाइयों में सेवायोजन पर जोरदिव्यांगजन रोजगार अभियान के दौरान जनपदों में संचालित औद्योगिक इकाइयों एवं अन्य अधिष्ठानों में उपलब्ध रिक्तियों के सापेक्ष दिव्यांगजनों का सेवायोजन कराया जाएगा। इसके अलावा एमएसएमई, जिला उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन केंद्र तथा अन्य विभागों की स्व-रोजगार योजनाओं से भी दिव्यांगजनों को जोड़ा जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संचालनउत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि हर जनपद में यह अभियान मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा संचालित किया जाएगा, जिसमें जिला उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन केंद्र, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला रोजगार सहायता अधिकारी और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक शामिल होंगे। निर्धारित अवधि में राजकीय आईटीआई को केंद्र बनाकर सेवायोजन एवं स्व-रोजगार संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।रोजगार संगम पोर्टल से भी मिलेगा अवसररोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत इच्छुक दिव्यांगजनों को भी इस अभियान में सम्मिलित किया जाएगा। जिला रोजगार सहायता अधिकारी के माध्यम से उन्हें उपलब्ध रिक्तियों पर नियोजित कराया जाएगा। निर्देश दिए गए हैं कि अभियान का जनपद स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजन इस अवसर का लाभ उठा सकें और रोजगार की मुख्यधारा से जुड़ सकें।टॉप-5 जनपदों को मिलेगा सम्मानअभियान के सफल क्रियान्वयन पर सर्वाधिक सेवायोजन एवं स्व-रोजगार उपलब्ध कराने वाले प्रदेश के शीर्ष पांच जनपदों के जिलाधिकारियों एवं उनकी टीम को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा। 13 फरवरी 2026 को सायं 5 बजे तक सभी जनपदों से सेवायोजित दिव्यांगजनों की संख्या, नियुक्ति पत्र एवं स्व-रोजगार से जुड़े साक्ष्य मांगे जाएंगे।

# महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इंडोर खेलों का पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

❒ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री एवं द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित गौरव खन्ना रहे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत आयोजित इंडोर खेल प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री एवं द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित गौरव खन्ना रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पायल (पैरालंपियन एवं एडिडास की ब्रांड एंबेसडर) की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो.(डॉ.) सुमन गुप्ता, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके पश्चात प्राचार्य प्रो.(डॉ.) सुमन गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उनके आगमन को महाविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण बताया।समारोह के दौरान शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। महाविद्यालय में विभिन्न अवसरों पर आयोजित चेस, बैडमिंटन, टेबल टेनिस सहित अन्य इंडोर खेल प्रतियोगिताओं के विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि श्री गौरव खन्ना ने विद्यार्थियों की ऊर्जा, समर्पण एवं खेल प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि पायल ने भी विद्यार्थियों को खेलों के माध्यम से आत्मविश्वास और अनुशासन विकसित करने का संदेश दिया।प्राचार्य प्रो.(डॉ.) सुमन गुप्ता ने छात्र-छात्राओं के परिश्रम एवं उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय परिवार की सक्रिय उपस्थिति रही। अंत में प्रो.(डॉ.) गुंजन शाही ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया, जबकि डॉ. ऋतु शुक्ला द्वारा कार्यक्रम का सफल मंच संचालन किया गया।

# संपत्तिकर बकाया न जमा करने पर नगर निगम की सख्त कार्रवाई

❒ नवीन गल्ला मंडी सीतापुर रोड का बैंक खाता सीज- अपर नगर

❒ आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव द्वारा की गई कार्यवाही, 64,94,040 है बकाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नगर निगम ने संपत्तिकर की बकाया राशि जमा न करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए सख्त कदम उठाया है। अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव द्वारा जोन-6 स्थित नवीन गल्ला मंडी, सीतापुर रोड से संबंधित भवनों पर लंबे समय से बकाया संपत्तिकर की वसूली न होने पर मंडी समिति के बैंक खाते को सीज कर दिया गया है।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार नवीन गल्ला मंडी सीतापुर रोड, लखनऊ के भवन संख्या जीबी/सीसी पर 31 मार्च 2026 तक कुल 42 लाख 36 हजार 118 रुपये संपत्तिकर बकाया है। वहीं, मंडी से जुड़े भवन संख्या 605/385 पर 22 लाख 57 हजार 922 रुपये की राशि बकाया है। इस प्रकार कुल मिलाकर करोड़ों रुपये के संपत्तिकर का भुगतान नगर निगम को अब तक नहीं किया गया है। नगर निगम द्वारा बताया गया कि बकाया संपत्तिकर की वसूली के लिए पहले भी संबंधित संस्था को कई बार बिल एवं नोटिस जारी किए गए थे। इसके अलावा अधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर बकाया राशि जमा करने के लिए भी कहा गया, लेकिन इसके बावजूद भुगतान नहीं किया गया।

जनवरी 2026 में नवीन गल्ला मंडी कार्यालय द्वारा 19 जनवरी 2026 का 22 लाख रुपये का एक चेक व्हाट्सएप के माध्यम से भेजा गया, जो बिना हस्ताक्षर का था। यह चेक न तो विधिसम्मत था और न ही नगर निगम कार्यालय में जमा कराया गया। इसके बाद भी संबंधित संस्था द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लगातार लापरवाही को देखते हुए नगर निगम ने उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 506 से 509 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कड़ा निर्णय लिया। इसके तहत मंडी समिति सीतापुर रोड का बैंक खाता संख्या को तत्काल प्रभाव से अटैच/सीज कर दिया गया है। साथ ही इस खाते से किसी भी प्रकार के लेन-देन पर रोक लगा दी गई है। नगर निगम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि एक सप्ताह के भीतर बकाया संपत्तिकर की राशि नगर निगम कोष में जमा नहीं की जाती है, तो उक्त बैंक खाते से सीधे नगर निगम के खाते में राशि ट्रांसफर कर दी जाएगी। यह राशि नगर निगम के खाते में जमा कराई जाएगी। नगर निगम ने सभी संपत्ति स्वामियों और संस्थानों से अपील की है कि वे समय से अपना गृहकर एवं संपत्तिकर जमा करें, ताकि किसी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई से बचा जा सके और शहर के विकास में सहयोग मिल सके।

# नगर निगम ज़ोन-6 बना सीवर ज़ोन, जनता गंदगी में



कैनविज टाइम्स संवाददात

लखनऊ। नगर निगम ज़ोन-6 के गढ़ी पीर ख़ां मोहल्ले में बीते कई दिनों से सीवर उबलकर सड़कों पर बह रहा है, लेकिन ज़िम्मेदार अफसरों की आंखों पर लापरवाही की पट्टी बंधी हुई है। सड़कों पर बहता गंदा, बदबूदार और जहरीला पानी अब आम बात बन चुका है। बच्चे, बुज़ुर्ग, महिलाएं सबको सीवर के पानी से होकर गुजरने पर मजबूर किया जा रहा है। क्या यही है नगर निगम की ल्लस्मार्ट सिटी व्यवस्था सेवज़ इंडिया कंपनी के कर्मचारी और अधिकारी तनख़्वाह उठाकर गायब हैं। ज़मीन पर काम शून्य है, लेकिन काग़ज़ों में सब ठीक-ठाक दिखाया जा रहा है। क्या सेवज़ इंडिया कंपनी को सीवर बहाने का ही ठेका मिला है या फिर नगर निगम ने पूरे वार्ड को नर्क बनाने की सुपारी दे रखी है ज़ोन-6 के नगर निगम अधिकारी पूरी तरह मौन साधे हुए हैं। क्या गढ़ी पीर ख़ां के लोग इंसान नहीं हैं क्या यहां बीमारी फैले तभी कार्रवाई होगी? या किसी की मौत के बाद ही अफसर कुर्सी से उठेंगे? इस समस्या को लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष है।

## भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान में नई नियुक्तियां, संगठन को मिली नई मजबूती



**दुबग्गा, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बृहस्पतिवार भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान के राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. सलमान द्वारा संगठन को सशक्त करते हुए महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गईं। इस क्रम में स्वेता पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य स्वेता वैस (निवासीः बरुवा थावर माल) को महिला सभा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं प्रियांश वैस को युवा जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।इस अवसर पर संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतुल शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव अजय यादव, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष गुलाम रसूल, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष वकार अहमद, युवा जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी सैफ पठान, युवा प्रदेश सचिव अयान विशेष रूप से मौजूद रहे।इसके साथ ही आनंद सिंह वैस, अशोक यादव, नितिन मिश्रा, निखिल कुमार, जितेंद्र यादव, अमित पांडे, अक्षय यादव सहित बड़ी संख्या में संगठन के साथी उपस्थित रहे। सभी ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और संगठन को और मजबूत बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. सलमान ने कहा कि नई नियुक्तियों से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और महिला व युवा वर्ग की भागीदारी और अधिक सशक्त होगी।

## लॉन टेनिस टूर्नामेंट का सफल आयोजन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डीपीएस एल्डिको ने अपना लॉन टेनिस टूर्नामेंट 2026 का समापन किया, इसमें शिक्षकों की उत्साही भागीदारी रही तथा प्राचार्य, खेल विभाग प्रमुख (एचओडी स्पोर्ट्स) एवं विभागाध्यक्षों जैसे विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही। आयोजन में एकल एवं युगल मैचों की रोमांचक प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें अभय सिंह, आकाश गुप्ता, पुनीत कुमार, राहुल शर्मा, संजीव यादव तथा विजय सिंह जैसे शिक्षकों के उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिले, जो स्कूल के मूल्यों के अनुरूप शारीरिक फिटनेस एवं खेलमान को बढ़ावा देते हैं। प्राचार्य मनीषा अंथवाल ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि यह टूर्नामेंट हमारी समग्र विकास की प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें एचओडी स्पोर्ट्स एवं विभाग सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। एचओडी स्पोर्ट्स प्रदीप चंद ने कहा कि ऐसे आयोजन हमारे फैकल्टी एवं छात्रों को प्रेरित करते हैं। स्कूल के कोर्ट पर आयोजित इस टूर्नामेंट में तिरंगे के सम्मान में टीमवर्क एवं कौशल का प्रदर्शन हुआ, जिसने सामुदायिक भावना को मजबूत किया।

# माइनर नहर से युवक का अर्धनग्न शव बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नगराम, लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित नगराम थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह एक युवक का शव माइनर नहर में मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष विवेक चौधरी ने बताया कि हसनपुर गांव के पास स्थित माइनर नहर में एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पूछताछ की गई।

थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक की पहचान उन्नाव जिले के पान कुंवर खेड़ा निवासी शैलेंद्र कुमार (26) के रूप में हुई है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि शैलेंद्र की भाभी का मायका नगराम के ग्राम कनेरी में है, जिनके यहां वह पूर्व में भी आता-जाता रहा है। मृतक के परिवार में उसकी मां एवं दो विवाहित बड़े भाई हैं। निरीक्षण के दौरान प्रथमदृष्टया शरीर पर किसी प्रकार के स्पष्ट चोट के निशान नहीं पाए गए हैं।उन्होंने बताया कि घटनास्थल के निरीक्षण और उपलब्ध प्रारंभिक तथ्यों के आधार पर यह प्रतीत होता है कि शैलेंद्र नशे की अवस्था में नित्यक्रिया के पश्चात स्वच्छ होने के लिए माइनर नहर में उतरा, जहां संतुलन बिगड़ने के कारण फिसलकर वह मुंह के बल गिर गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटनास्थल पर मृतक की पैंट कमर से नीचे उतरी हुई अवस्था में पाई गई। फिलहाल, प्रकरण में सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल पीआरडी जवान की इलाज के दौरान मौत, गांव में शोक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के मऊ गांव निवासी पीआरडी जवान 59 वर्षीय इंद्र बहादुर सिंह की गुरुवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। दो माह से अधिक समय तक जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहे इंद्र बहादुर सिंह के निधन की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, वहीं बड़ी संख्या में ग्रामीण ट्रामा सेंटर पहुंच गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते 29 अक्टूबर की रात इंद्र बहादुर सिंह ड्यूटी के लिए अपने घर मऊ से निगोहां की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गौरा तिराहे के पास रात करीब दस बजे किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस और परिजनों ने उन्हें तत्काल ट्रामा सेंटर-2 में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत नाजुक बताई।लगभग दो महीने से अधिक समय तक इंद्र बहादुर सिंह अस्पताल में बेसुध अवस्था में भर्ती रहे। कुछ समय बाद होश में आने पर चिकित्सकों ने उन्हें घर भेज दिया था, लेकिन कुछ ही दिनों बाद उनकी तबीयत फिर बिगड़ गई। परिजन उन्हें दोबारा ट्रामा सेंटर-2 लेकर पहुंचे, जहां गुरुवार सुबह इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।मौत की खबर मिलते ही पत्नी तारा सिंह, पुत्र हर्षित सिंह, गजेंद्र सिंह व हेमेंद्र सिंह सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पीजीआई पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।ग्रामीणों ने बताया कि इंद्र बहादुर सिंह मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे। वर्षों से पीआरडी जवान के रूप में सेवा दे रहे थे। उनके आकस्मिक निधन से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अज्ञात वाहन चालक की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाए जाने की भी मांग की गई है।

## वजीरगंज पुलिस का सघन अभियान, अवैध माझा जब्त

लखनऊ। थाना वजीरगंज क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चौकी हाता, गोलागंज एवं चौकी बारूदखाना क्षेत्र के बुलंद बाग इलाके में पतंग और माझा बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने अवैध रूप से बेचे जा रहे प्रतिबंधित माझा को कब्जे में ले लिया। साथ ही मौके पर मौजूद दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए भविष्य में अवैध माझा की बिक्री न करने के निर्देश दिए गए। पुलिस ने स्पष्ट किया कि प्रतिबंधित माझा की बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान क्षेत्र में कई दुकानदारों ने तुरंत अवैध माझा हटाया।

## यूपी में एक लाख ग्रामीण महिलाओं के जीवन में मिठास घोलेगा शहद




**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता** उत्तर प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं की आय बढ़ाने और खेती-किसानी को नई ताकत देने के लिए बड़ा कदम उठाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत मधुमक्खी पालन कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से प्रदेश के स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं शहद उत्पादन के साथ-साथ फसलों की उत्पादकता भी बढ़ाएंगी। योजना के अंतर्गत आगामी तीन वर्षों में एक लाख महिला मधुमक्खी पालक तैयार की जाएंगी। इसके तहत प्रत्येक महिला उद्यमी की आय में प्रति वर्ष एक लाख रुपये तक की वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। मधुमक्खियों द्वारा परागण से गेहूं, सरसों, दलहन-तिलहन और बागवानी फसलों की पैदावार में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी, जिससे किसानों को भी सीधा लाभ मिलेगा। यूपी का शहद वैश्विक पहचान बनाएगा। महिलाएं शहद का अपना ब्रांड विकसित करेंगी और शहद व अन्य उत्पादों के विपणन से प्रदेश के आर्थिक विकास में साझीदार बनेंगी। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और महिलाओं का आत्मनिर्भरता का सपना साकार होगा। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि इस योजना के जरिए प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और उद्यमियों को बाजार से जोड़ने की व्यवस्था की जा रही है, ताकि यूपी का शहद देश-दुनिया में गुणवत्ता और भरोसे की पहचान बने।

# नगर निगम लखनऊ में आज आयोजित होगा 'संपूर्ण समाधान दिवस'

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । शहरवासियों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से नगर निगम लखनऊ द्वारा शुक्रवार, 06 फरवरी 2026 को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को आयोजित किए जाने की परंपरा के अंतर्गत नगर निगम मुख्यालय, लालबाग स्थित त्रिलोकनाथ सभागार में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा।

संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल जी द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के विभिन्न विभागों से जुड़े अधिकारी मौके पर उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करेंगे और यथासंभव तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करेंगे। इस समाधान दिवस में मुख्य रूप से गृहकर, जलकर, कर निर्धारण GIS सर्वेक्षण के उपरांत आपत्तियाँ), सफाई व्यवस्था, कूड़ा उठान, सड़क एवं गली मरम्मत, सीवर व ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट, अतिक्रमण, जल आपूर्ति सहित अन्य नगर निगम से संबंधित समस्याओं की सुनवाई की जाएगी।


नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि गृहकर एवं जलकर से संबंधित आपत्तियों पर जोनवार सुनवाई की जाएगी और आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर मौके पर ही समाधान प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए सभी जोनों के जोनल अधिकारी, कर निर्धारण अधिकारी, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, सभी जोनल अधिकारी, संबंधित विभागों के अधिकारी, माननीय पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में नागरिकों के उपस्थित रहेंगे। महापौर सुषमा खर्कवाल जी ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस नगर निगम और नागरिकों के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम है। आमजन अपनी समस्याओं से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर उपस्थित होकर इस मंच का अधिकतम लाभ उठाएं। नगर निगम लखनऊ ने शहरवासियों से अनुरोध किया है कि वे अपनी शिकायतों के समाधान हेतु 06 फरवरी 2026, शुक्रवार को समय से उपस्थित होकर इस जनहितकारी पहल में सहभागिता करें और स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित लखनऊ के निर्माण में सहयोग प्रदान करें।

## बाहरी बसों से अवध चौराहे पर रोज़ाना भीषण जाम, यातायात व्यवस्था चरमराई

लखनऊ । राजधानी के कृष्णा नगर और मानक नगर थाना क्षेत्र के बीच स्थित अवध चौराहा इन दिनों भीषण जाम का केंद्र बन गया है। बाहरी रूट की बसों के अनियंत्रित संचालन के कारण यहां घंटों तक लंबा जाम लग रहा है, जिससे आम नागरिकों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो रहा है।जाम की स्थिति केवल अवध चौराहे तक सीमित नहीं है, बल्कि नहरिया मार्ग, भोला खेड़ा चौकी, मानक नगर स्टेशन जाने वाला रास्ता भी लगातार अवरुद्ध रहता है। खासकर कृष्णा नगर के भोला खेड़ा चौकी क्षेत्र में लगने वाला लंबा जाम लोगों के लिए भारी परेशानी का सबब बन गया है।भीषण जाम के कारण स्कूल जाने वाले बच्चे, कार्यालय कर्मी, मरीज और बुजुर्ग घंटों फंसे रहते हैं। पैदल चलने वालों को भी सड़क पार करना मुश्किल हो रहा है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि जाम की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन प्रशासन और यातायात पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही, जिससे लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। बाहरी बसों के लिए निर्धारित स्टैंड न होने और सड़कों पर ही बसों के ठहराव से हालात और बिगड़ रहे हैं।

# लखनऊ विश्वविद्यालय में शोधार्थियों से संवाद करेंगे मोहन भागवत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 18 फरवरी को यहां लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शोधा?र्थियों से संवाद करेंगे। इस दौरान डॉ. भागवत 'संघ यात्रा के 100 वर्ष' पर विद्यार्थियों को संबोधित भी करेंगे।

संघ के प्रचार विभाग के मुताबिक सरसंघचालक डॉ. भागवत दो दिवसीय दौरे पर 17 फरवरी को लखनऊ आएंगे और 18 फरवरी को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में शोधा?र्थियों से संवाद करेंगे। इस संवाद सत्र में विभिन्न विश्वविद्यालयों में शोध कार्य कर रहे करीब 300 विद्यार्थी शामिल होंगे। इस अवसर पर सरसंघचालक 'संघ यात्रा के 100 वर्ष' विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे।डॉ. भागवत 18 फरवरी की शाम को गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में संघ की ओर से आयोजित प्रमुख जन संगोष्ठी को संबोधित करेंगे। इस गोष्ठी में विभिन्न श्रेणियों के प्रमख लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। गोष्ठी के बाद प्रश्नोत्तर सत्र भी रहेगा। इसमें लोग सीधे सरसंघचालक से संघ से जुड़े विषयों पर प्रश्न पूछ सकते हैं।लखनऊ से पहले डॉ. भागवत का गोरखपुर में प्रवास प्रस्तावित है। सरसंघचालक 14 फरवरी को गोरखपुर पहुंचेंगे और 15 फरवरी को कई संगठनात्मक बैठकों में हिस्सा लेंगे। डॉ. भागवत 16 फरवरी को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित दो कार्यक्रमों को संबोधित करेंगे। दोपहर में सरसंघचालक प्रमुख जन गोष्ठी संबोधित करेंगे और उसी दिन शाम को परिवार मिलन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम का सघन अभियान

लखनऊ। शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और उससे उत्पन्न हो रही यातायात बाधाओं को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम लखनऊ ने गुरुवार को व्यापक और बहुस्तरीय अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार के आदेश पर की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों को सुगम और सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराना है।जोन-1 क्षेत्र के अंतर्गत जोनल अधिकारी ओपी सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन विभाग 296 की टीम द्वारा नगर निगम मुख्यालय से अभियान प्रारंभ किया गया। यह अभियान नावेल्टी, वाल्मीकि मार्ग, हरिओम मंदिर, कैम्प कार्यालय, बालाकदर, नूर मंजिल और स्मार्ट सिटी क्षेत्र से होते हुए पुनः नावेल्टी चौराहे तक चलाया गया।

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने अपने मऊ भ्रमण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मधुबन का किया आकस्मिक निरीक्षण

❐ निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मौके पर उपस्थित चिकित्सकों से संवाद कर उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने अपने मऊ भ्रमण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मधुबन का आकस्मिक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मौके पर उपस्थित चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों और मरीजों से संवाद कर उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने ओपीडी कक्ष, दवा वितरण कक्ष, उपचार कक्ष, प्रतीक्षालय एवं अन्य विभागों का अवलोकन किया। उन्होंने उपलब्ध दवाओं, आवश्यक चिकित्सा उपकरणों, जांच सुविधाओं तथा साफ-सफाई व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। मंत्री श्री शर्मा ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि मरीजों के साथ संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए समयबद्ध उपचार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार आवश्यक है।निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध सीमित सुविधाओं की जानकारी देते हुए उन्हें और बेहतर किए जाने की मांग रखी। इस पर मंत्री श्री शर्मा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मधुबन को शीघ्र ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) स्तर की सुविधाओं से युक्त किए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर उपचार, जांच एवं आपातकालीन सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगी।मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन को सुलभ, सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि लोगों को गंभीर उपचार के लिए दूर-दराज के जिलों में न जाना पड़े। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

# नगर निगम वाराणसी ने शहर वासियों को दी सहूलियत माफ किया जलकर पर लगने वाला सरचार्ज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❐ निगम संशोधित बिल आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया ह

वाराणसी। नगर निगम ने शहरवासियों को बड़ी सहूलियत देते हुए आवासीय व मिक्स भवनों के जलकर पर लगने वाले 64 करोड़ रुपये के सरचार्ज को पूरी तरह माफ कर दिया है। कार्यकारिणी व सदन के आदेश के बाद निगम प्रशासन ने इस फैसले को लागू कर दिया है।

निगम संशोधित बिल आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया हैं। जो भवन स्वामी आगामी 31 मार्च तक अपना टैक्स जमा करेंगे, उन्हें ही इस छूट का सीधा लाभ प्राप्त होगा।?नगर निगम प्रशासन के इस फैसले से लाखों परिवारों को सीधे तौर पर आर्थिक लाभ मिलेगा। नगरीय सीमा में करीब 2.33 लाख भवनों में पानी का कनेक्शन है। अब तक इन पर भारी-भरकम सरचार्ज बकाया था, जिसे अब शून्य कर दिया गया है। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि डिजिटल माध्यम के साथ-साथ आम जनता की सुविधा के लिए संशोधित बिलों की हार्ड कॉपी भी दो दिनों के भीतर जोनल कार्यालयों को भेज दी जाएगी। इससे उन लोगों को आसानी होगी जो मैन्युअली बिल जमा करना चाहते हैं।*टैक्स वसूली में भेलूपुर व वरुणापार अव्वल, रामनगर ने लक्ष्य को पछाड़ा*नगरीय सीमा में कुल 2,32,683 भवन गृहकर के दायरे में हैं। इसमें 6200 वाणिज्यिक व 17000 अर्द्ध वाणिज्यिक भवन भी शामिल हैं। वहीं जलकल विभाग के मुताबिक 2.33 लाख भवनों में पानी का कनेक्शन है। ?वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निगम ने 225.5 करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया है। वहीं अब तक डेढ़ लाख से अधिक भवन स्वामियों ने 124 करोड़ रुपये का टैक्स जमा कर चुके हैं जो निर्धारित लक्ष्य का लगभग 55.37 प्रतिशत है। खास बात यह है कि रामनगर जोन अपने निर्धारित लक्ष्य 0.48 करोड़ के सापेक्ष 137.46 प्रतिशत की वसूली की है। जब कि भेलूपुर 72.64 प्रतिशत वसूली के साथ बड़े जोनों में सबसे आगे है।? 70.38 प्रतिशत की वसूली कर वरुणापार जोन दूसरे स्थान पर बना हुआ है। इसी प्रकार ?दशाश्वमेध जोन में 63.68 प्रतिशत की वसूली हुई है।

## पशुपालन पखवाड़ा' के तहत राज्यपाल ने गौशाला में की गोसेवा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से 23 जनवरी से छह फरवरी तक आयोजित 'पशुपालन पखवाड़ा' के अंतर्गत गुरुवार को 14वें दिन जन भवन स्थित गौशाला में गायों को रोटी एवं गुड़ खिलाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल के साथ जन भवन के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने गौशाला की गायों के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा स्वच्छता, समय पर चारे-पानी और समुचित देखरेख सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। पखवाड़े के दौरान जन भवन के अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिदिन गायों को रोटी और गुड़ खिलाकर गोसेवा कर रहे हैं।

# अमानीगंज क्षेत्र में विशाल दुरदुरिया पूजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमानीगंज, अयोध्या। जय हो श्री अवसान मैया जी की, जय हो श्री नंद महर बाबा जी की के पावन उद्घोष के साथ जिला पंचायत क्षेत्र अमानीगंज अंतर्गत ग्राम मोहम्मदपुर स्थित बाबा नंद महर मंदिर परिसर में विशाल दुरदुरिया पूजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

इस धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन प्रधान प्रतिनिधि उदय प्रताप सिंह उर्फ बबलू सिंह एवं सम्मानित ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति की सहभागिता रही। आयोजन में स्थानीय विधायक चंद्रभान पासवान , ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह पूर्व प्रधान टंडवा महेंद्र प्रताप सिंह , प्रधान प्रतिनिधि बबलू सिंह , प्रधान सर्वेश सिंह (नंदौली), पूर्व प्रधान राजेश सिंह (नागीपुर), मनोज दुबे , अरविंद ओझा मंडल अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश , महामंत्री सर्वेश तिवारी , साकेत कसौधन पवन कसौधन , रवि भारद्वाज सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।इसके अतिरिक्त पूर्व ब्लॉक प्रमुख अमानीगंज दीप्ति सिंह, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य मोहम्मदपुर प्रीतमा सिंह, पूर्व प्रधान मोहम्मदपुर कंचन सिंह तथा अन्य सैकड़ों मातृशक्तियों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाया।पूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की गई। भक्तिमय वातावरण, वैदिक मंत्रोच्चारण और श्रद्धालुओं की आस्था ने पूरे मंदिर परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने आयोजन की सराहना करते हुए ऐसे धार्मिक आयोजनों को सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करने वाला बताया।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से जुड़े विभागीय कोचिंग संस्थानों के 77 अभ्यर्थी सफल

लखनऊ । प्रतिभावान युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना ने बड़ी सफलता प्राप्त की है। समाज कल्याण मंत्रालय की तरफ से संचालित पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्रों से मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे 77 अभ्यर्थियों ने उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा 2024 में मुख्य परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने गुरुवार को सफल होने वाले सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस संकल्प को साकार कर रही है, जिसमें हर प्रतिभाशाली युवा को आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना आगे बढ़ने का अवसर मिले।समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि भागीदारी भवन स्थित कोचिंग से 40, अलीगंज स्थित आदर्श परीक्षा केंद्र से 20, हापुड़ स्थित राजकीय आईएएस व पीसीएस कोचिंग केंद्र से 17 अभ्यर्थी यूपी पीसीएस-2024 की मुख्य परीक्षा में सफल हुए हैं।

# अंतिम पंक्ति तक पहुंचे बेहतर इलाज की सुविधा: पाठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य के तहत गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 की शुरुआत की गई है, जिसके माध्यम से भारतऽनेपाल सीमा से सटे थारू बाहुल्य इलाकों में निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

गुरुवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि यह यात्रा जनसेवा का सशक्त माध्यम बन रही है। इसके अंतर्गत महाराजगंज, बलरामपुर, लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थनगर, पीलीभीत, श्रावस्ती और बहराइच जनपदों में स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। 6 से 8 फरवरी तक चलने वाले इन शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सक जरूरतमंद लोगों का निःशुल्क उपचार करेंगे।

इस अवसर पर चिकित्सकों के दल को संबंधित जिलों के लिए रवाना करने वाली बसों को हरी झंडी दिखाई गई। साथ ही डॉक्टरों को विश्व की सबसे छोटी ललस्पंदन ईसीजी मशीनङ्क भी वितरित की गई। ब्रजेश पाठक ने बताया कि यह मशीन बिना बैटरी और इंटरनेट के भी काम करती है, जिससे दूर-दराज़ क्षेत्रों में त्वरित और सटीक जांच संभव हो सकेगी। गौरतलब है कि कार्यक्रम का आयोजन नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन (अवध एवं गोरक्ष प्रांत) तथा श्रीगुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के सहयोग से किया गया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा, समर्पण और नवाचार से जुड़ी यह पहल ललसबका स्वास्थ्य, सबका सम्मानङ्क के संकल्प को और मजबूत करेगी। उन्होंने इस अभियान से जुड़े सभी चिकित्सकों, आयोजकों और स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं।

## क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी में प्रगति पर मंथन के लिए एसजीपीजीआई में छह फरवरी को एकत्र होंगे विशेषज्ञ

लखनऊ। क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी और संक्रामक रोगों के निदान व प्रबंधन में हो रही नवीनतम प्रगति पर मंथन को लेकर संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में 6 और 7 फरवरी को देश भर से विशेषज्ञ एकत्र होंगे। दो दिवसीय उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड चैप्टर के 21वें वार्षिक सम्मेलन के दौरान यूपी-यूके माइक्रोकॉन 2026 का आयोजन होगा। सम्मेलन में क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स, चिकित्सक, शोधकर्ता, उद्योग विशेषज्ञ और नीति-निर्माता शामिल होंगे। सम्मेलन की ऑर्गनाइजिंग चेयरपर्सन डॉ. रुंगमेई.एस. के.मराक ने बताया कि कार्यक्रम में नए व पुनः उभरते पैथोजन्स, एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) और मानव माइक्रोबायोम जैसे अहम विषयों पर चर्चा होगी। साथ ही मल्टीप्लेक्स आरटी-पीसीआर पैनल और आधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन भी किया जाएगा, जो क्लिनिकल लैब्स में तेजी से निदान को संभव बना रही हैं। आयोजन सचिव प्रो. चिन्मय साहू के अनुसार यह मंच सहयोग को सुदृढ़ करेगा और युवा शोधकर्ताओं को प्रेरित करेगा। संस्थान के निदेशक प्रो.आरके धीमन ने कहा कि ऐसे सम्मेलन वैज्ञानिक प्रगति को क्लिनिकल प्रैक्टिस से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं जबकि डीन प्रो. शालीन कुमार ने बेहतर रोगी परिणामों की दिशा में नवाचारों को गति मिलने की उम्मीद जताई।

# तेजतर्रार आईपीएस डॉ. ख्याति गर्ग बनीं लखीमपुर खीरी की नई एसपी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखीमपुर खीरी। जिले की कानून व्यवस्था की कमान अब भारतीय पुलिस सेवा की वरिष्ठ अधिकारी डॉ. ख्याति गर्ग के हाथों में सौंपी गई है। वर्ष 2013 बैच की आईपीएस अधिकारी डॉ. ख्याति गर्ग उत्तर प्रदेश कैडर की तेजतर्रार अफसरों में गिनी जाती हैं।

हालिया प्रशासनिक फ़ेरबदल के तहत उन्हें लखीमपुर खीरी का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। उनके पदभार ग्रहण करने से जिले में सख्त कानून व्यवस्था और आधुनिक पुलिसिंग की उम्मीद जताई जा रही है।डॉ. ख्याति गर्ग का जन्म 12 सितंबर 1988 को हुआ था। वह मूल रूप से हरियाणा की निवासी हैं। उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद सिविल सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त कर भारतीय पुलिस सेवा को चुना। 23 दिसंबर 2013 को उन्हें आईपीएस के रूप में नियुक्ति मिली और वर्तमान में वह पुलिस अधीक्षक (ट्र्ष्ठ) रैंक की अधिकारी हैं।अपने अब तक के सेवा काल में डॉ. ख्याति गर्ग ने कई महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए प्रभावशाली कार्य किया है। वह अमेठी जनपद में पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात रहीं, जहां उन्होंने पुलिस और आम जनता के बीच संवाद बढ़ाने के लिए ललकॉप टॉकङ्क जैसी अभिनव पहल शुरू की, जिसे काफी सराहना मिली।

इस पहल के माध्यम से जनता की समस्याओं को सीधे सुनने और त्वरित समाधान पर जोर दिया गया।इसके बाद उन्होंने राजधानी लखनऊ में डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (क्रूघ्) के रूप में कार्य किया, जहां यातायात व्यवस्था और शहरी पुलिसिंग से जुड़े कई अहम दायित्वों का सफल निर्वहन किया। हाल ही में वह मुरादाबाद में 9वीं वाहिनी पीएसी की कमांडेंट के रूप में तैनात रहीं, जहां बल अनुशासन, प्रशिक्षण और कल्याण के क्षेत्र में उनके नेतृत्व की सराहना हुई।डॉ. ख्याति गर्ग की कार्यशैली को समुदाय आधारित पुलिसिंग, महिला सुरक्षा और स्मार्ट पुलिसिंग के लिए जाना जाता है। आधुनिक तकनीक के उपयोग, त्वरित निर्णय क्षमता और सख्त लेकिन संवेदनशील प्रशासन उनके कार्य का प्रमुख हिस्सा रहा है। महिला सुरक्षा को लेकर वह विशेष रूप से सक्रिय रही हैं और इस दिशा में कई प्रभावी कदम उठा चुकी हैं।अब लखीमपुर खीरी जैसे संवेदनशील और बड़े जिले की जिम्मेदारी मिलने के बाद प्रशासन और आम जनता को उनसे काफी उम्मीदें हैं। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में जिले में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और पुलिस-जनता संवाद को नई दिशा मिलेगी।

# खीरी में जिला सहकारी बैंक के बाहर जनरेटर में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखीमपुर खीरी। लहरपुर मार्ग पर स्थित जिला सहकारी बैंक के बाहर उस समय हड़कंप मच गया, जब बैंक परिसर में लगे जनरेटर में अचानक आग लग गई। आग लगते ही बैंक के अंदर मौजूद कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई और सभी बैंक कर्मी जान बचाने के लिए बाहर निकलकर भागे।


प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक जनरेटर से धुआं निकलता दिखाई दिया और देखते ही देखते उसमें आग की लपटें उठने लगीं। घटना के समय बैंक में कर्मचारी और कुछ ग्राहक मौजूद थे, जिन्हें तत्काल बाहर निकाल लिया गया। आग की सूचना मिलते ही आसपास के मोहल्ले वासी मौके पर पहुंचे और बाल्टी व अन्य संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।स्थानीय लोगों की सूझबूझ और तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। यदि आग समय रहते नहीं बुझाई जाती तो बैंक भवन और आसपास के इलाकों को भारी नुकसान हो सकता था। गनीमत रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है, हालांकि प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी को वजह माना जा रहा है। घटना की जानकारी संबंधित विभाग और पुलिस को दे दी गई है। बैंक प्रशासन द्वारा जनरेटर की जांच कराई जा रही है।घटना के बाद कुछ देर तक बैंक परिसर में दहशत का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों ने समय रहते आग बुझाकर बड़ी अनहोनी टाल दी, जिससे बैंक प्रशासन और क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली।

## गोला में भीषण सड़क हादसा, तीन की मौके पर मौत, एक की हालत नाजुक



**गोला खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दिल्ली से बहराइच जा रही एक वैगनआर कार गुरुवार तड़के भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई। गक्र-730 पर जलालपुर गांव के पास खड़े एक ट्रक में कार के तेज रफ्तार में घुस जाने से यह दर्दनाक हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी कार सवार दिल्ली से बहराइच अपने एक साथी के तिलक समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। रास्ते में सुबह के समय घना कोहरा और धुंध छाई हुई थी, जिससे सड़क पर दृश्यता बेहद कम हो गई थी। बताया जा रहा है कि कोहरे के कारण चालक को आगे खड़ा ट्रक दिखाई नहीं दिया और कार सीधे ट्रक में जा घुसी।घटना 05 फरवरी 2026 की बताई जा रही है। पीआरवी 6322 द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि जलालपुर मोड़ के पास एक अज्ञात ट्रक ने वैगनआर कार संख्या क्चर 58 व 5556 को टक्कर मार दी है। सूचना मिलते ही गोला थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया गया। कार में फंसे लोगों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया।हादसे में सुधा सिंह पत्नी सुनील सिंह, सुनील सिंह पुत्र बिंद्रा सिंह तथा संतोष पुत्र रमेश सिंह निवासी धर्मकुंडा, थाना रामगांव, जनपद बहराइच की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं मुकेश सिंह पुत्र रमेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल सीएचसी गोला ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय लखीमपुर खीरी रेफर कर दिया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

## केन मैनेजर ने बसंत कालीन गन्ना बुआई की कराई शुरुआत



**धौरहरा खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बसंत कालीन बुआई बृहस्पतिवार तहसील क्षेत्र के गांव अकठी के प्रगतिशील किसान पैकरमा प्रसाद के प्लॉट पर जुआरी ग्रुप की गोविंद शुगर मिल ऐरा के तरफ से गन्ना प्रदर्शन प्लॉट की बुवाई बैद्धिक मंत्रोच्चार के बाद 0118 प्रजाति के गन्ने की बुवाई कराई गई जिसकी लाइन से लाइन की दूरी 4 फिट तथा 2 आंख के टुकड़े को उपचारित कर बुवाई किया गया इस अवसार पर चीनी मिल के रीजनल हेड यादवेन्द्र प्रताप राव ने किसानों को गन्ना बुवाई में बहुत बड़ी सावधानी रहने की बात कही गई श्री राव द्वारा बताया गया कि कुछ लोग गन्ना बीज की प्रजाति बदल कर दूसरा गन्ना बीज किसानों को दिया जा रहा है इस पर श्री राव ने साफ शब्दों में किसान भाइयों से प्रार्थना किया गया कि कोई भी गन्ना बीज बिना गन्ना विकास परिषद के अधिकारी या चीनी मिल के क्षेत्रीय अधिकारी के संज्ञान में डाल कर ही गन्ना बीज दूसरे क्षेत्रों से लाए गोविंद शुगर मिल इस बार बसन्त कालीन गन्ना बुवाई में दवा एवम् यंत्रों पर किसान हित में सब्सिडी दिया जा रहा है इस अवसार पर चीनी मिल के अधिकारी सतेन्द्र तोमर,बृजेश अवस्थी,अनुज सिंह ,पप्पू कश्यप किसान विनोद कुमार , जगनमोहन, रामछल सहित कई किसान उपस्थित रहे। गोविंद शुगर मिल ऐरा का 180 लाख कुंटल पेराई का लक्ष्य निर्धारित : फौजियाएडवाइजर गोविंद शुगर मिल ऐरा फौजिया तरन्नुम के मुताबिक चीनी मिल का गन्ना आपूर्ति सत्र 2025 – 2026 का लक्ष्य 180 लाख क्विंटल पेराई करने का निर्धारित किया गया था जिसमे दिनांक 4 फरवरी तक 103 लाख कुँलत गन्ने की खरीद किया जा चुका है।

# विकास भवन में सीडीओ का औचक निरीक्षण तीन अधिकारी व 24 कर्मचारी अनुपस्थित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। गुरुवार सुबह विकास भवन में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिषेक कुमार ने बिना पूर्व सूचना के औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य कार्यालयों में समयपालन, अनुशासन और कार्यप्रणाली की वास्तविक स्थिति को परखना था।

इस दौरान 03 अधिकारी और 24 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिससे प्रशासनिक महकमे में खलबली मच गई।सीडीओ ने अनुपस्थित पाए गए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए एक दिन का वेतन काटने/रोकने के निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकारी कार्यालयों में अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी।निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की उपस्थिति और समयपालन की जिम्मेदारी सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने यह भी आदेश दिया कि सभी अधिकारी प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अनिवार्य रूप से जनसुनवाई में उपस्थित रहें। परिसर में गंदगी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी के साथ-साथ कार्यालय अधीक्षक की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी।सीडीओ अभिषेक कुमार ने कार्यालय व्यवस्था को लेकर भी कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों के लिए समान टेबल/केबिन व्यवस्था, स्पष्ट नाम पट्टिका, तथा अभिलेखों को अद्यतन कर अलमारी या रैक में व्यवस्थित रूप से रखने की व्यवस्था अनिवार्य की जाए। कार्यालय की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए।सीडीओ ने कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि विकास भवन में कार्यरत सभी कार्मिकों के लिए अब बायोमेट्रिक उपस्थिति पूरी तरह अनिवार्य होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो कर्मचारी अवकाश पर हों, उनका अवकाश प्रार्थना पत्र मानव सम्पदा पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाए तथा उपस्थिति पंजिका में प्रातः 10 बजे तक अवकाश का अंकन किया जाए। निरीक्षण के समय यदि किसी कर्मचारी का हस्ताक्षर कॉलम रिक्त पाया गया या अवकाश दर्ज नहीं मिला, तो उसे अनुपस्थित मानते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए संबंधित स्थापना लिपिक की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की अनुपस्थिति पाई गई, उनमें समाज कल्याण अधिकारी वन्दना सिंह शामिल रहीं। उनके कार्यालय के वरिष्ठ सहायक सैय्यद साद, पर्यवेक्षक सचिन, महेन्द्र कुमार, अंशुमान सिंह, विकास गुप्ता और पत्रवाहक नरेन्द्र कुमार भी अनुपस्थित मिले।इसके अलावा डीएसटीओ कार्यालय से अपर सांख्यिकी अधिकारी नीति शर्मा और अरविन्द, सहायक अभियंता ल. सिं. कार्यालय से वरिष्ठ सहायक रोहित सक्सेना और कनिष्ठ सहायक अजय कुमार राज, एआरसीएस कार्यालय से एआर कोऑपरेटिव रजनीश प्रताप सिंह व सहयोगी साधना सिंह, पशुपालन विभाग से कनिष्ठ सहायक रवि कुमार व पत्रवाहक कृष्ण कुमार, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग कार्यालय से वरिष्ठ सहायक समीर शरण सिंह अनुपस्थित पाए गए।इसी क्रम में डीपीआरओ कार्यालय से कनिष्ठ सहायक बीएल राना, पत्रवाहक बब्लू, सफाई कर्मी सुभाष सिंह, अखिलेश कुमार, छोटे लाल, विपिन कुमार, तथा उपायुक्त श्रम एवं रोजगार कार्यालय से एपीओ नीतू और कंप्यूटर ऑपरेटर मनोज कुमार भी ड्यूटी से नदारद मिले।सीडीओ अभिषेक कुमार ने अंत में स्पष्ट संदेश दिया कि अब किसी प्रकार की ढिलाई नहीं चलेगी। समयपालन, अनुशासन और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी, और लापरवाही करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तय है। औचक निरीक्षण के बाद विकास भवन में प्रशासनिक सख्ती का स्पष्ट संदेश गया है।

## श्री रामलीला धनुष यज्ञ एवं रामलीला महोत्सव का शुभारंभ

**मछरेहटा, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और लोकपरंपरा के संगम का प्रतीक श्री रामलीला धनुष यज्ञ एवं रामलीला महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को दीप प्रज्ज्वलन के साथ भव्य रूप से किया गया। यह महोत्सव 4 फरवरी से 8 फरवरी तक श्री मंगलेश्वर बाबा मंदिर प्रांगण (सडिला), विकास खंड मछरेहटा, जनपद सीतापुर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ आयोजित किया जा रहा है।महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि महेंद्र पांडेय ( प्रान्त सह संयोजक बजरंग दल ), आयोजन समिति के पदाधिकारियों व अनेक भक्तों द्वारा विधिवत दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चातकलाकारों के प्रभावशाली अभिनय, आकर्षक वेशभूषा और भावपूर्ण संवादों ने दर्शकों को भाव–विभोर कर दिया। आयोजन समिति ने बताया कि महोत्सव के प्रत्येक दिन रामलीला व कृष्ण लीला के प्रमुख प्रसंगों का मंचन किया जाएगा, साथ ही भजन–कीर्तन, धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

# शिक्षा, कृषि और उद्योग के लिए ऐतिहासिक बजट : गुलाब देवी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूँ। भाजपा कार्यालय पर केंद्रीय बजट 2026-27 के संबंध में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माध्यमिक शिक्षा एवं जनपद प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने संबोधित किया। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने कहा वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला दूरदर्शी, संतुलित और सुधारोन्मुख बजट है। यह बजट केवल घोषणाओं का नहीं, बल्कि ठोस निर्णयों, स्पष्ट कार्ययोजना और जनकल्याण को केंद्र में रखने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि बजट में देश की उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने, आम नागरिक को विकास का भागीदार बनाने तथा सबका साथ-सबका विकास के माध्यम से हर वर्ग और हर क्षेत्र तक अवसर पहुँचाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने बताया कि बजट में राजकोषीय अनुशासन बनाए रखते हुए विकास को गति दी गई है। वित्त वर्ष 2026-27 में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 4.3 प्रतिशत रखा गया है। 12.2 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय से सड़क, रेल, परिवहन, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी ढांचों का विस्तार होगा, जिससे आर्थिक मजबूती के साथ बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 में किसान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को विशेष प्राथमिकता दी गई है। कृषि क्षेत्र में भारत-विस्तार कृत्रिम बुद्धिमत्ता मंच के माध्यम से किसानों को फसल, मौसम और बाजार से जुड़ी सटीक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे खेती की लागत कम होगी औरउत्पादकता बढ़ेगी। फसल विविधीकरण, मत्स्य पालन, ग्रामीण उद्यमिता और कृषि से जुड़े नए अवसर किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होंगे। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से सस्ती और सुलभ ऋण सुविधा को और मजबूत किया गया है, जिससे किसानों को समय पर वित्तीय सहायता मिल सकेगी और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे।उन्होंने बताया कि बजट में महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास की धुरी के रूप में देखा गया है। स्वयं सहायता समूहों को उद्यमिता से जोड़ने, प्रत्येक जनपद में बालिका छात्रावास की व्यवस्था तथा शिक्षा और कौशल विकास से जुड़े प्रावधान महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए देशभर में पंद्रह हजार विद्यालयों और पाँच सौ महाविद्यालयों में एनीमेशन, गेमिंग और वीएफएक्स जैसी आधुनिक तकनीक आधारित प्रयोग शालाएं स्थापित की जाएंगी। इससे युवा भविष्य की तकनीकी नौकरियों के लिए तैयार होंगे और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के लिए 10,000 करोड़ रुपये का एमएसएमई विकास कोष बनाया गया है, जिससे कुटीर उद्योग, हस्तशिल्प, हथकरघा, चमड़ा और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों को मजबूती मिलेगी। इसके साथ ही देशभर में 200 पुराने औद्योगिक क्लस्टरों के आधुनिकीकरण से परंपरागत उद्योगों को नई तकनीक और वैश्विक बाजारों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।उन्होंने कहा कि बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र को भी प्राथमिकता दी गई है। कैंसर और गंभीर बीमारियों में उपयोग होने वाली 36 जीवन रक्षक दवाओं पर सीमा शुल्क में छूट से आम जनता के इलाज का खर्च कम होगा। इसके साथ ही बायोफार्मा शक्ति योजना से फार्मा और मेडिकल डिवाइस निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 10,000 टूर गाइड को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे काशी, अयोध्या, मथुरा और प्रयागराज जैसे पर्यटन स्थलों पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 उत्तर प्रदेश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, रेलवे आधुनिकीकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग, मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स और फ्रेट कॉरिडोर से प्रदेश को लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित किया जाएगा।गंगा नदी पर राष्ट्रीय जलमार्ग के अंतर्गत वाराणसी में इनलैंड वॉटरवे शिप रिपेयर इकोसिस्टम की स्थापना से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। पूर्वांचल और बुंदेलखंड जैसे पिछड़े क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में यह बजट निर्णायक भूमिका निभाएगा। साथ ही शहरों को आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित करने से उत्तर प्रदेश निवेश और स्टार्टअप का प्रमुख केंद्र बनेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने उपस्थित समस्त पत्रकार बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 जनकल्याण, विकास और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त और ऐतिहासिक कदम है। इस अवसर पर सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष शारदेन्दु पाठक, जिला महामंत्री एमपी सिंह राजपूत, अनुभव उपाध्याय उपस्थित रहे।

## 01 करोड़ 64 लाख 50 हजार रुपये का गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत थाना लार पुलिस एवं एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) गोरखपुर की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। संयुक्त टीम ने एक कंटेनर से भारी मात्रा में गांजा बरामद करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। बरामद किए गए गांजे का वजन 328.73 किलोग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ 64 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक देवरिया संजीव सुमन के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में की गई। गुरुवार को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर बजाज ऑटो चोरडीहा, लार के पास चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध कंटेनर संख्या ब्र्र्र38ड्ड5407 को रोका गया। तलाशी लेने पर कंटेनर में लदी मक्का की बोरियों के अंदर पैकेटों में छिपाकर रखा गया कुल 328.73 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। मौके से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

## पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला, गोली लगने से गंभीर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। बुधवार की शाम कोतवाली बिसौली थाना क्षेत्र के ग्राम मई में पुरानी रंजिश के चलते युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। फसल की रखवाली करने खेत पर गए युवक को आरोपियों ने घेरकर फायरिंग कर दी, जिसमें एक गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मई निवासी देवेंद्र पुत्र मुन्नालाल की आरोपियों से पहले से रंजिश चल रही थी। आरोप है कि रामेश्वर पुत्र चेतराम, अमरपाल, मुनीश, सत्यवीर, श्रीकृष्ण पुत्रगण रामेश्वर, विनोद पुत्र भवानी, ज्ञानेश पुत्र प्रेमपाल ने देवेंद्र को खेत पर घेर लिया, और उस पर फायरिंग कर दी। गोली लगते ही देवेंद्र मौके पर गिर पड़ा और शोर मच गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे भीमसेन पुत्र रामप्रसाद, दिलीप पुत्र भगवान दास मौके पर पहुंचे। इन लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजन घायल युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार जारी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही है तथा पूरे मामले में वैधानिक कार्रवाई की बात कही जा रही है।

## अमेठी में बीएलओ से अभद्रता पर सपा नेताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और सांसद किशोरी लाल शर्मा के ट्वीट करते ही सियासत गर्म हुई**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। विधानसभा क्षेत्र अमेठी के ठेंगहा के बूथ संख्या दो सौ नौ की महिला बीएलओ सुभद्रा मौर्य और उनके पति के साथ भाजपा नेताओं द्वारा अभद्रता और मारपीट का मामला गरमा गया है।इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव और अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने भाजपा जिलाध्यक्ष पर गम्भीर आरोप लगाते हुये सख्त कार्यवाही करने की मांग की है वहीं गुरुवार को सपा के जिलाध्यक्ष की अगुवाई में सपा नेताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। इस मामले पर जनपद का कोई भी अधिकारी अपनी जुबान नही खोल पा रहा है।बताते चलें कि ठेंगहा के बूथ संख्या दो सौ नौ की बीएलओ सुभद्रा मौर्या से अभद्रता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने और अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने इस मामले को ट्वीट कर दिया तो गुलाबी सर्दी में भी सियासी पारा गरम हो गया।इस मामले में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला का नाम फर्जी तरीके से घसीटने का आरोप लगाते हुये विरोध जताया है।बीएलओ बनाम भाजपा जिलाध्यक्ष के मामले को लेकर अमेठी में जुबानी जंग तेज हो गई है।गुरुवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राम उदित यादव की अगुवाई में सपा नेताओं ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है। सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा जनपद अमेठी के प्रत्येक बीएलओ पर जबरन पीडीए समाज का वोट कटवाने व भाजपा समर्थकों का वोट बढ़वाने का दबाव डाला जा रहा है उनके मन मुताबिक काम न करने पर बीएलओ को अपमानित किया जा रहा है इस मामले को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपकर मामले को संज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही करने की मांग की गई है। गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि बीएलओ का पति राकेश मौर्या कांग्रेस पार्टी का पदाधिकारी है जो कि अपनी पत्नी के कार्यों में हस्तक्षेप करते रहते हैं।

## दुकानदारों में अतिक्रमण विवाद

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। उझानी के स्टेशन रोड पर दुकानों के बाहर अतिक्रमण को लेकर विवाद बढ़ गया है। दुकानदार संतोष मेंदीरत्ता ने नगर पालिका ईओ को शिकायती पत्र देकर पड़ोसी दुकानदारों पर फुटपाथ और नाले तक घेरने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अतिक्रमण से उनकी दुकान ढक गई है, जिससे ग्राहक कम आ रहे हैं और सड़क पर जाम की समस्या भी बढ़ रही है। ईओ से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की मांग की गई है।

## व्यापारी की दुकान में चोरों ने किया हाँथ साफ

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। उझानी के गऊशाला रोड स्थित शनिदेव मंदिर के पास रूद्र ज्वेलर्स एंड क्लाथ स्टोर में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर झीने का कुंडा हटाकर दुकान में घुसे और सीसीटीवी की डीवीआर समेत करीब 50 हजार रुपये का सामान ले गए। सुबह दुकान खोलने पर मालिक किशोर वर्मा को घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पुलिस ने मौके का मुआयना किया, पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## आंख का ऑपरेशन कराने आए बुजुर्ग की मौत, परिजनों ने लगाया गलत इंजेक्शन देने का आरोप

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। वजीरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा बजीरगंज के एक अस्पताल में आंख का ऑपरेशन कराने आए एक बुजुर्ग मरीज की अस्पताल में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने डॉक्टरों पर गलत इंजेक्शन देने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं अस्पताल प्रशासन ने आरोपों से इनकार करते हुए जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होने की बात कही है।

## गोपीचौक ओवर हेड टैंक की जलापूर्ति आज रहेगी बाधित

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका के जलकल विभाग द्वारा नागरिकों को सूचित किया है कि कबूलपुरा, घंटाघर, गोपी चौक, अल्फा खां सराय, पक्का बाग, चौधरी सराय और लालपुल आदि क्षेत्र में स्थित ओवरहेड टैंक की पेयजलापूर्ति बाधित रहेगी। जलकल अभियन्ता जल नितिन सक्सेना ने बताया कि भूसा मंडी स्थित नये नलकूप की पाइप लाइन को ओवरहेड टैंक से जोड़ने का यह कार्य शुक्रवार को कराया जाएगा। इस आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते सायंकाल और सुबह के समय क्षेत्र की जलापूर्ति प्रभावित रहने की संभावना है। नगर पालिका ने क्षेत्र में रहने वाले उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए आवश्यक एहतियात बरतें। विभाग ने अनुरोध किया है कि जलापूर्ति प्रभावित होने को ध्यान में रखते हुए उसी दिन प्रातःकाल प्राप्त होने वाली जलापूर्ति से अपनी आवश्यकता के अनुसार पेयजल का भंडारण कर लें। इससे शाम के समय किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## मीरजापुर में 22 फ़रवरी को लगेगा मेगा विधिक सहायता शिविर, सरकारी योजनाओं की मिलेंगी जानकारी

एजेंसी

मीरजापुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देश तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के कार्यपालक अध्यक्ष/वरिष्ठ न्यायमूर्ति के अनुमोदन के उपरांत आम जनता के विधिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से 22 फरवरी को मीरजापुर में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव ने यह जानकारी गुरुवार को दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभागों की ओर से संचालित उन जनकल्याणकारी योजनाओं को इस शिविर से जोड़ा जाएगा, जो निर्बल वर्ग, दिव्यांगजन, बच्चे, महिलाएं, निर्धन वर्ग, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के हित में संचालित हैं। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की अपेक्षा है कि ऐसे सभी विभाग अपनी लक्षित योजनाओं को चिन्हित कर मेगा शिविर का हिस्सा बनाएं, ताकि पात्र लाभार्थियों को सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के संचालन व कार्ययोजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रदर्शन किया जाएगा और व्यापक स्तर पर उनका प्रचार-प्रसार भी होगा, जिससे अधिक से अधिक लोग योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकें। यह मेगा शिविर राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जनपद के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे शिविर में पहुंचकर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लें और पात्र होने पर उनका लाभ उठाएं।

## न्यायमूर्ति का जनपद सम्भल में आगमन एवं निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। प्रशासनिक न्यायमूर्ति, सम्भल श्री अरुण कुमार सिंह देशवाल व जनपद सम्भल के जनपद न्यायाधीश डा0 विदुषी सिंह द्वारा दिनांक 05.02.2026 को सर्वप्रथम बाह्य न्यायालय सम्भल का निरीक्षण किया गया, जहां सर्वप्रथम माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति द्वारा कम्प्यूटरीकृत कॉपिंग सेन्टर का उत्तर प्रदेश में पहली बार उद्घाटन किया गया। माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति का यह सराहनीय प्रयास न्यायिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी व द्रुत गति प्रदान करने में ऐतिहासिक कदम साबित होगा। उसके पश्चात प्रशासनिक न्यायमूर्ति द्वारा सम्भल में प्री-फैबरिकेटिड बाह्य न्यायलय व ऑफिस का उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति द्वारा बहजोई में अधिगृहित नवीन भूमि जिसमें जनपद न्यायालय का नवीन मुख्यालय बनना प्रस्तावित है का निरीक्षण कर तीव्र गति से निर्माण करने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये। उसके पश्चात माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति द्वारा उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग सम्भल का निरीक्षण किया गया व उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, सम्भल के लिये नवीन भूमि का भी निरीक्षण किया गया व विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये। प्रशासनिक न्यायमूर्ति का यह निरीक्षण न्यायिक कार्य प्रणाली की नवीन अधोसंरचनां के तीव्र गति व लम्बित मामलों के निस्तारण में तेजी लाने के लिये आवश्यक कदम साबित होगा।

## ग्राम गौरामई में खुला, अब गांववासियों को शहर की नहीं पड़ेगी जरूरत

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। कादरचौक विकासखंड के ग्राम पंचायत गौरामई में अब 24७ कैश निकासी की सुविधा उपलब्ध हो गई है। सदाकत खान द्वारा लगवाई गई एटीएम मशीन से ग्रामीणों को शहर जाने की मजूरी नहीं उठानी पड़ेगी। बुधवार को ग्राम प्रधान हसरत खान और फाइंडी बैंक के एएसएम सुमित कुमार ने रिबन काटकर इसका उद्घाटन किया। यह एटीएम ग्राम एवं पोस्ट गौरामई, ब्लॉक कादरचौक, बदायूं में स्थापित की गई है। इससे ग्रामीण स्तर पर बैंकिंग सेवाएं सुलभ हो जाएंगी।इस अवसर पर ग्राम प्रधान हसरत खान, सुमित कुमार, सदाकत खान, आसिफ खान, एजे खान तथा समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे दैनिक जीवन आसान हो जाएगा।

## अटल आवासीय विद्यालय पीपली में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 15 फरवरी 2026 तक

संभल कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील बिलारी में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए शैक्षिक सत्र 2026–27 के लिए कक्षा 6 में कुल 160 सीट तथा कक्षा 9 में कुल 66 सीटों पर पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी थी जिसे बढ़ाकर 15 फरवरी कर दिया गया है। सहायक श्रमायुक्त अजीत कुमार ने बताया कि नवीन संशोधित कार्यक्रम के अनुसार ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी, आवेदन पत्र के सत्यापन का कार्य 25 फरवरी, प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि 26 से 28 फरवरी, प्रवेश परीक्षा की तिथि 8 मार्च और परीक्षा परिणाम 18 मार्च 2026 को घोषित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि काउंसलिंग एवं ऑनबोर्डिंग 20 मार्च से 29 मार्च के मध्य संपादित होगी और इस प्रकार नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ 1 अप्रैल 2026 से किया जाएगा।

## कलयुग का दुष्प्रभाव गुणवान व्यक्ति में भी अवगुण पैदा कर देता है : डॉ नरेन्द्र पाण्डेय जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**समरौता में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब**

तिलोई अमेठी। विकास क्षेत्र तिलोई के कस्बा सेमरौता में चल रही श्रीमद भागवत कथा में मध्य प्रदेश के अमर कंटक से पधारे कथा व्यास डॉ नरेंद्र पाण्डेय जी महाराज ने राजा परीक्षित की कथा सुनाई।उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित हस्तिनापुर के राजा थे एक दिन उन्हें पता चला कि कलयुग उनके राज्य में प्रवेश कर रहा है इस पर परीक्षित ने कलयुग को राज्य से बाहर निकल जाने का निर्देश दिया। कथा व्यास डॉ नरेंद्र पाण्डेय जी महाराज ने कहा कि बहुत निवेदन पर राजा ने उसे जुआं, स्त्री,मद्य, हिंसा और सोना इन पांच स्थानों पर रहने की आज्ञा दे दी। कथा व्यास आचार्य गंगा प्रसाद शास्त्री जी ने कहा कि सोने पर कलयुग के प्रभाव के चलते कलयुग राज मुकुट के जरिये राजा के सिर पर सवार हो गया कलयुग के प्रभाव से धर्म को मानने वाले राजा ने अधर्म का काम कर दिया शिकार के समय मुनि समीक मुनि ने राजा के प्रश्न का उत्तर नही दिया जिसके चलते राजा ने मरे हुए सांप को मुनि के गले में डाल दिया।स्वामी जी ने कहा कि पिता के गले में मरे हुये सर्प को देखकर पुत्र श्रृंगी ऋषि ने राजा परीक्षित को श्राप दे दिया।ऋषि ने श्राप में कहा कि आज के सातवें दिन तक्षक नाग के काटने से मौत हो जायेगी।राजा को अपनी भूल और श्राप दोनों की जानकारी हुई तो उन्होंने अपने पुत्र जन्मेजय को राजपाठ सौंप कर अपने अंत का इंतजार करने लगे।राजा ने बचने के काफी उपाय अपनाये लेकिन श्राप निष्फल नही हुआ और तक्षक ने राजा को डसकर मौत के घाट उतार दिया।कालांतर में राजा परीक्षित के पुत्र जन्मेजय ने नाग यज्ञ कर नाग वंश को खत्म करने का प्रयास किया लेकिन ईश्वरीय प्रेरणा से उनका क्रोध शांत हुआ और नागवंश बच सका।कार्यक्रम के यजमान सुरेश कुमार अग्निहोत्री ने पूरे विधि विधान से व्यास पीठ का पूजन किया।इस मौके पर पूर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी माता प्रसाद अवस्थी, रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी, गोपी बाजपेई, शिव सागर तिवारी, राकेश चंद्र मिश्रा,राम सुफल जायसवाल, देवी शंकर मिश्रा, संजय अवस्थी सहित अन्य तमाम श्रोतागण मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने किसानों से किया संवाद, लेखपालों को फार्मर रजिस्ट्री अभियान में तेजी लाने का निर्देश

औरैया। शासन की मंशानुरूप किसानों को सरकारी योजनाओं, सब्सिडी एवं विभिन्न लाभ एकीकृत रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद में फार्मर रजिस्ट्री अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने ग्राम पंचायत बरवापुर, साहसपुर, राजपुर, ऐरवा टिकटा के मजरा लालपुर, ग्राम पंचायत सचिवालय ऐरवा टिकटा एवं ग्राम पंचायत कुदरकोट का भ्रमण कर अभियान की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने लेखपालों को निर्देश दिए कि जिन किसानों के आधार कार्ड व खतौनी विवरण में त्रुटि है, उनकी अलग-अलग सूची बनाकर शीघ्र संशोधन कराते हुए पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अपात्र किसानों की पहचान कर सत्यापन पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। किसानों से संवाद करते हुए उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री से फसली ऋण, फसल बीमा, आपदा राहत, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बिक्री तथा पीएम किसान योजना का लाभ आसानी से मिलेगा। पंजीकरण के लिए आधार कार्ड, खतौनी व आधार से लिंक मोबाइल नंबर अनिवार्य बताया गया।

## भाकपा माले ने 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का किया आह्वान, चलेगा जनसंपर्क अभियान

मीरजापुर। जमालपुर क्षेत्र के डोहरी गांव में गुरुवार को भाकपा माले कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्र सरकार की किसान एवं मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 12 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि हड़ताल के समर्थन में छह फरवरी से मनउर गांव से जनसंपर्क व प्रचार अभियान की शुरुआत की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोगों को आंदोलन से जोड़ा जा सके। इसके साथ ही प्रदेश सरकार के कथित बुलडोजर राज के विरोध में 23 फरवरी को लखनऊ में होने वाले प्रदर्शन को भी सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई।

बैठक के मुख्य वक्ता भाकपा माले के राज्य सचिव कॉमरेड सुधाकर यादव ने कहा कि योगी सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है और पीड़ितों की आवाज दबाने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीबों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने पर जीरा भारती पर फर्जी मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि दमनकारी नीतियों के खिलाफ भाकपा माले का संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

बैठक में रामकृत बियार, सोमरू पटेल, प्रभु, राधे प्रसाद, राधिका देवी, लक्ष्मी देवी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे और आंदोलन को मजबूती देने का संकल्प लिया।

# पीली ईंटों से झिलाही रेलवे स्टेशन पर हो रहा निर्माण कार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । झिलाही रेलवे स्टेशन पर मानक को ताक पर रखकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है।बन रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म निर्माण में ठेके दार की मनमानी जारी है।झिलाही रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म निर्माण कार्य में अनियमितताओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पहले पीली ईंटों के इस्तेमाल को लेकर सवाल उठे थे, अब भूमिसंरक्षण अधिनियम की खुलेआम अन देखी करते हुए ठेकेदार द्वारा अवैध मिट्टी खनन कराया जा रहा है।जानकारी के अनुसार स्टेशन से महज करीब तीन सौ मीटर की दूरी पर लग भग पंद्रह फीट गहरे गड्ढे खोदकर बड़े पैमाने पर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है।है रानी की बात यह है कि यह सब कार्य खुलेआ म दिनदहाड़े चल रहा है,लेकिन संबंधित विभाग कुम्भकर्णी की नीद में सोया हुआ है स्थानीय ग्रा मीणों का कहना है कि अवैध खनन से आसपा स के खेतों और रास्तों को भारी नुकसान हो रहा है।बारिश के



मौसम में इन गड्ढों से किसी ब ड़े हादसे की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।जब इस संबंध में संबंधित ठेकेदार से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।वहीं, जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी भी कई सवाल खड़े कर रही है अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस अवैध खनन पर कार्रवाई करेगा..? या फिर ठेकेदार की मनमानी यूं ही चलती रहेगी..? वही

स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और रेलवे के अधिकारियों से मामले की उच्चस्तरीय जांच क र दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# बीएसए ऑफिस में अधिकारी न कर्मचारी एडी

**बेसिक के निरीक्षणमें पूरा ऑफिस मिला खाली**

**एडी बेसिक ने पूरे बीएसए ऑफिस की कराई वीडियोग्राफी 14 कर्मचारी नदारत**

**डीएम प्रियंका निरंजन के निर्देश पर छापेमारी अभियान लापरवाह अफसरों की डीएम तैयार करवा रही कुंडली**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । देवीपाटन मंडल के एडी बेसिक रामसागर पति त्रिपाठी ने बृहस्पतिवार की सुबह सवा दस बजे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय का औचक निरीक्षण किया है निरीक्ष ण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अ मित कुमार सिंह सहित कुल चौदह कर्मचारी अ नुपस्थित पाए गए है।एडी बेसिक ने अनुपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्र वाई के निर्देश दिए हैं।यह निरीक्षण जिलाधिका री प्रियंका निरंजन के निर्देश पर चलाए जा रहे औचक निरीक्षण अभियान



का हिस्सा था।अनु पस्थित कर्मचारियों में अवधेश कुमार शुक्ल, प्र वीण सिंह, राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, सुधीर कुमार सिंह,जन्मेजय सिंह, रामबरन मौर्य और रामदेव शामिल हैं।इनके अतिरिक्त जगदीश शरण,शफा त उल्लाह खान,सूर्य प्रकाश,हरीश चंद और रवि वर्मा भी कार्यालय में मौजूद नहीं थे। इन सभी कर्मचारियों को बृहस्पतिवार की सुबह दस बजे तक कार्यालय पहुंचना अनिवार्य होता है,लेकिन निरीक्षण के समय वे अनुपस्थित मिले। उनकी अनुपस्थिति के कारण कार्यालय आने वाले लो गों को काफी कठिनाइयों का सामना करना प ड़ा।एडी बेसिक रामसागर पति त्रिपाठी ने बता या कि अनुपस्थित कर्मचारियों के खिलाफ कार्र वाई की जा रही है।उन्होंने यह भी जानकारी दी कि कार्यालय से संबंधित कुछ भ्रष्टाचार की शि कायतें भी मिली हैं,जिनकी जांच कराई जाएगी।

राम सागर पति त्रिपाठी ने जोर देकर कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को समय पर स्कूल व कार्याल य पहुंचना चाहिए और ईमानदारी से अपने कर्त व्यों का निर्वहन करना चाहिए।उन्होंने चेतावनी दी कि जिले के सभी कार्यालयों का लगातार इसी तरह निरीक्षण किया जाएगा और जो भी अधिकारी या कर्मचारी अनुपस्थित पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गौतम बुद्ध नगर में छह जल पुलिस चौकियों की स्थापना की योजना

एजेंसी

नोएडा । पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर द्वारा जल सुरक्षा/जन सुरक्षा के उदेश्य से छह जल पुलिस चौकियों की स्थापना की योजना तैयार की गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इसका उद्देश्य धार्मिक स्थलों, घाटों एवं जल पर्यटन स्थलों पर आने वाले नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा, बचाव एवं राहत कार्यो को सुदृढ़ करना है।

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने गुरुवार को बताया कि अवैध गतिविधियों की रोकथाम, बाढ़ संभाव्यता एवं छठ पूजा आदि धार्मिक आयोजनों पर सुरक्षा व्यवस्था तथा त्वरित बचाव हेतु कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में छह जल पुलिस चौकियां स्थापित किया जाना प्रस्तावित किया गया है।

उन्होंने बताया जिसके तहत नोएडा जोन में थाना सेक्टर-126 के ओखला बैराज की पूर्व दिशा में कालिंदी कुंज यमुना पुल के नीचे। सेंट्रल नोएडा जोन मे थाना इकोटेक-3 - हिण्डन नदी के किनारे, कुलेसरा ग्रेटर नोएडा जोन मे थाना नॉलेज पार्क - ग्राम कामबक्शपुर यमुना तटीय क्षेत्र। थाना दादरी के कोट नहर,थाना दनकौर क्षेत्र के खेरली नहर पुलिया थाना रबूपुरा क्षेत्र के ग्राम चंडीगढ़ यमुना नहर में स्थापित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में धार्मिक आयोजन जैसे कि श्रावण मास की कांवड़ यात्रा, छठ पूजा, दुर्गा पूजा एवं अन्य पर्वों के दौरान घाटों पर भारी भीड़ एकत्रित होती है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। इन्हीं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जल पुलिस चौकियों की स्थापना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इन चौकियों का मुख्य कार्य घाटों पर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना। भीड़ प्रबंधन, बैरीकेडिंग एवं बचाव कार्य नौकाओं पर निर्धारित क्षमता के अनुसार संचालन स्थानीय नाविकों, गोताखोरों एवं आपदा मित्रों से समन्वय होगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जल पुलिस चौकी आधुनिक उपकरणों से लैस होगी, जिनमें प्रशिक्षित जनशक्ति, रबरयुक्त बचाव नौकाएं, प्रशिक्षित नाव चालक, स्थानीय गोताखोर एवं आपदा मित्र उपलब्ध रहेंगे। प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहयोग राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा प्रदान किया जाएगा। इसका उद्देश्य जल पुलिस चौकी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की कमी के कारण उत्पन्न होने वाली आकस्मिक घटनाओं पर त्वरित बचाव कार्य करना तथा घाटों, नहरों और जल पर्यटन स्थलों पर श्रद्धालुओं और नागरिकों की सुरक्षा, बचाव और राहत कार्यों को प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करना है। प्रत्येक जल पुलिस चौकी में चौकी प्रभारी और मुख्य आरक्षी/आरक्षी के अतिरिक्त, 02 रबरयुक्त बचाव नौकाओं के संचालन हेतु 2 बोट चालक, 2 सहायक बोट चालक तथा प्रत्येक बोट के लिए 4-8 स्थानीय गोताखोर (प्राइवेट) और आपदा मित्र उपलब्ध रहेंगे। पुलिस चौकी के कार्य क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुसार जनशक्ति में वृद्धि भी की जा सकती है।

# राज्यपाल के हाथों सम्मानित होंगे जनपद के कृषक संजीव कुमार गौड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । राज भवन प्रांगण लखनऊ में 06 से 08 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाली प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के दौरान 06 फरवरी 2026 को मा. राज्यपाल महोदया श्रीमती आनंदीबेन मफतभाई पटेल बागवानी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के 10 चयनित कृषकों को सम्मानित करेंगी। उत्कृष्ट कार्य के लिए चयनित प्रदेश के 10 कृषकों में देवीपाटन से चयनित जनपद बहराइच के कृषक संजीव कुमार गौड़ को भी सम्मानित किया जायेगा। विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत ग्राम मझौवा बुज़ुर्ग निवासी संजीव कुमार गौड़ द्वारा लगभग 30 एकड़ क्षेत्रफल में औद्यानिक फसलों की खेती की जाती है, इसमें इनके द्वारा 25.00 एकड़ क्षेत्रफल में पपीता की खेती की जा रही है।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में आकांक्षी जनपद बहराइच में उप



निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा व लि उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी द्वारा सब्जी व फल की जहर मुक्त खेती एवं फसल की सुरक्षा के लिए एकीकृत जीवनाशी प्रबन्धन तकनीक (आईपीएम) के प्रयोग के लिए संयुक्त रूप से संचालित किये जा रहे जागरूकता अभियान से प्रभावित होकर उच्च शिक्षित कृषक संजीव कुमार गौड़ द्वारा फसल की सुरक्षा के लिए कीटनाशक के स्थान पर एकीकृत जीवनाशी प्रबन्धन तकनीक (आईपीएम) का प्रयोग करते हुए विषमुक्त उत्पादन किया जा रहा है। श्री गौड़ द्वारा फसल की सुरक्षा के लिए एकीकृत जीवनाशी प्रबन्धन तकनीक अन्तर्गत स्टीकी ट्रैप, सोलर लाइट ट्रैप एवं ल्योर का प्रयोग किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राजभवन प्रांगण, लखनऊ में 06 से 08 फरवरी, 2026 तक आयोजित होने वाली प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में जिला उद्यान अधिकारी के नेतृत्व में वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक पंकज वर्मा एवं जनपद के प्रगतिशील कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। राज्पाल महोदया के हाथों सम्मानित होने के लिए मण्डल से चयनित होने वाले जनपद के कृषक संजीव कुमार गौड़ को डीएम ने बधाई देते हुए कहा कि कृषि प्रधान जनपद बहराइच के दूसरे कृषक भी श्री गौड़ से प्रेरित होकर जहर मुक्त औद्यानिक खेती को अपनायेंगे।

## आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र मिलने पर 137 लाभार्थियों के चेहरे खिले

फिरोजाबाद। मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जनपद में विकासखंड अरांव में गुरुवार को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विकास की मुख्य धारा से वंचित 137 पात्र लाभार्थियों को उनके स्वयं के पक्के आवास के स्वीकृति प्रमाण पत्र सौंपे गए। प्रशासन की ओर से दी गई इस सौगात ने लाभार्थियों के जीवन में खुशियों का संचार कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सुमित प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह तथा ब्लॉक प्रमुख कमलेश राजपूत रहे। उन्होंने संयुक्त रूप से सुषमा देवी, मीना, रनवीर सिंह, नीतू, सालमती आदि लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए और उन्हें नए घर की बधाई दी। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, सर पर पक्की छत होने से न केवल परिवार सुरक्षा महसूस करेगा, बल्कि समाज में उनका सम्मान भी बढ़ेगा।

# नानपारा में अवैध कब्ज़ों के विरुद्ध जारी है ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । नानपारा तहसील क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रामनगर गुलरिया, हरिहरपुर पुरैना व जलालपुर स्थित गाटा संख्या 551 रकबा 0.006 हेक्टेयर एवं गाटा संख्या 470 रकबा 0.10 हेक्टेयर जोकि राजस्व अभिलेखों में नवीन परती के नाम दर्ज है तथा गाटा संख्या 122 रकवा 0.099 हेक्टेयर खलिहान व गाटा संख्या 766 रकवा 0.034 हेक्टेयर पर ग्राम के ही कुल 06 व्यक्तियों के द्वारा लंबे समय से सरकारी भूमि पर अस्थाई टीन शेड व झोपड़ी डालकर किये गये अवैध कब्ज़े



को उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के निर्देश पर नायब तहसीलदार नबाबगंज अक्षय पांडेय, राजस्व निरीक्षक मिश्रीलाल पाल व क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा एसएसबी व पुलिस की मदद से हटवा दिया गया। अवैध कब्ज़ों पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही से अवैध कब्ज़ेदारों के हौसले पस्त

**एसडीएम के नेतृत्व में सरकारी भूमि पर बने अस्थायी कब्जों को कराया गया ज़मीदोज़**

होते दिखायी दे रहे हैं। तहसील प्रशासन की सख्त कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश क्षेत्र में गया है कि सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तहसील प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्यवाही से आमजन में यह विश्वास और मजबूत हुआ है कि वर्तमान प्रशासन अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध पूरी दृढ़ता से कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# बीएलओ ने 30 हजार डुप्लीकेट मतदाताओं का किया सत्यापन

एजेंसी

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश में होने वाले पंचायत चुनाव को लेकर बीएलओ ने मीरजापुर जिले में करीब 30 हजार डुप्लीकेट मतदाताओं का सत्यापन किया है। इस मामले में तेजी लाने के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर जिलाधिकारी प्रशासन संगीता गौतम ने अधीनस्थों को गुरुवार निर्देश दिए हैं।

पंचायत चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने 4.65 लाख डुप्लीकेट



मतदाताओं की सूची भेजी थी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि बीएलओ ने अभी तक जिले के 30,000 मतदाताओं की छानबीन कर ली है। इस मामले में तेज गति से जांच करने के लिए अधिकारियों को लगाया गया है। सत्यापन के बाद डुप्लीकेट नाम मतदाता सूची से हटाए जाएंगे। इसके पहले भी आयोग ने 2.35 लाख मतदाताओं की सूची भेजी थी। जांच के बाद पहले चरण में करीब 71 हजार डुप्लीकेट मतदाता सूची से हटाए गए थे। 2021 की मतदाता सूची की तुलना में 2026 में लगभग 18 हजार मतदाता बढ़ गए हैं।

# पूर्व विधायक स्व.अजय प्रताप सिंह उर्फ़ लल्ला भैया के परिवार में जंग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के करनैलगंज विधानसभा सीट से छः बार विधायक रहे अजय प्रताप सिंह उर्फ ल ल्ला भैया के परिवार में छिड़ा विवाद शांत होने का नाम होने का नहीं ले रहा है,विवाद अब जन ता के बीच आ गया है,विधायक लल्ला भैया की दूसरी पत्नी मीनाक्षी के दो बेटों के नाम सर कारी अभिलेख यानी परिवार रजिस्टर में दर्ज होंगे या नहीं,इस फैसले के लिए एक खुली बैठ क कटरा शाहबाजपुर के सरकारी कंपोजिट स्कूल में हुई है।बैठक में कोतवाली समेत कई थानों के करीब सैकड़ो से अधिक पुलिस कर्मी और उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा समेत एडीओ पंचायत राजेश वर्मा समेत तीन लेखपाल विका स सिंह,विजय कुमार व संदीप के अलावा कानू नगो राम बहादुर पांडे मौजूद हैं। बैठक में दोनों पत्नियों के चारों बेटे अपने अपने समर्थकों के साथ पहुंचे हैं। दोनों गुटों में नारेबाजी हुई।दोनों पत्नियों के बेटों में जुबानी जंग हुई।वही दूसरी पत्नी के बेटे कमलेंद्र ने अपने दोनों भाईयों को लेकर कहा - उनके पास कुछ नहीं बचा है। हवे ली में एक कुत्ता और एक घोड़े के अलावा उन के साथ कोई नहीं है। वहीं,पहली पत्नी के बेटे शारदेन मोहन सिंह और उनकी बुआ शैला सिंह ने कहा- यहां बाहरी लोग क्यों आए हैं,इन लोगों को मैं जानती हूँ इनको बाहर करिए,नहीं तो हम बैठक का बहिष्कार कर देंगे।

## पूर्व विधायक लल्ला भैया ने की थी दो शादियां

दरअसल स्व.अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भै या ने दो शादियां की थीं।दोनों पत्नियों के दो-दो बेटे हैं।पहली पत्नी ममता के बेटों कुंवर वेंकटेश मोहन प्रताप सिंह और कुंवर शारदेन मोहन सिं ह का नाम सरकारी कागजातों में वारिस के रू प में दर्ज है लेकिन दूसरी पत्नी के दोनों बेटे कुं वर कमलेंद्र मोहन सिंह और कुंवर अजेंन मोहन सिंह का नाम उनके वारिस के रूप में कहीं दर्ज नहीं है।अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया का निधन 23 जनवरी 2025 को हुआ था। बीती 23 जनवरी को लल्ला भैया की पहली पुण्य तिथि पर जब दूसरी पत्नी के बेटे कमलेंद्र को श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल नहीं होने दिया गया तो विवाद खुलकर सामने आया। परिवार में इसी बात को लेकर जंग छिड़ गई। इसी को लेकर खुली बैठक हो रही है,बैठक में दोनों प क्षों के लोगों का पुलिस वेरीफिकेशन कर रही है। पूर्व विधायक के किन बेटों को कौन-कौन लोग जानते हैं, इसके बारे में लोग कागज पर साइन करके बताएंगे।उसके बाद एसडीएम ने हा मिश्रा परिवार रजिस्टर को लेकर फैसला करेंगी।

## स्व.लल्ला भैया की बहन शैला सिंह बोलीं- हम बहिष्कार करेंगे

खुली बैठक में पूर्व विधायक लल्ला भैया की ब हन शैला सिंह भी पहुंचीं।वो कहने लगीं कि य हां कमलेंद्र की तरफ से इतने बाहरी लोग क्यों आए हैं।अगर ये लोग बाहर नहीं गए तो हम बै ठक का विरोध करेंगे।बाद में पुलिस ने उन्हें स मझाकर शांत किया।वही एसडीएम नेहा मिश्रा खुली बैठक भीड़ पर भड़ क गईं। उन्होंने कहा- अब बहुत हो गया है आप लोग शांत बैठिये पु लिस जो लोग हंगामा कर रहे हैं उन्हें यहां से बाहर करे।वही पूर्व विधायक की पहली पत्नी के बेटे कुंवर वेंकटेश मोहन प्रताप सिंह और कुंवर शारदेन मोहन सिंह बैठक में पहुंचे और लोगों की भीड़ देखकर कहने लगे कि यहां इ तने लोग क्यों आए हैं।बैठक में जौनपुर के लोग भी पहुंचे हैं। यहां बाहरी लोगों को क्यों बुलाया गया है।बैठक में मीनाक्षी के दो बेटे कुंवर कम लेंद्र मोहन सिंह और कुंवर अजेंन मोहन सिंह भी मौजूद हैं। दोनों गुटों के सैकड़ों समर्थक भी बैठक में हैं।

## परिवार रजिस्टर में नाम जुड़वाना मुद्दा

एसडीएम नेहा मिश्रा ने लोगों से शांत रहने की अपील कर रहीं बैठक में एसडीएम नेहा मिश्रा ने दोनों पक्षों के लोगों से शांत रहने की अपील की है।लोगों को शांत के साथ बैठने और फैसले का इंतजार करने की अपील कर रही हैं।वही पू र्व विधायक के निधन के एक साल बाद 23 ज नवरी को जब कुंवर कमलेंद्र मोहन सिंह की प हली पुण्यतिथि हुई तो दूसरी पत्नी के बड़े बेटे कमलेंद्र मोहन को कार्यक्रम में श्रद्धांजलि देने भी नहीं जाने दिया गया।पुलिस ने पहली पत्नी के बेटों के ऐतराज पर उन्हें बरगदी कोट आवा स से करीब तीन किमी पहले ही भभुवा चौकी पर एएसपी राधे श्याम राय ने रोक दिया था।जि सके बाद कमलेंद्र ने हंगामा किया।विवाद के बा द कमलेंद्र ने कहा- मैं डीएनए टेस्ट करवाने के लिए तैयार हूं।मैं शेर का बेटा हूँ और अकेला ही काफी हूं।उन्होंने प्रशासन के अफसरों से मिल कर खुद को पूर्व विधायक के परिवार में शामि ल कराने के लिए और परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज कराने के लिए खुली बैठक कराने को कहा जिसके बाद एसडीएम करनलगंज नेहा मिश्रा ने अफसरों से अनुमति लेकर तीन फरवरी को खुली बैठक कराने को कहा था। लल्ला भैया की पहली पत्नी के बेटे कुंवर शारदेन मोहन औ र कुंवर वेंकटेश मोहन प्रताप सिंह और दूसरी पत्नी मीनाक्षी सिंह के बेटे कुंवर कमलेंद्र मोहन सिंह और कुंवर अज्येंन मोहन सिंह ने अपने स मर्थकों को बैठक में शामिल होने की अनील की थी।

## धनावा स्टेट के राजा थे लल्ला भैया

कुंवर अजय प्रताप सिंह उर्फ लालाभैया धनावा स्टेट के राजकुमार थे लाला भैया को 2024 में दिल का दौरा पड़ा था।उसके बाद से उनका इ लाज चल रहा था।23 जनवरी 2025 को लख नऊ के मेदांता अस्पताल लखनऊ में निधन हो गया था।धनावा स्टेट राजा भैया ने दो शादियां की थीं।पहली पत्नी ममता सिंह के दो बेटे कुंव र वेंकटेश मोहन प्रताप सिंह और कुंवर शारदेन मोहन सिंह हैं। इसके बाद उन्होंने दूसरी शादी मीनाक्षी सिंह से की थी।मीनाक्षी सिंह के दो बेटे कुंवर कमलेंद्र मोहन सिंह और कुंवर अजेंन मो हन सिंह हैं।दूसरी पत्नी का परिवार लखनऊ के गोमती नगर में रहता है।

# बदलते मौसम से आलू की फ़सल में झुलसा रोग की बढ़ी संभावना

कानपुर । मौसम को देखते हुए आलू में झुलसा रोग आने की संभावना दिख रही है। किसान भाइयों को पछेती झुलसा रोग से बचाव करना चाहिए। यह बातें गुरूवार को उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में कम्पनी बाग़ स्थित चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के साकभाजी विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ केशव आर्य ने कही।

आलू विशेषज्ञ डॉक्टर अजय यादव ने बताया कि केंद्रीय एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किसानों की आलू एक मुख्य फसल है। जिसका समय रहते हुए देखभाल न किया जाए तो नुकसान हो सकता है। खड़ी फसल में झुलसा रोग महत्वपूर्ण होता है जिसके लिए किसान को पहले से ही प्रबंधन करना चाहिए।

डॉ यादव ने कहा कि सायमोक्सनिल+मैंकोजेब 2.5 ग्राम दवा प्रति लीटर पानी के दर से अ थ व ा एजोक्सीस्ट्रॉबिन+टीनूकोनाजोल एक ग्राम दवा प्रति लीटर पानी कि दर से घोल बनाकर छिड़काव? करें। जिसमें झुलसा रोग से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि आलू की पत्तियों पर छोटी-छोटी बिंदी के रूप में बहुत सारे धब्बे दिखाई पड़ते हैं, जो अलटरनेरिया की वजह से आता है। यह बिंदिया पोषक तत्व की कमी को जैसे भी दिखाई देते हैं। जिसको मैनी लीफ कॉम्प्लेक्स डिजीज कहते हैं उन्होंने बताया कि इसका उपाय क्लोरोथेलोनील नाम की दवा ढाई ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाएं जिसमें मल्टी माइक्रोन्यूट्रिएंट नाम से पैकेट बाजार में उपलब्ध होते हैं जिसमें (आयरन, कॉपर, जिंक, कैल्शियम, मलिबडनम, बोरान, क्लोरीन ) आदि तत्व होते हैं। जो एक किलोग्राम प्रति एकड़ के लिए पर्याप्त होता है यदि एक एकड़ में 15 लीटर की एक टंकी है। आठ से 10 टंकी में पूर्ण हो जाता है। 100 ग्राम से लेकर के 120 ग्राम एक टंकी में डालना चाहिए जिससे काफी हद तक उसे रोग का कंट्रोल कर लेते हैं।

# कांग्रेस ने वोटर लिस्ट पुनरीक्षण में अनियमितता का आरोप लगाकर किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। कंाग्रेस ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। पार्टी ने अपनी मांगों पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने आरोप लगाया कि सत्ताधारी दल के कार्यकर्ता, जिनमें उनके बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) भी शामिल हैं, बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) पर दबाव बना रहे हैं। उनका कहना है कि अल्पसंख्यक, पिछड़े और दलित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए फॉर्म 7 जमा किए जा रहे हैं।पार्टी ने आशंका व्यक्त की है कि बड़ी संख्या में फॉर्म 7 जमा होने से इन समुदायों के मतदाताओं को मतदान के अधिकार से वंचित किया जा सकता है। कंाग्रेस के बीएलए द्वारा फॉर्म 7 में उल्लिखित नामों की सूची मांगने पर बीएलओ द्वारा जानकारी नहीं दी जा रही है।कंाग्रेस ने राष्ट्रपति से मांग की है कि प्रत्येक बूथ पर भरे गए फॉर्म 7 में उल्लिखित नामों की सूची उन्हें उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही, फॉर्म 7 आवेदनकर्ताओं की पहचान सार्वजनिक करने और बीएलओ पर दबाव डालने वाले राजनीतिक सदस्यों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाए। पार्टी ने यह भी मांग की है कि मतदाता सूची बनाने में गड़बड़ी के दोषी पाए जाने वाले बीएलओ को पद से हटाने का आदेश जारी किया जाए। कंाग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो वे जिला निर्वाचन अधिकारी के खिलाफ आंदोलन चलाने के लिए बाध्य होंगे। इस विरोध प्रदर्शन में वरुण मिश्रा, मोहित तिवारी, शरद श्रीवास्तव, हामिद राइनी, रणजीत सलूजा, पवन मिश्रा और मनीष तिवारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कॉमेडियन पर मीडिया पर अभद्र टिप्पणी का आरोप, डीएम से कार्रवाई की मांग की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले में सोशल मीडिया कॉमेडियन संजय यदुवंशी के खिलाफ 'कटक क्लब' नामक सामाजिक संस्था ने मोर्चा खोल दिया है। संस्था ने मीडियाकर्मियों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी और मारपीट की घटनाओं को लेकर जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। संस्था के सदस्यों ने आरोप लगाया है कि संजय यदुवंशी सोशल मीडिया पर पत्रकारों के खिलाफ लगातार अभद्र टिप्पणी करते हैं। 'कटक क्लब' के सौरभ मिश्रा ने बताया कि यदुवंशी मीडिया पर 200 रुपये में बिकने का आरोप भी लगाते हैं, जिससे आम जनता, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों में रोष है। सौरभ मिश्रा के अनुसार, संजय यदुवंशी पर आए दिन मारपीट करने का भी आरोप है। हाल ही में मारपीट की एक और घटना सामने आई है, जिस पर मुकदमा दर्ज किया गया है। उन पर समाज में जातिसूचक गाने और युवा पीढ़ी के लिए हानिकारक गतिविधियां करने का भी आरोप है। संस्था ने अपने ज्ञापन में संजय यदुवंशी के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई करने और मीडिया को निशाना बनाने वाली सभी पोस्ट को तुरंत हटाने की मांग की है। 'कटक क्लब' के सदस्यों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे बड़ा कदम उठाने को मजबूर होंगे। इस ज्ञापन को सौंपने वालों में अधिवक्ता अभिषेक शुक्ला और कथावाचक शनि मिश्रा सहित 'कटक क्लब' के अन्य सदस्य शामिल थे।

# जिलाधिकारी ने बीसलपुर चीनी मिल का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने बीसलपुर चीनी मिल विकासखण्ड कार्यालय बीसलपुर व बीआरसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गन्ना से भरी ट्राली की तौल कराई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चीनी मिल में उपस्थित किसानों से पेयजल, रात्रि विश्राम, गन्ना तौल के बारे मे फीडबैक लिया। इस दौरान उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिये गन्ना पर्चियां नियमित काटी जाए जिससे कि किसानों को पर्ची की समस्या न उत्पन्न हो, सभी किसानों का गन्ना समय से चीनी मिल में तुलवाये। इसके साथ ही उन्होंने अब तक तौल किए गये गन्ना भुगतान की जानकारी प्राप्त की और चीनी मिल के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने विकासखण्ड कार्यालय बीसलपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैंटीन, आफिस, सभागार, कार्यालय के विभिन्न पटलों को देखा, पत्रावलियों को व्यवस्थित रखने व साफ सफाई रखने के निर्देश दिये। निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी के आवासीय भवन की जानकारी ली, खण्ड विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि आवास की रंगाई-पुताई का कार्य चल रहा है।इसके उपरान्त उन्होंने विधानसभा बीसलपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय बीसलपुर में चल विशेष पुनरीक्षण-2026 कार्य के अन्तर्गत नो मैपिंग मतदाता को नोटिस के क्रम में की जा रही सुनवाई प्रक्रिया का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश। निरीक्षण के दौरान अबतक प्राप्त फार्मों के सम्बन्ध में जानकारी ली और उपस्थित नोटिस प्राप्तकर्ता से जानकारी प्राप्त की और कहा कि अधिक से अधिक संख्या में आकर प्रक्रिया पूर्ण करते हुये अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करवायें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बीसलपुर, खण्ड विकास अधिकारी बीसलपुर,चीनी मिले के अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे हैं।

# धोपाप धाम के विकास को 2 करोड़ मंजूर, पर्यटन मंत्री से मुलाकात के बाद आज से शुरू हुआ सर्वे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लम्भुआ/सुल्तानपुर। जिले के ऐतिहासिक तीर्थ स्थल धोपाप धाम के समग्र विकास के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने दो करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री और धोपाप उन्नयन सेवा समिति के अध्यक्ष रवीन्द्र त्रिपाठी की पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह से मुलाकात के बाद यह निर्णय लिया गया। विकास कार्यों के लिए स्थल का भौतिक सर्वे आज से शुरू हो गया है। यह तीर्थ स्थल सुलतानपुर की लम्भुआ तहसील में स्थित है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान श्रीराम ने लंका विजय के उपरांत इसी स्थान पर स्नान और दीपदान किया था। प्रतिवर्ष जेठ दशहरा के अवसर पर यहां लाखों श्रद्धालु स्नान और पूजन के लिए आते हैं। रवीन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि इस तीर्थ स्थल को अब पर्यटन विभाग की विकास सूची में शामिल कर लिया गया है। सीएडडीएस विभाग के अवर अभियंता अजय सिंह के नेतृत्व में एक तकनीकी टीम ने व्यापारी नेता रवीन्द्र त्रिपाठी के साथ धोपाप धाम पहुंचकर स्थल का भौतिक सर्वे किया। प्रस्तावित कार्यों में पक्के स्नान घाटों का निर्माण, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था, जर्जर भवनों का जीर्णोद्धार तथा अतिथि गृह का निर्माण शामिल है। इन सभी कार्यों के लिए विस्तृत सर्वे कर अनुमानित लागत (एस्टीमेट) तैयार किया गया है। रवीन्द्र त्रिपाठी के प्रयासों से ही यह धनराशि शासन से स्वीकृत हुई है। त्रिपाठी ने कहा कि धोपाप धाम को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और क्षेत्र के व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी राम अच्छेबर उपाध्याय, धीरज उपाध्याय, रणजीत शुक्ल, उमेश शुक्ला, रवि प्रकाश उपाध्याय सहित अन्य स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत किया। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में पर्यटन मंत्री विनोद सिंह के कार्यकाल में धोपाप में कोई ठोस विकास कार्य नहीं हुआ था। रवीन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि वह लम्भुआ विधानसभा सहित पूरे सुलतानपुर जनपद के विकास के लिए अपनी पूरी क्षमता से कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में अन्य पौराणिक स्थलों के विकास के लिए भी लगातार प्रयास जारी रहेंगे।

# अंतर्जनपदीय 37वीं घुड़दौड़ प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## गंजेहड़ी ग्राउंड पर दिखा रोमांच, हजारों दर्शक रहे मौजूद



कुड़वार/सुलतानपुर। क्षेत्र के गंजेहड़ी गांव में गुरुवार को अंतर्जनपदीय 37वीं घुड़दौड़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता बीते 37 वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है, जो ग्रामीण खेल परंपरा और आपसी भाईचारे की मिसाल बन चुकी है। प्रतियोगिता का आयोजन गांव निवासी अफसर खान के नेतृत्व में गंजेहड़ी ग्राउंड पर किया गया, जिसमें आसपास के कई जिलों से पहुंचे घुड़सवारों ने अपनी प्रतिभा और घोड़ों की रफ्तार का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों की दौड़ कराई गई। चौटाला दौड़ में अनिल (प्रतापगढ़) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अनवर सभासद द्वितीय और छत्री (प्रतापगढ़) तृतीय स्थान पर रहे। सिंधी दौड़ में अनवर (लखनऊ) ने बाजी मारी, वहीं अबरार फौजी (पलहीपुर) ने द्वितीय और अदनान (मंगरौरा) ने तृतीय स्थान हासिल किया। सबसे रोमांचक फाइनल सरपट दौड़ में कुल छह प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें सिराजुल (लौहर पश्चिम) प्रथम, पंकज यादव (पूरे जालिम) द्वितीय और बादशाह प्रधान (झलियावा) तृतीय स्थान पर रहे। विजयी प्रतिभागियों को फ्रिज, कूलर, वाशिंग मशीन, पंखा और घड़ी जैसे आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों की सराहनीय पहल यह रही कि प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान से बाहर रहने वाले घुड़सवारों को भी सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए, जिससे खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा। कार्यक्रम के दौरान प्रधान हसीब, मुकीम, इस्तियाक, अशरफ सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। घुड़दौड़ देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक जुटे, जिससे पूरा गंजेहड़ी ग्राउंड उत्सव के माहौल में सराबोर नजर आया। आयोजकों ने शांतिपूर्ण और सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

## ट्रकों की टक्कर में दोनों के ड्राइवर की हुई मौत

अमेठी । थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक क्षेत्र के लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गांव बेचूगढ़ के पास गुरुवार को तेज रफ्तार ट्रक और कंटेनर में टक्कर हो गई इसमें दोनों वाहनों के चालक गम्भीर रुप से घायल हो गये जिन्हें पुलिस द्वारा अस्पताल भेजवाया गया लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक के थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल ने बताया कि मृतकों की पहचान उनके पास से मिले आधार कार्ड से हुई है। एक ड्राइवर का नाम राहुल यादव पुत्र धर्मराज यादव निवासी केवटली राजापुर, जनपद जौनपुर तथा दूसरे वाहन के चालक का नाम शिशुपाल पुत्र जयपाल निवासी नरही कासिमपुर जनपद सीतापुर के रूप में हुई है।दोनों मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। उन्होंने बताया कि दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

## बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के माध्यम विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी के आदेश अनुसार विकास खण्ड बिलसंडा में खण्ड विकास अधिकारी अमित शुक्ला की अध्यक्षता में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में संरक्षण अधिकारी रमनदीप कौर द्वारा समिति के सदस्यों का स्वागत किया गया। ततपश्चात बैठक का उद्देश्य बताया गया कि ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के माध्यम से जनपद के जरूरतमंद बच्चों को योजनाओं से जोड़ना है। साथ ही बैठक में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिका पेंशन योजना एवं स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को बाल विवाह के दुष्परिणाम बताये गए। एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत शपथ ली गई। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत 07 बच्चीयों को हिमालया किट वितरित की गई।प्राथमिक विद्यालय बिलसंडा, कस्तूरबा गाँधी विद्यालय बिलसंडा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलसंडा में योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया साथ बाल विवाह न करने हेतु शपथ ली गई। समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से अधीक्षक, कस्तूरबा गांधी का समस्त स्टाफ एवं प्राथमिक स्कूल के सभी अध्यापक, अध्यापिकाओं की मुख्य भूमिका रही। महिला कल्याण विभाग से संरक्षण अधिकारी रमनदीप कौर, काउंसलर अभिषेक शुक्ला एवं मनिस्ता उपस्थित रहे।साथ ही थाना माधव टांडा में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर शपथ दिलाई गई और साथ ही कन्या सुमंगला योजना व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

## गली निर्माण का चेयरमैन आस्था अग्रवाल ने किया लोकार्पण चेयरमैन का नागरिकों ने जताया आभार

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर के वार्ड नंबर 16 स्थित राजबाग कॉलोनी की गली नंबर 3 के निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद गुरुवार को नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल द्वारा लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने फीता काटकर गली का शुभारंभ किया तथा शिलापट का अनावरण किया।कार्यक्रम के दौरान पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका परिषद शहर के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि कॉलोनीवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गली का निर्माण कराया गया है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी राहत मिलेगी।इस मौके पर वार्ड सभासद प्रतिनिधि अवतार सिंह मोनू, भाजपा नेता आशा मिश्रा, सुमित गंगवार, गगन मिश्रा, कपिल मिश्र, भाजपा मीडिया सह संयोजक विपिन मिश्रा, सभासद एहतशाम वली खां, वतन दीप मिश्रा, निर्मल सिंह टीटू, राशिद हुसैन, साकेत सक्सेना, इमरान अंसारी, विकास बाबू, कमलेश वर्मा, रोहित रॉय सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में कॉलोनीवासियों ने गली निर्माण के लिए नगर पालिका परिषद और पालिका अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

## बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में नि:शुल्क फ़ास्ट फ़ूड स्टाल का 12 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान आरसेटी में गुरुवार से 12 दिवसीय नि:शुल्क फ़ास्ट फ़ूड स्टाल उद्यमी प्रशिक्षण की शुरुआत डीसी महोदया वंदना सिंह,आर सेटी निदेशक रवि कुमार,सीनियर फैकल्टी फिजा खानम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत कराई।सीनियर फैकल्टी फिजा खानम ने जानकारी दी कि फ़ास्ट फ़ूड का व्यंजन काफी लोकप्रिय है। और इसकी मांग हर जगह है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से लोगों को तकनीकी जानकारी देकर आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। संस्थान के निदेशक रवि कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा इस व्यवसाय के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत 50 हजार रुपये से लेकर पांच लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण मिलता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर ने बताया कि इस प्रशिक्षण में उद्यमी कौशल,बैंकिंग, समस्या समाधान, समय प्रबंधन, जोखिम और बाजार प्रबंधन जैसे विषयों पर भी जानकारी दी जाएगी।

## बीसीसीआई की यूपी सीनियर महिला टीम में हुआ सलेक्शन खुशी की लह

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली के पखरौली गांव की रहने वाली श्रद्धा तिवारी ने कमाल कर दिया। अपनी प्रतिभा के बल पर श्रद्धा का चयन यूपी सीनियर क्रिकेट टीम में हो गया है। यूपी क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा घोषित 20 सदस्यीय टीम में श्रद्धा को शामिल किया गया है। इस बात की जानकारी लगते ही परिजनों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर है ।

## धनाराघाट पेंटून पुल से बसों एवं चार पहिया वाहनों का आवागमन फिर शुरू

पूरनपुर।हजारा थाना क्षेत्र के धनाराघाट में शारदा नदी पर बने पेंटून पुल से लगभग एक सप्ताह बाद चार पहिया वाहनों और बसों का आवागमन पुनः शुरू हो गया है। नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण पिछले करीब एक हफ्ते से पुल के रास्ते पर पानी आ गया था, जिससे चार पहिया वाहन फंसने लगे थे। सुरक्षा को देखते हुए एहतियातन चार पहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया था, केवल दोपहिया और पैदल आवाजाही ही सीमित रूप से हो पा रही थी। गुरुवार सुबह लगभग दस बजे पुल पर तैनात मुंशी बबलू माझी ने जानकारी देते हुए बताया कि शारदा नदी का जलस्तर अब सामान्य स्थिति में आ गया है। रास्ते से पानी उतर जाने के बाद स्थिति का निरीक्षण किया गया, जिसके बाद चार पहिया वाहन और बसों का आवागमन फिर से शुरू कर दिया गया। पुल से आवागमन शुरू होने से क्षेत्र के ग्रामीणों, व्यापारियों और यात्रियों ने राहत की सांस ली है, क्योंकि आवागमन बंद होने से लोगों को लंबा वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ रहा था।

## राज्यमंत्री के प्रयास से अठाइस लाख रुपये की लागत से बनेगी ऊसर पुरवा की सड़क

तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत खारा के गांव पूरे ऊसर पुरवा को जाने वाला मार्ग कई वर्षों से जर्जर और बदहाल है।बदहाल सड़क की वजह से ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।सड़क निर्माण के लिये ग्रामीणों द्वारा लगातार मांग के बाद स्थानीय विधायक और राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के प्रयास से नवीनीकरण को मंजूरी मिली। गुरुवार को सड़क के नवीनीकरण का कार्य विधिवत पूजा पाठ और नारियल तोड़कर पटरी भराई के साथ शुरू किया गया। ग्राम पंचायत खारा के गांव पूरे ऊसर का पुरवा गांव में करीब चार सौ मीटर सड़क आबादी के बीच में कीचड़ की वजह से खराब रहती है। राज्यमंत्री के प्रयास से लोक निर्माण विभाग के द्वारा इस सड़क का नवीनीकरण अठाइस लाख रुपये की लागत से कराया जायेगा।गुरुवार को सड़क के नवीनीकरण का कार्य पटरी भराई के साथ शुरू हुआ। सड़क निर्माण को मंजूरी मिलने पर गांव निवासी विनय शुक्ला,नामेंद्र शुक्ल, राम कृपाल मौर्या,पुत्ती शुक्ला, प्रदीप कुमार यादव,राम सनेही मौर्य सहित अन्य तमाम लोगों ने राज्यमंत्री का आभार जताया है।

# भव्य कलश यात्रा आज से शुरू होगी श्रीमद् भागवत कथा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कूरेभार/सुल्तानपुर। सरैया मझौवा गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के शुभारंभ से पूर्व आज प्रातः 9 बजे विधिवत पूजन-अर्चन के बाद भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं व श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया। पीले वस्त्रों में सजी महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर कतारबद्ध होकर यात्रा में हिस्सा लिया। भक्ति गीतों और जयकारों के बीच निकली यात्रा ने लोगों में उत्साह और श्रद्धा का संचार किया। यात्रा में प्रमुख रूप से पुष्पांजलि, विभा सिंह, पूजा सिंह, सत्यभामा, तन्नू, नीलम सिंह व निर्मली सहित कई महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। आयोजकों के अनुसार आज शाम 6 बजे से श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ होगा। कथा व्यास के रूप में श्रीधाम वृंदावन से पधारे पूज्य मुकेश आनंद जी महाराज अपने मुखारविंद से भागवत कथा अमृत का श्रवण कराएंगे। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में पूर्व प्रधान चंद्रभान सिंह उपस्थित रहेंगे।

वर्तमान प्रधान पिंकू सिंह ने समस्त क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा अमृत का रसपान करने की अपील की है। आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल बना हुआ है और श्रद्धालु बड़ी संख्या में कथा श्रवण के लिए तैयारियां कर रहे हैं।

## सम्पादकीय

# आत्मनिर्भरता हेतु विकास

राजग सरकार द्वारा रविवार को पेश आम बजट कई मायनों में खास रहा। तमिलनाडु के लोगों की आकांक्षाओं की पर्याय कांजीवरम साड़ी पहने लगातार नौवीं बार बजट पेश करके निर्मला सीतारमण ने नारी शक्ति का परचम ही लहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने बजट की दशा-दिशा पर तीन शब्दों में संदेश दिया कि यह स्किल, स्केल और सस्टेनबिलिटी का बजट है। वहीं गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यह विकास व आत्मनिर्भरता के लिए बजट है। दूसरी ओर विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि इसमें आम आदमी के लिए कुछ खास नहीं है। आम आदमी की जिज्ञासा यही होती है कि क्या सस्ता होगा और किस पर उसकी जेब ढीली होगी। कहा जा रहा है कि माइक्रोवेव्स, सोलर पैनल, चमड़ा उत्पाद, 17 दवाइयां तथा सात दुर्लभ बीमारियों की दवाएं सस्ती होंगी। हर बार की तरह शराब, सिगरेट व तंबाकू प्रेमियों की जेब ढीली होगी। नये प्रावधानों में विदेशों में पढ़ रहे छात्रों को भेजे जाने वाले पैसे पर टीसीएस कम होगा। विदेश यात्रा पैकेज पर भी छूट दी गई है। आने वाले महीनों में जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे, उनका भी बजट में खास ख्याल रखा गया है। दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक व अन्य उत्पादों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दुर्लभ रेयर अर्थ पर ध्यान केंद्रित कर रेयर अर्थ कॉरिडोर बनाने का लक्ष्य रखा गया, जिसमें तमिलनाडु-केरल का खास ध्यान रखा गया। आसन्न चुनाव वाले इन राज्यों के मछुआरों व नारियल उत्पादकों को प्रोत्साहन व छूट दी गई है। हालांकि, एसटीटी बढ़ाने के मुद्दे पर शेयर बाजार को बजट रास नहीं आया। वहीं दूसरी ओर इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए इस उद्योग में चालीस हजार करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव है। वहीं सस्ती दवाओं के लिए 'बॉयोफार्मा शक्ति योजना' के लिए दस हजार करोड़ रुपये का प्रावधान होगा, जिससे देश में मधुमेह व कैंसर की सस्ती दवाइयां उपलब्ध हो सकेंगी। दूसरी ओर आसन्न चुनाव वाले राज्यों पश्चिम बंगाल, असम व तमिलनाडु को हाई-स्पीड ट्रेन कॉरिडोर का लाभ देने का प्रस्ताव है। वहीं असम को बौद्ध सर्किट का लाभ दिया गया है। यह योजना बौद्ध तीर्थों के विकास, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा यहां तक कि तीर्थयात्रियों की पहुंच आसान बनाने की कोशिश है। वहीं दूसरी ओर डिजिटल मनोरंजन क्रांति हेतु रचनात्मक बढ़ाने वाली 'ऑरेंज इकॉनोमी' को भी प्राथमिकता बनाया गया है ताकि इस क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि की जा सके। हर बार नौकरी पेशा वर्ग की आस होती है कि इनकम टैक्स में छूट मिले। लेकिन इस बार किसी स्लैब में परिवर्तन नहीं हुआ। हां, अप्रैल 26 तक नया आयकर कानून लागू करने की बात बजट में कही गई है, जिसमें आयकर रिटर्न की फाइलिंग से जुड़ी समय सीमा और नियमों में बदलाव होगा। निश्चित रूप से दुनिया आपूर्ति शृंखला में जारी वैश्विक उथल-पुथल और टैरिफ युद्ध के बीच राजग सरकार ने आम बजट में आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी है। साथ ही आजादी के सौ साल पूरे होने पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की दिशा में भी कदम बढ़ाया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने बजट की दशा-दिशा पर तीन शब्दों में संदेश दिया कि यह स्किल, स्केल और सस्टेनबिलिटी का बजट है। वहीं गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यह विकास व आत्मनिर्भरता के लिए बजट है। दूसरी ओर विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि इसमें आम आदमी के लिए कुछ खास नहीं है। आम आदमी की जिज्ञासा यही होती है कि क्या सस्ता होगा और किस पर उसकी जेब ढीली होगी।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता: मोदी नेतृत्व की वैश्विक दृढ़ता

50 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक की टैरिफ कटौती का तात्कालिक प्रभाव व्यापारिक जगत और शेयर बाजार में दिखाई दिया। निवेशकों का भरोसा लौटा, निर्यातकों को राहत मिली और बाजार में सकारात्मक संकेत उभरे। किंतु इस निर्णय का वास्तविक महत्व इससे कहीं अधिक व्यापक है। यह इस बात की पुष्टि करता है कि भारत अब केवल नियमों का पालन करने वाला देश नहीं, बल्कि नियमों के निर्माण और पुनर्परिभाषा में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने वाला राष्ट्र बन चुका है। अमेरिका जैसी महाशक्ति का अपने रुख में नरमी लाना भारत की आर्थिक ताकत, रणनीतिक धैर्य और राजनीतिक आत्मविश्वास का प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि उसमें संवाद है, पर दबाव के आगे समर्पण नहीं। चाहे वह रक्षा सहयोग हो, ऊर्जा सुरक्षा हो या व्यापारिक समझौते-हर क्षेत्र में भारत ने अपने हितों को केंद्र में रखते हुए आगे बढ़ने का प्रयास किया है। इस व्यापारिक डील में भी भारत ने बिना झुके, बिना रुके और बिना कमजोर पड़े अपनी शर्तें स्पष्ट रूप से रखीं। यही कारण है कि अंततः अमेरिका को अपने प्रस्तावों में संशोधन करना पड़ा। यह केवल एक व्यापारिक जीत नहीं, बल्कि राजनीतिक परिपक्वता और नेतृत्व की दृढ़ता का उदाहरण है। इस समझौते से भारतीय उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में एक उन्नत स्थिति प्राप्त होगी। कम टैरिफ का अर्थ है कि भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे, उनकी पहुंच बढ़ेगी और मेक इन इंडिया को नया प्रोत्साहन मिलेगा। टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल, कृषि-आधारित उत्पाद और उभरते तकनीकी क्षेत्र-सभी को इससे दीर्घकालिक लाभ होने की संभावना है।

अंतरराष्ट्रीय राजनीति और वैश्विक व्यापार के परिदृश्य में कोई भी समझौता केवल आंकड़ों या कर-प्रतिशतों तक सीमित नहीं होता, वह राष्ट्र की संप्रभुता, नेतृत्व की दृढ़ता और भविष्य की दिशा का भी संकेतक होता है। भारत और अमेरिका के बीच हालिया व्यापारिक सहमति, जिसके अंतर्गत प्रस्तावित 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत किया गया है, इसी दृष्टि से एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी घटना है। यह निर्णय केवल आर्थिक राहत नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक शक्ति-संतुलन और भारत की बढ़ती सौदेबाजी क्षमता का प्रमाण है। यहां "देर आए, दुरुस्त आए" की कहावत पूरी तरह चरितार्थ होती है। जब अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर ऊँचे टैरिफ का दबाव बनाया गया था, तब यह आशंका व्यक्त की जा रही थी कि भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था को अंततः झुकना पड़ेगा। वैश्विक व्यापार का हालिया इतिहास इस बात का साक्षी रहा है कि बड़ी शक्तियां अक्सर दबाव की राजनीति के माध्यम से अपने हित साधती हैं। किंतु फरवरी 2025 में आरंभ हुई इस व्यापारिक प्रक्रिया का फरवरी 2026 में सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ना यह दर्शाता है कि भारत ने न तो जल्दबाजी दिखाई और न ही अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता किया। भारत ने समय लिया, परिस्थितियों का मूल्यांकन किया और अंततः संतुलित व सम्मानजनक परिणाम प्राप्त किया।

50 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक की टैरिफ कटौती का तात्कालिक प्रभाव व्यापारिक जगत और शेयर बाजार में दिखाई दिया। निवेशकों का भरोसा लौटा, निर्यातकों को राहत मिली और बाजार में सकारात्मक संकेत उभरे। किंतु इस निर्णय का वास्तविक महत्व इससे कहीं अधिक व्यापक है। यह इस बात की पुष्टि करता है कि भारत अब केवल नियमों का पालन करने वाला देश नहीं, बल्कि नियमों के निर्माण और पुनर्परिभाषा में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने वाला राष्ट्र बन चुका है। अमेरिका जैसी महाशक्ति का अपने रुख में नरमी लाना भारत की आर्थिक ताकत, रणनीतिक धैर्य और राजनीतिक आत्मविश्वास का प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि उसमें संवाद है, पर दबाव के आगे समर्पण नहीं। चाहे वह रक्षा सहयोग हो, ऊर्जा सुरक्षा हो या व्यापारिक समझौते-हर क्षेत्र में भारत ने अपने हितों को केंद्र में रखते हुए आगे बढ़ने का प्रयास किया है। इस व्यापारिक डील में भी भारत ने बिना झुके, बिना रुके और बिना कमजोर पड़े अपनी शर्तें स्पष्ट रूप से रखीं। यही कारण है कि अंततः अमेरिका को अपने प्रस्तावों में संशोधन करना पड़ा। यह केवल एक व्यापारिक जीत नहीं, बल्कि राजनीतिक परिपक्वता और नेतृत्व की दृढ़ता का उदाहरण है। इस समझौते से भारतीय उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में एक उन्नत स्थिति प्राप्त होगी। कम टैरिफ का अर्थ है कि भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे, उनकी पहुंच बढ़ेगी और "मेक इन इंडिया" को नया प्रोत्साहन मिलेगा। टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल, कृषि-आधारित उत्पाद और उभरते तकनीकी क्षेत्र-सभी को इससे दीर्घकालिक लाभ होने की संभावना है। भारत अब केवल सस्ता श्रम या कच्चा माल उपलब्ध कराने वाला देश नहीं, बल्कि मूल्यवर्धित उत्पादन और नवाचार की दिशा में अग्रसर अर्थव्यवस्था बनता जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसदीय दल की बैठक में जिस संयम और आत्मविश्वास के साथ भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को "निरंतर धैर्य का परिणाम" बताया, वह उनकी कूटनीतिक शैली का सार है। यह समझौता किसी अचानक हुए घटनाक्रम का नतीजा नहीं, बल्कि एक वर्ष तक चली रणनीतिक प्रतीक्षा, विकल्पों के विस्तार और संतुलित संवाद का परिणाम है। मोदी ने स्पष्ट संकेत दिया कि सरकार ने विपक्ष की आलोचनाओं और तात्कालिक दबावों के बावजूद धैर्य नहीं छोड़ा, क्योंकि वैश्विक व्यापार और भू-राजनीति में जल्दबाज़ी अक्सर महंगी पड़ती है। अमेरिका का झुकना किसी भावनात्मक मित्रता का परिणाम नहीं, बल्कि ठोस रणनीतिक विवशता का नतीजा है। बीते एक वर्ष में भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि उसके पास विकल्प हैं-रूस के साथ ऊर्जा सहयोग, यूरोपीय संघ के साथ ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता और वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में अपनी बढ़ती भूमिका। यदि वाशिंगटन भारत पर एकतरफा दबाव बनाए रखता, तो अमेरिकी कंपनियां दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बड़े बाजार से बाहर हो जातीं। ट्रंप द्वारा 500 अरब डॉलर के आयात, शून्य टैरिफ और रूसी तेल त्यागने जैसे नाटकीय दावे इसी दबाव की राजनीति का हिस्सा थे, जिन्हें भारत ने न तो सार्वजनिक टकराव का मुद्दा बनाया और न ही स्वीकारोक्ति दी। मोदी का इन पर मौन यह दर्शाता है कि भारत इस घटनाक्रम को अंतिम समझौते के रूप में नहीं, बल्कि दिशा-निर्धारण के रूप में देख रहा है। इसके विपरीत, भारतीय विपक्ष इस पूरे प्रकरण में अपनी राजनीतिक अधीरता और रणनीतिक अपरिपक्वता को उजागर करता रहा। उसने टैरिफ को लेकर तात्कालिक लाभ-हानि की भाषा में सरकार को घेरने की कोशिश की, जबकि अंतरराष्ट्रीय व्यापार वार्ताएं समय, धैर्य और बहुस्तरीय गणनाओं की मांग करती हैं। विपक्ष यह समझने में असफल रहा कि कूटनीति में कभी-कभी पीछे हटना नहीं, बल्कि प्रतीक्षा करना ही सबसे बड़ा कदम होता है। आज जब अमेरिका को अपना अड़ियल रुख छोड़ना पड़ा है और भारत फिर से वैश्विक प्रतिस्पर्धा की अग्रिम पंक्ति में खड़ा दिख रहा है, तब यह स्पष्ट है कि मोदी की नीति न केवल दबाव से मुक्त थी, बल्कि दूरदर्शी भी। यही नीति भारत को एक आत्मविश्वासी, प्रभावशाली और सौदे की शर्तें तय करने वाली शक्ति के रूप में स्थापित कर रही है। इस पूरे घटनाक्रम का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि यह वैश्विक व्यापार में दबाव आधारित राजनीति के अंत का संकेत देता है। लंबे समय से बड़ी अर्थव्यवस्थाएं टैरिफ, प्रतिबंध और नीतिगत दबावों के माध्यम से छोटे या उभरते देशों को अपनी शर्तें मानने के लिए विवश करती रही हैं। भारत ने इस प्रवृत्ति को न केवल चुनौती दी, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि आत्मविश्वास, आर्थिक क्षमता और राजनीतिक इच्छाशक्ति के बल पर किसी भी दबाव को संतुलित संवाद में बदला जा सकता है। भारत-अमेरिका संबंधों के संदर्भ में यह समझौता एक नए राजनीतिक आभामंडल के निर्माण का भी संकेत देता है। यह संबंध अब केवल रणनीतिक या सामरिक सहयोग तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि आर्थिक साझेदारी के एक नए स्तर की ओर बढ़ रहा है। इसका प्रभाव केवल इन दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक राजनीति में बहुध्रूवीय व्यवस्था को और अधिक मजबूती देगा। दुनिया धीरे-धीरे यह स्वीकार कर रही है कि भविष्य का नेतृत्व किसी एक शक्ति के हाथ में नहीं, बल्कि संतुलित साझेदारियों के माध्यम से उभरेगा, और भारत उसमें एक केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। इस व्यापारिक प्रगति से मोदी सरकार की अंतरराष्ट्रीय साख में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह साख किसी प्रचार या दावे पर नहीं, बल्कि ठोस परिणामों पर आधारित है। भारत आज विश्व मंच पर एक ऐसे राष्ट्र के रूप में देखा जा रहा है, जो अपने हितों की रक्षा करते हुए वैश्विक स्थिरता और सहयोग में भी सकारात्मक भूमिका निभाता है। यही संतुलन उसे अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं से अलग पहचान देता है। महाशक्ति बनने की भारत की यात्रा भावनात्मक नारों पर नहीं, बल्कि आर्थिक आंकड़ों, रणनीतिक समझौतों और वैश्विक स्वीकार्यता पर आधारित है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, और इस प्रकार के व्यापारिक समझौते उस यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव हैं। यह स्पष्ट होता जा रहा है कि भारत को आगे बढ़ने से रोक पाना अब किसी के लिए आसान नहीं है। निश्चित तौर पर यह व्यापारिक समझौता भारत की परिपक्व कूटनीति और दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति और वैश्विक व्यापार की दुनिया में कोई भी निर्णय केवल आर्थिक गणित नहीं होता, वह राष्ट्र की संप्रभुता, आत्मसम्मान और नेतृत्व की परिपक्वता का भी प्रमाण होता है। देर से लिया गया सही निर्णय, जल्दबाजी में किए गए गलत समझौतों से कहीं अधिक मूल्यवान होता है। भारत ने धैर्य रखा, आत्मसम्मान बनाए रखा और अंततः अपने हितों के अनुरूप परिणाम हासिल किया। निश्चित ही नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत न केवल सुरक्षित है, बल्कि आत्मविश्वास के साथ भविष्य की ओर अग्रसर है और यह विश्वास ही उसे महाशक्ति बनने की उड़ान देता है। – ललित गर्ग

# अमेरिका में पुस्तक संस्कृति

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

अमेरिका में पुस्तक व्यवसाय एक परिपक्व उद्योग के रूप में विकसित हुआ है। पुस्तक प्रकाशन केवल व्यवसायिक गतिविधि नहीं बल्कि संगठित सांस्कृतिक व्यवस्था है। बड़े प्रकाशक समूह, स्वतंत्र प्रकाशन गृह, ई बुक और ऑडियो बुक प्लेटफार्म एक साथ सक्रिय हैं। अमेजन जैसे ऑनलाइन विक्रेताओं ने वितरण को वैश्विक बनाया है जबकि स्थानीय बुक स्टोर अब सांस्कृतिक केंद्र की भूमिका भी निभा रहे हैं। पाठक की पसंद में विविधता है। उपन्यास के साथ साथ नॉन फिक्शन, आत्मकथाएँ, बिजनेस, सेल्फ हेल्प, विज्ञान और बच्चों का साहित्य निरंतर लोकप्रिय है। पढ़ने की आदतें भी बदली हैं। प्रिंट के साथ डिजिटल और ऑडियो फॉर्मेट समानांतर चलते हैं। सार्वजनिक परिवहन में ऑडियो बुक सुनना और घर पर ई रीडर पर पढ़ना सामान्य व्यवहार बन चुका है। अमेरिका में लेखक पुस्तक प्रकाशन के लिए कई रास्ते अपनाते हैं, पारंपरिक प्रकाशन में लेखक अपनी पांडुलिपि एजेंट के माध्यम से या कभी सीधे प्रकाशक को भेजता है और स्वीकृति मिलने पर अनुबंध होता है । जिसमें रॉयल्टी सामान्यतः मुद्रित पुस्तकों पर आठ से पंद्रह प्रतिशत और ई बुक पर अधिक तय की जाती है। प्रकाशक संपादन, आवरण, मुद्रण और वितरण की जिम्मेदारी संभालता है। पुस्तक बुक स्टोर, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और पुस्तकालयों तक पहुँचती है। इसके समानांतर स्वप्रकाशन भी तेजी से लोकप्रिय हुआ है जहाँ लेखक स्वयं अमेजन किंडल डायरेक्ट पब्लिशिंग जैसे प्लेटफार्म पर पुस्तक अपलोड करता है, लागत और नियंत्रण उसके ही हाथ में रहता है और रॉयल्टी भी कहीं अधिक होती है। इस व्यवस्था में लेखक केवल रचनाकार नहीं रहता बल्कि वह अपने लेखन का उद्यमी भी बन जाता है, जो प्रचार, पाठक संवाद और बिक्री रणनीति में सक्रिय भूमिका निभाता है। अमेरिका में पब्लिक लाइब्रेरी प्रणाली लोकतांत्रिक ज्ञान संस्कृति की रीढ़ मानी जाती है। जर्सी सिटी की पब्लिक लाइब्रेरी प्रणाली इसका सशक्त उदाहरण है। जर्सी सिटी फ्री पब्लिक लाइब्रेरी के अंतर्गत बारह प्रमुख लाइब्रेरी हैं, जिनमें मुख्य पुस्तकालय, कई शाखाएँ और एक मोबाइल पुस्तकालय (बुकमोबाइल) शामिल हैं। अंग्रेजी के साथ स्पेनिश और अन्य भाषाओं की पुस्तकें सहज उपलब्ध हैं। यहाँ केवल पुस्तकें ही नहीं बल्कि डिजिटल डेटाबेस, ई बुक, ऑडियो बुक, बच्चों के लिए रीडिंग प्रोग्राम, वरिष्ठ नागरिकों के लिए साक्षरता गतिविधियाँ और नौकरी खोज से जुड़े संसाधन भी उपलब्ध कराए जाते हैं। सुविधा युक्त पुस्तकालय भवन, अध्ययन, संवाद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए खुले सार्वजनिक स्थान के रूप में उपयोग किए जाते हैं। पुस्तकालयों में बुजुर्गों एवं बच्चों की गतिविधियों के अनेक प्रसंग मेरे देखने में आए । पुस्तकालय निशुल्क हैं। समग्र रूप से देखा जाए तो अमेरिका में पुस्तक व्यवसाय बाजार की गति से संचालित है जबकि पब्लिक लाइब्रेरी व्यवस्था सामाजिक संतुलन बनाए रखती है। जर्सी सिटी जैसे बहुसांस्कृतिक शहर में पुस्तकालय बचपन से ही पढ़ने की अभिरुचि को विकसित करने का माध्यम है और यह सिद्ध करता है कि तकनीक के युग में भी पुस्तक और पाठक के बीच संबंध कमजोर नहीं पड़ा है बल्कि नए रूपों में और व्यापक हुआ है।

अमेजन जैसे ऑनलाइन विक्रेताओं ने वितरण को वैश्विक बनाया है जबकि स्थानीय बुक स्टोर अब सांस्कृतिक केंद्र की भूमिका भी निभा रहे हैं। पाठक की पसंद में विविधता है। उपन्यास के साथ साथ नॉन फिक्शन, आत्मकथाएँ, बिजनेस, सेल्फ हेल्प, विज्ञान और बच्चों का साहित्य निरंतर लोकप्रिय है।

## सेहत मंत्र

# खाद्य पदार्थों में मिलावट, सेहत पर संकट


आजकल जब कफ सीरप जैसी दवाइयों में मिलावट से अनेक सुकोमल, मासूम बच्चे मौत के मुंह में जा चुके हैं ऐसे समय में अनेक मुनाफाखोर मिठाईयों में भी मिलावट कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने विजयदशमी के दिन कई जगहों पर योजनाबद्ध तरीके से छापा मारकर मिलावटी देशी घी के रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान 1,625 किलोग्राम मिलावटी देशी घी जब्त किया गया और छह आरोपी गिरफ्तार हुए। करावल नगर के शिव विहार से आरोपी सफीक (30 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। यहां से 33 टिनों में कुल 520 किलोग्राम नकली देशी घी और मिलावट में इस्तेमाल होने वाले केमिकल व दवाएं बरामद की गईं हैं। शिव विहार फ़ेज-7 में छापा मारकर चार आरोपियों यूसुफ मलिक (50 वर्ष), उनका बेटा मेहबूब (22 वर्ष), शाकिर (गाजियाबाद) और शाहरुख (गाजियाबाद) को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 28 टिनों में 440 किलोग्राम नकली घी, केमिकल, गैस सिलेंडर, स्टोव और अन्य सामान जब्त किया गया। पुराना मुस्तफाबाद में छापा मारने के बाद 44 टिनों में 665 किलोग्राम नकली घी, केमिकल, गैस सिलेंडर आदि बरामद किया गया। निजी स्वार्थों से प्रेरित मिलावटखोर अधिक लाभ कमाने के लालच में खाद्य पदार्थों से लेकर जीवन रक्षक दवाइयों तक में हानिकारक वस्तुओं की मिलावट करके लोगों के स्वास्थ्य से खेल रहे हैं। पिछले लगभग तीन सप्ताह में मिलावट खोरी के कई मामले पुलिस ने पकड़े हैं। 15 सितम्बर को दिल्ली की उत्तरी बाहरी जिला पुलिस ने एक फैक्टरी का भंडाफोड़ करके वहां से लगभग 7600 लीटर मिलावटी घी बरामद करके फैक्टरी के सुपरवाइजर बृजेश को गिरफ्तार किया जबकि फैक्टरी का मालिक फरार है। 23 सितम्बर को जयपुर (राजस्थान) की फूड सेफ्टी टीम ने चांदपोल बाजार स्थित एक गोदाम पर छापा मार कर वहां से विभिन्न प्रसिद्ध ब्रांडों के लेबल लगाकर बेचा जाने वाला 884 लीटर नकली देसी घी बरामद किया। 23 सितम्बर को ही जयपुर (राजस्थान) की फूड सेफ्टी टीम ने मालवीय नगर में एक पिकअप वैन को जब्त कर उसमें से 400 किलोग्राम मिलावटी पनीर बरामद करके उसे नष्ट करवाया।

## धर्म मंत्र

# दीपक की भाँति प्रकाशमान होना

मनुष्य को सदा दीपक की भाँति प्रकाशमान होना चाहिए। दीपक को यदि अन्धेरे कक्ष में जला दिया जाए तो वह अन्धकार को दूर करके उस कमरे को प्रकाशित करता है। उस समय यह पता ही नहीं चलता कि उस कमरे में कभी अन्धेरे का साम्राज्य था। उसी तरह मनुष्य को अपने सद् गुणों से चारों ओर अपना प्रकाश फैलाना चाहिए। मनुष्य इसीलिए मनुष्य कहलाता है कि वह अपने परिवेश में चारों ओर रहने वाले दूसरे लोगों की सुधबुध लेता रहे। उनके सुख-दुख को समझे और उनके साथ खड़ा रहे। जब सूर्य का प्रकाश तीव्र होता है, उस समय किसी अन्य प्रकाश की आवश्कयता नहीं होती। उसके उपस्थित न होने पर ही अन्धकार अपने पैर पसारने लगता है। ऐसे समय में यदि एक छोटा-सा दीपक अन्धेरे कमरे में रख दिया जाए तो उसके प्रकाश से कमरे में उजियारा हो जाता है। वहाॅं पर रखी हुई सभी वस्तु? स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगती हैं। वहाँ पर चलने-फिरने वाले लोगों का आवागमन इस प्रकार सुविधापूर्वक होने लगता है कि वे ठोकर खाकर गिरने से बच जाते हैं। जिन मनुष्यों को उनके शुभकर्मों के कारण ईश्वर ने सामर्थ्यवान बनाया है, उनको चाहिए कि वे समाज के पिछड़े वर्ग के लिए दीपक की भाँति बनें। उनकी समस्याओं को सुनकर और समझकर उनकी उन्नति के लिए प्रयास करना चाहिए। उन लोगों के चेहरों पर यदि वे थोड़ी-सी प्रसन्नता भी ला पाएँ तो उनका मानव जीवन पाना वास्तव में सफल हो गया समझिए। वास्तव में मनुष्य वही कहलाता है जो अपने देश, धर्म व समाज के लिए कुछ कर गुजरने का साहस रखता हो। जिस प्रकार दीपक छोटे-बड़े, अमीर-गरीब, धर्म-जाति आदि सभी प्रकार के बन्धनों से ऊपर उठकर सबको बराबर प्रकाश देता है, उसी प्रकार ये महापुरुष भी सबको एक समान मानते हैं।

## पर्यटन



# भगवान राम के पुत्र ने बसाया था पाकिस्तान का शहर लाहौर, यहां है उनका बेहद खूबसूरत मंदिर

पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के ऐतिहासिक लाहौर किले में स्थित लव मंदिर का पूर्ण जीर्णोद्धार कर इसे जनता के लिए खोल दिया गया है। यह मंदिर भगवान राम के पुत्र लव के प्रति समर्पित है। 'वॉल्ड सिटी लाहौर अथॉरिटी' (डब्ल्यूसीएलए) ने मंगलवार को कहा कि उसने 'आगा खान कल्चरल सर्विस-पाकिस्तान' के सहयोग से लव मंदिर के साथ साथ - सिख कालीन हमाम (स्नानागार) और महाराजा रणजीत सिंह के अठदारा मंडप - का संरक्षण कार्य पूरा कर लिया है। लव मंदिर लाहौर किले के भीतर स्थित परस्पर जुड़े कक्षों का एक समूह है। लव मंदिर एक खुला स्थान है, जिसमें एक स्मारक स्थल है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, लाहौर का नाम भगवान राम के पुत्र लव के नाम पर रखा गया है। लव मंदिर का आंशिक जीर्णोद्धार 2018 में किया गया था। डब्ल्यूसीएलए की प्रवक्ता तानिया कुरैशी ने कहा-''इस जीर्णोद्धार पहल का उद्देश्य लाहौर किले की समृद्ध बहुसांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाना है, जो इसके सिख और हिंदू मंदिरों, मुगल मस्जिदों और ब्रिटिश काल की संरचनाओं में परिलक्षित होती है। भौगोलिक दृष्टि से पाकिस्तान के दूसरे सबसे बड़े शहर लाहौर को भगवान श्रीराम के पुत्र लव ने ही बसाया था। इस शहर का नाम पहले लवपुरी हुआ करता था, जिसे बाद में बदलकर लाहौर कर दिया गया। ऐसी मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने अपने पुत्र कुश को दक्षिण कोसल का राज्य सौंपा था, जिसे कुशस्थली कहा जाता था और वहीं अपने दूसरे पुत्र लव को पंजाब का राज्य दिया था। लव ने अपनी एक अलग राजधानी बनाई, जिसे उन्होंने लवपुरी नाम बना दिया। यही लवपुरी आज लाहौर के नाम से फ़ेमस है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आया खलासी, दर्दनाक मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम रसौली के निकट एक ढाबे के सामने डीसीएम के टायरों मे हवा चेक कर रहा खलासी मसौली थाना के ग्राम डुबकी निवासी 43 वर्षीय राम प्रसाद को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। फलस्वरूप घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हुई। रूप मे हुई है पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है। मृतक राम प्रसाद गरीब एवं बेरोजगार था। परिवार पालने के लिए डीसीएम



परकाम करता था तीन पुत्र बब्लू , अमन , किशन दो पुत्रियां कुसुम और सौम्या हैं। गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# नि:शुल्क शिविर में सैकड़ा रोगियों का उपचार, दवाएं भी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। डाक्टर भाटिया चंद्रा आई अस्पताल लखनऊ के तत्वावधान मे गुरुवार को पंचायत भवन बड़ागांव मे निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर मे एक सैकड़ा से अधिक लोगो की आँखों की जाँच कर दवाए एवं उचित परामर्श नेत्र चिकित्सक डा.सुप्रिया पैरा स्टाफ नर्स मोहिनी, रवि एवं लोकेन्द्र सिंह ने दी। चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ करते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने कहा कि ईश्वर की सबसे बड़ी अनमोल तोहफा आँख है जिसकी हिफाजत के लिए समय समय पर जाँच कराना बहुत जरूरी है। प्रधान प्रतिनिधि ने कहा कि आँखों को बीमारियों से बचाना बहुत जरूरी है नहीं तो उम्र से पहले ही हमें आंखों से संबंधित बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।



आखिर आंखें हैं तो दुनिया की तमाम खूबसूरती का हमारे लिए मायने है। आंखें हमारे लिए अनमोल हैं और इसके बिना हम इस खूबसूरत दुनिया को नहीं देख सकते। इस दौरान कैम्प मैनेजर लोकेन्द्र सिंह ने ग्रामीणों को कैलेंडर भी वितरित किया।

इस मौक़े समाजसेवी मतीन अंसारी, कृष्ण कुमार गुप्ता, कल्लू राम यादव, अरुण कुमार नाग, राजेंद्र प्रसाद , जमील अहमद अंसारी सुएब खान, नसीर अहमद, रजिया शाह, सहित ग्रामीण मौजूद

## फैंसी फंदे पर झूला चिकित्सक

बाराबंकी। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम देवकलिया निवासी संदीप कुमार वर्मा पुत्र सूर्य प्रकाश सफदरगंज बदोसराय मार्ग पर स्थित मौलाबाद चौराहे पर निजी क्लिनिक चलाते है बुधवार की देर घर लौटे संदीप कुमार का अपनी पत्नी आरती से किसी बात को लेकर वाद विवाद हो गया जिसपर पत्नी रात्रि मे गाँव मे किसी के घर चली गयी और संदीप अपने 8 वर्षीय पुत्र के साथ कमरे मे सोने चला गया गुरुवार की भोर घर पहुंची पत्नी ने संदीप का शव कमरे मे मोफलर के फंदे से लटकता मिला।मसौली थाने के अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सनत मिश्रा, कस्बा प्रभारी अभय गुप्ता ने फ़ारसेंसिक टीम के साथ पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पत्नी के बींच विवाद मौत का कारण बताया जा रहा है।

## कृमिरोग मुक्त अभियान 10 फरवरी को खिलाएं खुराक

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत सिरौलीगौसपुर ब्लॉक में बच्चों को कृमिरोग से मुक्त करने के लिए एल्बेंडाजोल टैबलेट वितरण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कंपोजिट विद्यालय सिरौलीगौसपुर में संपन्न हुआ, जिसमें ब्लॉक के सभी नोडल शिक्षक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान डॉ. देव प्रताप सिंह और ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर शैलेश कुमार रावत ने बच्चों और अभिभावकों को एल्बेंडाजोल टैबलेट के महत्व व बचाव के उपायों पर भी विस्तार से जागरूक किया।जानकारी के अनुसार, 10 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस पर बच्चों को एल्बेंडाजोल टैबलेट खिलाई जाएगी। विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को निर्धारित तिथि पर दवा अवश्य दिलवाएं। इसका उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ और कृमिरोग मुक्त बनाना है।

# सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले से अनुदेशकों में खुशी की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। वर्षों से अल्प मानदेय, अस्थायी सेवा और भविष्य की अनिश्चितता से जूझ रहे परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत अनुदेशकों के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय का ताजा फैसला किसी ऐतिहासिक उपलब्धि से कम नहीं है। इस निर्णय के आते ही प्रदेश भर के अनुदेशकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। करीब नौ वर्षों से चल रही हक और सम्मान की लड़ाई अब न्याय की मुहर के साथ एक नई उम्मीद बनकर सामने आई है। यह फैसला न केवल अनुदेशकों को आर्थिक मजबूती देता है, बल्कि उनके आत्मसम्मान, सेवा सुरक्षा और सामाजिक प्रतिष्ठा को भी सुदृढ़ करता है। माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा ?17,000 प्रतिमाह मानदेय को मान्यता दिए जाने और सरकार की अपील को खारिज किए जाने के बाद अनुदेशक परिवारों में उत्साह का माहौल है। लंबे समय से संघर्ष कर रहे अनुदेशक अब यह उम्मीद लगाए बैठे हैं कि न्यायालय के इस निर्णय के बाद सरकार भी सकारात्मक कदम उठाएगी और वर्षों से चली आ रही समस्याओं का स्थायी समाधान करेगी। अनुदेशकों का मानना है कि यह फैसला उनके लिए केवल आर्थिक राहत नहीं, बल्कि सम्मानपूर्वक







## योगी सरकार से अनुदेशकों ने मांगा नियमितीकरण का तोहफा

जीवन जीने का मार्ग भी प्रशस्त करता है। गौरतलब है कि अनुदेशक वर्ष 2013 से मानदेय बढ़ाने की मांग करते आ रहे थे। वर्ष 2017 में राज्य सरकार द्वारा 17,000 मानदेय का प्रस्ताव पीएबी को भेजा गया था, जिसे पीएबी द्वारा स्वीकृति भी मिल गई थी, लेकिन इसके बावजूद राज्य सरकार द्वारा मानदेय का भुगतान नहीं किया गया। इस उपेक्षा से आहत होकर अनुदेशकों को माननीय हाईकोर्ट की शरण लेनी पड़ी, जहां न्यायालय ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया। इसके बाद राज्य सरकार इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची, जहां लंबी सुनवाई के बाद सरकार की अपील को खारिज कर अनुदेशकों के पक्ष में अंतिम निर्णय दे दिया गया। इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व माध्यमिक अनुदेशक कल्याण समिति, बाराबंकी के जिला अध्यक्ष रमाकांत वर्मा ने कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का वे हृदय से स्वागत और अभिनंदन करते हैं। उन्होंने सरकार से अपील की कि अब अनुदेशकों को उनके ही पद पर नियमित कर वर्षों से चली आ रही समस्याओं का अंत किया जाए, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण सम्मानपूर्वक कर सकें। वहीं याचिकाकर्ता अमित वर्मा ने कहा कि वर्ष 2017 में 17000 मानदेय का प्रस्ताव पास होने के बावजूद भुगतान न किया जाना अनुदेशकों के साथ अन्याय था। हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट तक चली लंबी कानूनी लड़ाई के बाद यह ऐतिहासिक फैसला आया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार माननीय न्यायालय के निर्णय का सम्मान करते हुए अनुदेशकों को नियमित कर न्यायपूर्ण कदम उठाएगी। अनुदेशक लवकुश पाण्डेय ने कहा कि यह फैसला एक बार फिर साबित करता है कि सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं। यह नौ वर्षों के संघर्ष का परिणाम है और अब सरकार को चाहिए कि शीर्ष अदालत के फैसले का सम्मान करते हुए अनुदेशकों को नियमित कर उनके भविष्य को सुरक्षित करे।

योगेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय ने अनुदेशकों को न्याय दिलाया है। यह फैसला न केवल आर्थिक रूप से मजबूती देगा, बल्कि अनुदेशकों के मनोबल को भी नई ऊंचाई देगा। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने जब सेवा को नियमित माना है, तो अब सरकार को भी इस दिशा में ठोस निर्णय लेना चाहिए। अनुदेशक अर्चना सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का वे स्वागत करती हैं। इससे शिक्षा व्यवस्था की नींव मजबूत होगी और नियमित मानदेय व एरियर मिलने से शिक्षक पूरे मनोयोग से विद्यार्थियों की पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार इस फैसले का सम्मान करते हुए सम्मानजनक मानदेय लागू करेगी, जिससे अनुदेशक परिवारों में भी खुशहाली आ सके।

कुल मिलाकर, माननीय सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला अनुदेशकों के वर्षों से चले आ रहे संघर्ष की ऐतिहासिक जीत है। अब पूरे प्रदेश के अनुदेशकों की निगाहें सरकार पर टिकी हैं कि वह इस फैसले को सम्मान देते हुए नियमितीकरण का तोहफा देकर हजारों परिवारों के जीवन में स्थायी खुशियां लाए।

# तीर्थ यात्रियों की सेवा सुविधा,प्रबंधन में पुलिस तत्पर, व्यापारियों को चेताया, बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। प्रसिद्ध फाल्गुनी कांवरिया मेले को लेकर श्री लोधेश्वर महादेवा धाम में प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।शांति सुरक्षा व सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं हेतु थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडेय की अध्यक्षता में ढाबा होटल व पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक हुई।बैठक में भोजन की तय दरें लगाने अधिक वसूली रोकने और मेले के दौरान केवल शाकाहारी भोजन परोसने के निर्देश दिए गए।यातायात व्यवस्था को लेकर पेट्रोल पंप संचालकों को राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की अनावश्यक पार्किंग न होने देने के निर्देश मिले।साथ ही पुलिसकर्मियों को कांवड़ियों से विनम्र संवाद उनकी सेवा जलपान और विश्राम की सुविधा सुनिश्चित करने को कहा गया।इस



बैठक में पुलिस टीम के साथ क्षेत्रीय ढाबा व पेट्रोल पंप संचालक मौजूद रहे।

## कृषि फार्मर रजिस्ट्रेशन, एडीओ ने किया सर्वे

सिरौली गौसपुर बाराबंकी। ग्राम पंचायत बरौलिया में सहायक विकास अधिकारी कृषि रंजीत कुमार वर्मा ने कृषि फार्मर रजिस्ट्रेशन के लिए सर्वे किया। गुरुवार को उन्होंने गांव में घर-घर जाकर किसानों से संपर्क साधा।इस दौरान एडीओ रंजीत वर्मा ने किसानों से कृषि फार्मर रजिस्ट्रेशन से संबंधित जानकारी ली। सर्वे में पाया गया कि अधिकांश किसान पहले ही अपना रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं।जिन किसानों ने अभी तक फार्मर रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया था, उनके आवश्यक दस्तावेज मौके पर ही एकत्र कर गांव में ही उनका पंजीकरण किया गया। यह सुविधा किसानों को घर बैठे उपलब्ध कराई गई।एडीओ वर्मा ने किसानों से अपील की कि जिन लोगों ने अभी तक कृषि फार्मर रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है, वे जन सेवा केंद्र या विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों से संपर्क कर अपना पंजीकरण करवा लें। इससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने में कोई असुविधा नहीं होगी।सहायक विकास अधिकारी कृषि रंजीत कुमार वर्मा ने बताया कि बिना रजिस्ट्रेशन वाले किसानों का पंजीकरण मौके पर ही सुनिश्चित किया जा रहा है।

## बाइक भिड़ी हादसे में दो छात्र जख्मी

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। छुट्टी के बाद बाइक से घर लौट रहे छात्र 10 वर्ष आरुष व अक्षत सैनी 15 वर्ष पुत्र देवीशंकर सैनी निवासी ब्राह्मणी टोला को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मर दी। बाइक में आमने–सामने हुई टक्कर से दोनों बच्चे घायल हो गए। दूसरे मोटरसाइकिल का चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने तुरंत दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। चिकित्सक ने उपचार बाद दोनों छात्रों की हालत स्थिर बताई है

## महिला प्रधान के घर चोरी, पुलिस भूमिका पर सवाल

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र की एक महिला ग्राम प्रधान श्रीमती अनीता देवी पत्नी हरगोविंद गौतम फतेहपुर ग्राम रालभारी ने बेलहरा चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाया है।पुलिस अधीक्षक को दिये गये प्रार्थना पत्र मे कहा है कि मेरे घर में गत 31जनवरी की रात्रि में अज्ञात चोर मुख्य कमरे घुस आये और अलमारी और बक्शो खोलकर रखी करीब पांच लाख कीमत जेवरात गृहस्थी आदि उठा ले? गए। चोरों को पहचाना।शोर मचा दिया, चोर धमकी दे ते हुए चले गए। रात्रि मे ही घटना की सूचना बेलहरा चौकी इंचार्ज को दी। महिला का आरोप है कि जब इस संबंध में चौकी स्तर पर शिकायत की गई तो उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए घर वापस घर लौट जाओ वरना झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई।

## कदीमी महफिल कलाम पेश

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। हज़रत इमाम मेहदी (अ) की विलादत मुनासिबत से होनी वाली क़दीमी महफ़िल बड़ा इमाम बाड़ा में मुनक़िद की गई जिसमें मकामी और बैरूनी शोअरा ने हज़रत मुहम्मद (सल) और उनके प्यारे अहलेबैत (अ) की शान में कलाम पेश किया। मकामी शोअरा में मुज्तबा, हसन, हसन रज़ी, हसन तक़ी, हुसैन ज़हीर सलीम काजमी और इरफान फतेहपुरी ने मंजूम नज़राना ए अक़ीदत पेश किया।

बैरूनी शोअरा में मसरूर महमूदाबादी, जरगाम हैदर, फैज़अब्बास लखनवी,मशरेक़ैन अब्बास, मिर्ज़ा सादिक अब्बास और मौलाना साजिद रज़ा रिज़वी ने नज़राना ए अक़ीदत पेश किया।

## भाकियू सिंघानिया का सदस्यता अभियान, बैठक

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय तहसील क्षेत्र गांव पुरेतुला मजरे सनौली के हनुमान मंदिर परिसर में भारतीय किसान मजदूर यूनियन सिंघानिया की मासिक बैठक और महा सदस्यता अभियान चलाया गया।जिला अध्यक्ष सरदार वीरेंद्र सिंह ने लगभग दो दर्जन से अधिक महिलाओं और पुरुषों को प्रमाण पत्र देकर संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यता दिलाई।बैठक में खेतों में घुम रहे सांडों को पकड़वाने,किसानों को मनरेगा योजना के तहत रोजगार मिलने तथा किसानों को स्वास्थ्य चिकित्सा सेवा सहज की मांग की।इस अवसर पर लल्लू सिंह संगठन मंत्री,नन्हे लाल विश्वाकर्म तहसील अध्यक्ष शिवमगन रावत,रामनरेश, रामप्रकाश,प्रतिमा मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष महिला प्रकोष,कुसमा देवी, पंचम बाबा, सोमनाथ, नवमीलाल,वैभव सिंह,कीर्तिराज, सहित तमाम किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नेशनल हाईवे हरियाली बाजार के पास दो कारों की भिड़ंत सहित दस लोग घायल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव रायपुर विचपुरी निवासी शावान गुरुवार दोपहर दो बजे लगभग किसी काम से पूरनपुर आ रहा था। इसी दौरान हाईवे पर उसकी बाइक को दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे शावान गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल लाया गया। दूसरा हादसा बुधवार की रात हरियाली बाजार के पास दो कारों की भिड़ंत हो गई, जिसमें कलीनगर निवासी 50 वर्षीय केसर खां, डगा सुखदासपुर निवासी 58 वर्षीय इसरार हुसैन, राहिला (23), रिजा (19), आशिया (28) और दो बच्चे—चार माह की हमजा पुत्री नाजिम तथा छह वर्षीय जमाल हुसैन पुत्र मौलाना कमरु जमा—एक कार में सवार थे,जो गांव गोरा में शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार दूसरी कार में मोहनपुर निवासी सुखविंदर सिंह और पंकज कालौनी निवासी पारस सवार थे,दोनों कारों की भिड़ंत में 9 लोग घायल हो गए थे,डॉक्टर ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया था।

# अतिशीघ्र हो समस्त परिषदीय शिक्षकों का वेतन भुगतान : अभिषेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी ।चलऽअचल संपत्ति विवरण को लेकर जारी हालिया शासनादेश ने परिषदीय शिक्षकों के बीच जिस भ्रम और असमंजस को जन्म दिया, वह अब केवल स्थानीय स्तर का विषय नहीं रह गया है। आदेश के सूक्ष्म अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि यह प्रावधान राज्य कर्मचारियों पर लागू है। भले ही पत्र में बेसिक शिक्षा शब्द का उल्लेख हो, किंतु उसका आशय बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन कार्यरत राज्य कर्मचारी हैं, न कि परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर इसे परिषदीय शिक्षकों से जोड़कर देखा जाने लगा, जिससे वेतन और सेवा शर्तों को लेकर चिंता स्वाभाविक थी। इसी क्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने वित्त एवं लेखाधिकारी संतोष कुमार मौर्या से, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक से वार्ता की, स्पष्ट किया कि परिषदीय शिक्षक राज्य कर्मचारी नहीं हैं, अतः वर्तमान आदेश उन पर लागू नहीं होता। बिना किसी स्पष्ट शासनादेश के चलऽअचल संपत्ति विवरण को वेतन से जोड़ना न केवल अव्यवहारिक है, बल्कि शिक्षक हितों के भी प्रतिकूल है। इस मुद्दे पर केवल जिला स्तर ही नहीं, बल्कि प्रांतीय संगठन ने भी स्पष्ट रूप से आपत्ति दर्ज कराई है। प्रांतीय नेतृत्व ने एक स्वर में कहा है कि यदि इस आदेश को परिषदीय शिक्षकों पर लागू करने का प्रयास किया गया, तो उसका संगठित और लोकतांत्रिक विरोध किया जाएगा। यह विरोध किसी पारदर्शिता के खिलाफ नहीं, बल्कि अस्पष्ट और अन्यायपूर्ण व्याख्या के विरुद्ध है, वित्त एवं लेखाधिकारी संतोष कुमार मौर्या ने मार्गदर्शन पत्र भेजे जाने एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने सकारात्मक रुख प्रदर्शित करते हुए प्रकरण के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# माफियाओं का आतंक, आश्रम के कांटे हरे पेड़ और उठा ले गए सारा सामान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। कोतवाली नगर थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करता हुआ एक गंभीर मामला सामने आया है, जहाँ खुलेआम गाली-गलौज, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी दी गई।हर जगह घटना की चर्चा हो रही है।

पीड़ित दयानन्द शाह, दाता,पुत्र स्व अनमोल शाह,दाता निवासी कोतवाली नगर कस्बा पाचोपीरन सत्य साईं दाता आश्रम सुल्तानपुर ने थाने में दी गई तहरीर में बताया है कि नगर क्षेत्र में वर्षों से संचालित आश्रम के हरे वृक्षों को काटकर कई लोग उठा ले गए हैं। उन्होंने बताया कि वे भंडारे में गए हुए थे,जब भंडारे से 2 फरवरी को लौट कर आए तो उन्होंने देखा कि बीस,बाइस पेड़ कटे हुए थे ।कटे हुए वृक्षों की आयु बीस साल से अधिक और सौ वर्ष तक थी।



मंगलवार 3 फ़रवरी को आश्रम के दाता द्वारा शिकायती पत्र थाना प्रभारी और वन विभाग को दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया है कि देखरेख करने वाले आश्रम की सच्चिदानंद साव की मिली भगत से ननकू सिंह, अजय,मनु सिंह, पुत्तन ,पटन ,मनीराम,मुंदरलाल, राजेंद्र यादव सहित दर्जनों लोगों द्वारा षड्यंत्र करके आश्रम के वृक्ष काटे गए।वे लोग आश्रम का सामान भी ताला तोड़कर उठा ले गए हैं।112 पर पीढ़ी द्वारा शिकायत की गई। सिपाही द्वारा मौके का निरीक्षण भी किया गया परंतु खबर लिखे जाने तक कोई भी लिखित कार्यवाही नहीं की गई ।थाना प्रभारी से इस संदर्भ में बात हुई तो उन्होंने कहा प्रकरण संज्ञान में है। दोषी बक्से नहीं जाएंगे, दोषियों के विरुद्ध विधि कार्रवाई की जाएगी।

# गंभीर का दबदबा और सूर्यकुमार की आजादी बनाती है भारत के लिए शानदार मिश्रण

एजेंसी

नयी दिल्ली। राहुल द्रविड़ के भारतीय टीम के मुख्य कोच के तौर पर अपने शानदार और बेहद सफल कार्यकाल को खत्म करने के तुरंत बाद रोहित शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट लिखा था जिसके एक वाक्य ने कोच-कप्तान के रिश्ते को पूरी तरह से बयां कर दिया। रोहित ने लिखा, ''मेरी पत्नी (रितिका सजदेह) आपको मेरी 'वर्क वाइफ' कहती है और मैं खुशकिस्मत हूं कि मैं भी आपको ऐसा कह पाता हूं। जो लोग रोहित को जानते हैं वे इस बात की पुष्टि करेंगे कि वह कभी भी बिना सोचे-समझे बात नहीं करते और उन्होंने हर शब्द सोच-समझकर कहा था जब उन्होंने कप्तान-कोच के रिश्ते की तुलना शादी से की, जहां दो लोगों की सोच एक जैसी होनी चाहिए और उन्हें एक ही धुन पर चलना चाहिए। भारत 72 घंटे से भी कम समय में टी20 विश्व कप में अपना खिताब बचाने के अभियान की शुरुआत करेगा तो सूर्यकुमार यादव और गौतम गंभीर के काम के रिश्ते पर नजर डालना बनता है जो कम से कम नतीजों के हिसाब से तो शानदार रहा है – 39 मैच में 31 जीत और जीत का प्रतिशत 79.48। भारतीय क्रिकेट में अधिकतर सफल कप्तानों के लिए कोच हमेशा दूसरे नंबर पर रहे हैं। खेल की गहरी समझ रखने वाले पूर्व कोच रवि शास्त्री हमेशा इस बात पर जोर देते थे कि यह विराट कोहली की टीम है और कप्तान ही इसका जनरल है। जॉन राइट-सौरव गांगुली, गैरी कर्स्टन-महेंद्र सिंह धोनी और द्रविड़-रोहित के मामले में भी ऐसा ही था, जहां कप्तान ही टीम का असली 'बॉस' था। टी20 प्रारूप में सबसे तेजी से बदलाव हुए हैं और इसी वजह से फुटबॉल-मैनेजर शैली की कोचिंग की जरूरत पड़ी है जो गंभीर के स्वभाव के अनुसार बिल्कुल सही है। और गंभीर की रणनीति को जरूरी आकार देने के लिए सूर्यकुमार की जरूरत थी, एक ऐसा व्यक्ति जिसे अपने कौशल पर पूरा भरोसा हो और जो अपनी काबिलियत के बारे में जानता हो ताकि उन्हें पूरी तरह से लागू कर सके। लेकिन पिछले एक साल में, ऐसे कई उदाहरण मिले हैं जो बताते हैं कि गंभीर 'प्लान' बनाने वाले हैं और सूर्या उसे लागू करने वाले हैं। बेशक दोनों के बीच एक अच्छा इतिहास है क्योंकि खिलाड़ी के तौर पर सूर्यकुमार ने पहली बार सुर्खियां तब बटोरी जब उन्होंने गंभीर की कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए फिनिशर की भूमिका निभाई और उनका अब मशहूर नाम 'स्काई' असल में उन्हें मौजूदा मुख्य कोच ने ही दिया था। भारतीय क्रिकेट में यह एक खुला राज है कि 2024 में तब के नए मुख्य कोच का सूर्यकुमार को हार्दिक पंड्या पर तरजीह देते हुए टी20 कप्तान का पद दिलाने में बहुत बड़ा हाथ था। निजी तौर पर गंभीर और सूर्यकुमार बिल्कुल अलग हैं और अक्सर यह टीम के लिए अच्छा होता है। गंभीर दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर के एक बहुत अमीर व्यावसायिक परिवार से हैं जबकि सूर्यकुमार मुंबई के चेंबूर के एक मध्यमवर्ग के परिवार से हैं।




# एफआईएच पुरुष प्रो लीग 2025-26 राउरकेला चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम घोषित

एजेंसी

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को एफआईएच पुरुष प्रो लीग 2025ऽ26 के राउरकेला चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। टूर्नामेंट का यह चरण 10 से 15 फरवरी 2026 तक ओडिशा के राउरकेला स्थित बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। राउरकेला चरण में मेजबान भारत के साथ अर्जेंटीना और बेल्जियम जैसी मजबूत टीमें हिस्सा लेंगी, जिससे घरेलू दर्शकों के सामने बेहद रोमांचक और उच्च स्तरीय मुकाबलों की उम्मीद की जा रही है। भारतीय टीम में अनुभव और युवा प्रतिभा का संतुलित मिश्रण देखने को मिलता है। टीम प्रबंधन ने सभी विभागों–गोलकीपिंग, डिफेंस, मिडफील्ड और फॉरवर्ड लाइन–में गहराई और संतुलन बनाए रखने पर खास ध्यान दिया है, ताकि प्रो लीग अभियान की घरेलू शुरुआत मजबूती से की जा सके। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी सूरज कारकेरा और पवन संभालेंगे। डिफेंस की कमान कप्तान हरमनप्रीत सिंह के हाथों में होगी। उनके साथ अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, सुमित, संजय और नीलम संजीप ज़ेस शामिल हैं, जो टीम को रक्षात्मक मजबूती और नेतृत्व प्रदान करेंगे। डिफेंस सूची में अमनदीप लकड़ा का नाम भी शामिल है, जिन्होंने हाल ही में संपन्न पुरुष हीरो हॉकी इंडिया लीग 2025ऽ26 में शानदार प्रदर्शन किया था और 'हीरो प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुने गए थे। मिडफील्ड में राजिंदर सिंह, मनमीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, हार्दिक सिंह, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, नीलकंात शर्मा और रोसन कुजूर शामिल हैं। यह यूनिट अनुभव, नियंत्रण और रचनात्मकता का बेहतरीन संयोजन पेश करती है। ओडिशा के 21 वर्षीय रोसन कुजूर को पहली बार सीनियर राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है। वह 2025 एफआईएच जूनियर वर्ल्ड कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय जूनियर टीम का हिस्सा थे और हीरो हॉकी इंडिया लीग में वेदांता कलिंगा लांसरस के खिताबी अभियान में भी अहम भूमिका निभा चुके हैं। फॉरवर्ड लाइन में अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लकड़ा, सेल्वम कार्थी, मनदीप सिंह, अराइजित सिंह हुंडल और आदित्य अर्जुन ललागे शामिल हैं, जिन पर गोल करने और आक्रामक बढ़त दिलाने की जिम्मेदारी होगी।




# ज़ाग्रेब रैंकिंग सीरीज़ कुश्ती: अमन सहरावत को रजत, सुजीत कलकल ने जीता स्वर्ण

एजेंसी

नई दिल्ली। ज़ाग्रेब में जारी रैंकिंग सीरीज़ कुश्ती टूर्नामेंट में भारत ने शानदार शुरुआत की है। पुरुष फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं के पहले दिन बुधवार को भारत ने एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम करते हुए अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग सर्किट में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत ने 61 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतकर भारत को दिन का पहला बड़ा परिणाम दिलाया।

अमन ने शुरुआती दोनों मुकाबलों में दमदार तकनीकी जीत दर्ज की। उन्होंने पहले मुकाबले में जॉर्जिया के जियोर्गी गोनियाशविली को 10-0 से और दूसरे मुकाबले में ईरान के रज़ा मोमेनिजूजादेह को 12-2 से मात दी। हालांकि तीसरे दौर में अमन को अमेरिका के ऑस्टिन डी-सैंटो के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, जहां अमेरिकी पहलवान ने उन्हें 0-8 से फॉल के जरिए पराजित किया। भारत के लिए दिन का एकमात्र स्वर्ण पदक सुजीत कलकल ने दिलाया।

सुजीत ने पुरुषों के 65 किग्रा भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। उनकी इस जीत से भारतीय दल को टूर्नामेंट के शुरुआती दिन ही बड़ा मनोबल मिला और अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग अंक भी हासिल हुए।



# हम बांग्लादेश के साथ हैं, सोच समझकर लिया भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार का फैसला : पाक प्रधानमंत्री

एजेंसी

कराची। भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच के बहिष्कार को सही फैसला बताते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा कि बांग्लादेश के समर्थन के लिये यह 'सोच समझकर' लिया गया फैसला है। पाकिस्तान सरकार ने अपनी क्रिकेट टीम को कोलंबो में भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाला मैच नहीं खेलने के लिये कहा है।इससे पहले सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार पर बांग्लादेश को विश्व कप से हटाकर स्कॉटलैंड को उसकी जगह शामिल किया गया। शरीफ ने यहां सरकार की एक बैठक के बाद कहा ,'' हमने टी20 विश्व कप पर स्पष्ट रूख अपनाया है कि हम भारत के खिलाफ नहीं खेलेंगे क्योंकि खेल के मैदान पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिये। उन्होंने कहा ,' हमने सोच समझकर यह रूख अपनाया है और हम पूरी तरह से बांग्लादेश के साथ हैं। मुझे लगता है कि यह बिल्कुल सही फैसला है। आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को चेताया है कि यह 'हाई प्रोफाइल' मैच नहीं खेलने पर उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। पाकिस्तानी टीम बाकी लीग मैच खेलने कोलंबो पहुंच गई है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड कह चुका है कि भारत का सामना अगर नॉकआउट चरण में होता है तो वह सरकार की सलाह पर अमल करेगा। तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को बीसीसीआई के निर्देश पर आईपीएल से बाहर किये जाने के बाद बांग्लादेश ने भारत में खेलने से इनकार कर दिया था। भारतीय बोर्ड ने कारण नहीं बताया लेकिन बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के बीच यह फैसला लिया गया।



# कोचिंग में सुधार पर गोपीचंद की अगुवाई वाली समिति के प्रस्तावों पर चरणबद्ध अमल होगा : मांडविया

नयी दिल्ली। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय कोचिंग के 'इकोसिस्टम' में बदलाव पर पुलेला गोपीचंद की अध्यक्षता वाले कार्यबल के सुझावों पर चरणबद्ध तरीके से अमल किया जायेगा और प्रारंभिक चरण में उनकी मान्यता और प्रशासन के लिये राष्ट्रीय बोर्ड का गठन शामिल है।

भारत में कोचिंग नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिये किये जा रहे प्रयासों के संदर्भ में राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में मांडविया ने कार्यबल द्वारा दिये गए सुझावों की जानकारी दी। मांडविया ने कहा ,'' कार्यबल के सुझावों पर चरणबद्ध तरीके से अमल होगा। पहला चरण एनसीएबी (राष्ट्रीय कोच मान्यता बोर्ड) का गठन है।इसके बाद लाइसेंसिंग और अलग अलग चरण तय किये जायेंगे।

# सर्राफा बाजार में तेजी जारी, चांदी ने लगाई जोरदार छलांग

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में आज तेजी का रुख नजर आ रहा है। इसी तरह चांदी भी आज मजबूती के साथ कारोबार कर रही है। कीमत में तेजी आने के कारण सोना आज 440 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 480 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। वहीं, चांदी की कीमत में आज 20,100 रुपये प्रति किलोग्राम तक की जोरदार तेजी दर्ज की गई है। सोने की कीमत में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,54,420 रुपये से लेकर 1,54,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,41,550 रुपये से लेकर 1,41,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में जबरदस्त उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज तीन लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,54,570 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,700 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,54,420 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,54,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,600 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,54,420 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,41,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,54,420 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,54,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,41,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,54,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,41,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,54,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,41,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,54,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।



# गोयल को 4 से 5 दिन में भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते के संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर अगले चार से पांच दिनों में संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि संयुक्त बयान के बाद एक औपचारिक समझौता होगा, जिस पर मार्च के बीच में हस्ताक्षर किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि संयुक्त बयान के बाद अमेरिका मौजूदा टैरिफ को 18 फीसदी तक कम करने के लिए एक कार्यकारी आदेश जारी करेगा। अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग ने यहां एक प्रेस कांफ्रेस में कहा कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते का पहला हिस्सा लगभग तैयार है। पीयूष गोयल ने कहा कि हमें उम्मीद है कि अगले 4-5 दिनों में एक संयुक्त बयान (जॉइंट स्टेटमेंट) पर हस्ताक्षर हो जाएंगे। गोयल ने संवाददाताओं को बताया कि समझौते के पहले चरण के लिए कानूनी समझौते पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त बयान के बाद एक विस्तृत कानूनी समझौता किया जाएगा। वाणिज्य मंत्री ने साथ ही बताया कि इस समझौते में किसी भी प्रकार के निवेश की प्रतिबद्धता नहीं है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि एक बार बयान पर हस्ताक्षर हो जाने के बाद यह एक कानूनी समझौते में तब्दील हो जाएगा, जबकि मार्च के मध्य तक हमें उस कानूनी समझौते पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। कानूनी दस्तावेज पर हस्ताक्षर होने के बाद भारत कुछ अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क में कटौती करेगा।




## संक्षिप्त समाचार

### एमसीजी करेगा ऐतिहासिक 150वां एनिवर्सरी टेस्ट की मेजबानी, टिकटों की रिकॉर्ड मांग

**नई दिल्ली।** मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में मार्च 2027 में खेले जाने वाले ऐतिहासिक 150वें एनिवर्सरी टेस्ट को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच होने वाले इस खास मुकाबले के लिए टिकटों की मांग उम्मीद से कहीं ज्यादा रही है। सार्वजनिक टिकट बैलेट इस सप्ताह बंद होने जा रहा है और उससे पहले ही भारी संख्या में आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। यह ऐतिहासिक टेस्ट मैच 11 मार्च 2027 से एमसीजी में खेला जाएगा और खास बात यह है कि यह पिंक बॉल से डे-नाइट टेस्ट होगा। यह मुकाबला क्रिकेट के 150 साल के गौरवशाली इतिहास का जश्न होगा, जिसमें खेल की दुनिया के कई बड़े और प्रतिष्ठित नामों की मौजूदगी तय मानी जा रही है। टिकटों की अत्यधिक मांग को देखते हुए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अपने इतिहास में पहली बार सार्वजनिक बैलेट सिस्टम अपनाया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार, इस बैलेट के लिए आवेदन की अंतिम तिथि शुक्रवार, 6 फरवरी को शाम 5 बजे (ऑस्ट्रेलिया समय के अनुसार) तय की गई है। बैलेट बंद होने के बाद सभी आवेदनों को रैंडमाइज किया जाएगा और सफल आवेदकों को 20 फरवरी तक सूचित किया जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को इस इवेंट के लिए न केवल विक्टोरिया बल्कि अन्य राज्यों और विदेशों से भी बड़ी संख्या में आवेदन मिले हैं। खास तौर पर विदेशों से आए अधिकतर आवेदन यूके से हैं। अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय आवेदनों को विक्टोरिया के निवासियों से अलग श्रेणी में गिना जा रहा है। सीए इस ऐतिहासिक आयोजन में सभी जीवित पुरुष और महिला आईसीसी हॉल ऑफ फ़ेम इंडक्टी, ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट हॉल ऑफ फ़ेम के सदस्य, 1977 के सेंटेनरी टेस्ट में खेलने वाले ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के सभी खिलाड़ी, पूर्व टेस्ट कप्तान और दोनों देशों के पूर्व टेस्ट क्रिकेटरों को आमंत्रित करने की योजना बना रहा है। अब तक 100 से ज्यादा पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी और विश्व क्रिकेट की दिग्गज हस्तियां अपनी मौजूदगी की पुष्टि कर चुकी हैं। 150वां एनिवर्सरी टेस्ट उस ऐतिहासिक परंपरा की अगली कड़ी होगा जिसकी शुरुआत मार्च 1877 में एमसीजी पर ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेले गए पहले टेस्ट मैच से हुई थी। इसके बाद 1977 में खेला गया सेंटेनरी टेस्ट भी ऐतिहासिक रहा, जिसमें डेविड हूक्स, टोनी ग्रेग और रिक मैककॉस्कर जैसे दिग्गजों ने यादगार प्रदर्शन किया था। खास बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट और सेंटेनरी टेस्ट दोनों ही 45 रन से जीते थे। यह मुकाबला एमसीजी में खेला जाने वाला पहला पुरुष डे-नाइट टेस्ट भी होगा। आयोजन के दौरान दुनियाभर के क्रिकेट दिग्गजों को सम्मानित करने के लिए विशेष समारोह और मनोरंजन कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे यह टेस्ट क्रिकेट इतिहास का एक अविस्मरणीय अध्याय बनने जा रहा है।

### रोहित ऋषि ने आईआईएफसीएल के प्रबंध निदेशक पद का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** रोहित ऋषि ने सार्वजनिक क्षेत्र की इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) के नए प्रबंध निदेशक (एमडी) के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया है। उन्हें तीन साल की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है। आईआईएफसीएल ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि ऋषि के पास बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा क्षेत्र में तीन दशक से ज्यादा का अनुभव है। वे इंडियन बैंक में एफजीएम के तौर पर काम किया है, जहां उन्होंने अहम लीडरशिप और स्ट्रेटेजिक ज़िम्मेदारियां संभाली हैं। रोहित ऋषि बैंक ऑफ महाराष्ट्र में बतौर कार्यकारी निदेशक काम कर चुके हैं। उन्हें 3 साल की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है। आईआईएफसीएल, भारत सरकार की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है।

### 'भूटान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा सिक्किम

**गंगटोक।** क्षेत्रीय व्यापार को मजबूत करने के लिए सहयोग और पारस्परिक ज्ञान आदान-प्रदान की संभावनाओं पर चर्चा करने के उद्देश्य से 'भूटान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' का एक प्रतिनिधिमंडल सिक्किम पहुंचा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इसके अध्यक्ष टैंडी वांगचुक के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को वाणिज्य एवं उद्योग सचिव कर्मा डोमा योत्सो और अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा की। राज्य के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बैठक के दौरान सीमा-पार सहयोग के अवसरों, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने तथा आपसी हित के क्षेत्रों की पहचान पर विचार किया गया जिससे औद्योगिक विकास, प्राथमिक क्षेत्रों में निवेश, एमएसएमई क्षेत्र की वृद्धि एवं बाजार संपर्कों के विकास को बढ़ावा मिल सके।

# सन फार्मा 500 करोड़ रुपये के निवेश से असम में विनिर्माण इकाई करेगी स्थापित

एजेंसी

गुवाहाटी। अग्रणी दवा कंपनी सन फार्मास्युटिकल असम में एक विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए 500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे 500 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। मुख्य सचिव रवि कोटा ने यह जानकारी दी। दवा कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने बुधवार को मुख्य सचिव के साथ बैठक में परियोजना के क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की थी। कोटा ने बुधवार देर रात सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा,'' सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और असम में औषधि विनिर्माण इकाई स्थापित करने के कंपनी के प्रस्ताव की समीक्षा की। कंपनी की ओर से वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल अवस्थी और कार्यकारी उपाध्यक्ष रंजीत मोहापात्रा ने कोटा से मुलाकात की। मुख्य सचिव ने कहा, '' प्रस्ताव में राज्य में दवा फॉर्मुलेशन विनिर्माण इकाइयों की स्थापना शामिल है, जो भारतीय बाजार की जरूरतों को पूरा करेंगी। इस परियोजना में 500 करोड़ रुपये से अधिक का नियोजित निवेश दो चरणों में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परिचालन शुरू होने के बाद चरणबद्ध तरीके से इस परियोजना से 500 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है। कोटा ने बताया कि सन फार्मा, दवा क्षेत्र की दुनिया की चौथी सबसे बड़ी और भारत की सबसे बड़ी कंपनी है। इसके पांच महाद्वीपों में 40 से अधिक विनिर्माण संयंत्र हैं।




# भारत-अमेरिका ऊर्जा गलियारा वार्ता में भारत की वृद्धि-आधारित ऊर्जा प्राथमिकताओं पर जोर

एजेंसी

ह्यूस्टन। कौंसुल जनरल डी सी मंजुनाथ ने कहा कि भारत की तेज आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने की महत्वाकांक्षा दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा से गहराई से जुड़ी है। उन्होंने यह भी कहा कि भरोसेमंद एवं किफायती ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ स्वच्छ प्रौद्योगिकियों तथा नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी उद्योग के साथ संवाद और सहयोग बेहद अहम है। ह्यूस्टन स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास (सीजीआई) ने यहां अपने कार्यालय में अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के सहयोग से 'ग्लोबल एनर्जी आउटलुक' 2026 पर चार फरवरी को एक उच्चस्तरीय अमेरिका-भारत ऊर्जा गोलमेज बैठक आयोजित की। इस बैठक में वैश्विक ऊर्जा, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी कंपनियों के 30 से अधिक वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इनमें एक्सॉनमोबिल, शेवरॉन, हनीवेल, गेल, लार्सन एंड टुब्रो, वेदरफोर्ड, लैंजाटेक, एसएंडपी ग्लोबल, मैकिन्से और सोसाइटी ऑफ पेट्रोलियम इंजीनियर्स के प्रतिनिधि शामिल थे। भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि यह गोलमेज बैठक साझा ऊर्जा चुनौतियों और व्यावसायिक अवसरों पर नीति निर्माताओं तथा उद्योग जगत के लोगों के बीच संवाद के लिए मंच उपलब्ध कराने के उसके निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। यह गोलमेज बैठक फरवरी 2026 के भारत-अमेरिका व्यापार ढांचे पर सहमति बनने के बाद हुई। इसमें ऊर्जा एवं प्रौद्योगिकी सहयोग को द्विपक्षीय वृद्धि के प्रमुख कारक के रूप में चिह्नित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि लांजा टेक तथा हनीवेल जैसी कंपनियों की भागीदारी भारत के औद्योगिक और विमानन क्षेत्रों से जुड़ी सतत विमानन ईंधन एवं कार्बन पुनर्चक्रण प्रौद्योगिकियों में बढ़ती व्यावसायिक रुचि को दर्शाती है। यूएसआईएसपीएफ के अनुसार, चर्चाएं वैश्विक आपूर्ति-मांग रुझानों, अवसंरचना निवेश और नीतिगत ढांचों पर केंद्रित रहीं जो अमेरिकी ऊर्जा कंपनियों और भारतीय सार्वजनिक व निजी क्षेत्र की कंपनियों के बीच गहरे व्यावसायिक जुड़ाव को संभव बना सकती हैं।



### राज्यसभा में सत्तापक्ष-विपक्ष में तीखी नोकझोंक, नड्डा बोले-

# कांग्रेस को 'अबोध बालक' ने बनाया बंधक

एजेंसी

नई दिल्ली। राज्यसभा की कार्यवाही गुरुवार को शुरू होते ही सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। सभा की शुरुआत में जब विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लोकसभा में बोलने से रोका जा रहा है। इस पर संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सदन की कार्यवाही में बाधा डालना नियमों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि लोकसभा से जुड़े मामलों पर राज्यसभा में चर्चा नहीं की जा सकती।

रिजिजू ने विपक्षी सदस्यों से सदन के नियमों और परंपराओं का पालन करने की अपील की। रिजिजू ने कहा, सदन के सभी सदस्य प्रधानमंत्री का भाषण सुनने के लिए इंतज़ार कर रहे हैं। अगर कांग्रेस सदस्य उनका भाषण नहीं सुनना चाहते, तो यह उनका निर्णय है, लेकिन वे दूसरों को सुनने से नहीं रोक सकते। उन्होंने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सदन के नियमों का पालन नहीं करते।



इसके बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि राज्यसभा में विपक्ष के नेता को यह समझना चाहिए कि लोकसभा की कार्यवाही पर राज्यसभा में चर्चा नहीं की जा सकती। इस संबंध में पूर्व सभापतियों द्वारा फैसले दिए जा चुके हैं। अगर उन्हें चर्चा करनी है तो वे अपनी पार्टी के सदस्यों से लोकसभा में इस पर चर्चा करने को कहें। मैं कांग्रेस और देश को यह संदेश देना चाहता हूं कि मोदी सरकार हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है। कांग्रेस के लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अबोध बालक की तरह कांग्रेस को बंधक बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा, लोकसभा में उठाए गए सवालों का जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी पूरी तरह तैयार थे, लेकिन आपने सदन को चलने नहीं दिया। आपने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बयान की मांग की थी, जिस पर पीयूष गोयल ने बयान दिया। विपक्ष के नेता ने तय समय से 20 मिनट अधिक बोला, फिर भी हमने कहा कि आप और बोल सकते हैं। लोकतंत्र खतरे में है, ऐसा कहना गलत है और मैं इसकी निंदा करता हूं। एक मासूम बच्चे को बंधक बनाकर अपनी पार्टी को बंधक मत बनाइए। इस पर खरगे ने कहा कि संसद लोकसभा और राज्यसभा से मिलकर बनती है। हमारे संविधान के अनुसार दो सदन हैं लेकिन लोकसभा में विपक्ष के नेता को बोलने की अनुमति नहीं दी जा रही है। वे देशहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करना चाहते थे। विपक्ष सदन को बाधित नहीं करना चाहता है लेकिन पिछले चार दिनों से सदन इसलिए नहीं चल पा रहा है क्योंकि विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया जा रहा। आप अपनी गलतियों को छिपाने के लिए एक सदन को पंगु नहीं बना सकते। आपने देश के साथ विश्वासघात किया है और राष्ट्र का अपमान किया है। जब राहुल इस बारे में बात करते हैं तो 'आपको खुजली उठती है'। आपकी पार्टी भी नरेन्द्र मोदी का बंधक बनी हुई है।

इस बहस में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वह विपक्ष का सम्मान करती हैं लेकिन वह खरगे के भाषण से लिंचिंग शब्द हटाए जाने की मांग करती हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में जब कांग्रेस की सरकार थी, तब एक दर्जी की लिंचिंग हुई थी, लेकिन उस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान एक शिक्षक का हाथ काट दिया गया था लेकिन उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। करीब 40 मिनट तक यह बहस जारी रही। उसके बाद कुछ सदस्यों ने अपनी बात रखी।

# भारत जेन एआई के तहत सभी 22 भाषाओं के टेक्सट के मॉडल इस माह कर लिये जाएंगे तैयार : सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने गुरुवार को राज्य सभा में बताया कि भारत जेन एआई माडल के तहत अब तक 15 भारतीय भाषाओं के लिए सृजनशील कृत्रिम मेधा के मॉडल में भाषाओं के 'टेक्स' (भाषा-पाठ) संबंधी काम पूरे कर लिये गये हैं और बाकी भाषाओं के टेक्सट का काम इस माह के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह ने सदन में भारत जेन और एआई के क्षेत्र में सरकार की पहलों से संबंधित भाजपा के भुवनेश्वर कलिता, आम आदमी पार्टी (आप) के राघव चड्ढा और बीजद के डॉ सस्मित पात्रा आदि के अनुपूरक प्रश्नों के उत्तर में कहा कि भारत जेन सरकार के स्वामित्व में विकसित की जा रही पहल है जो अपने आप में संप्रभु भी है। इसके लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बांबे और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास को हब बनाया गया है।

डॉ सिंह ने कहा, 'भारत जेन प्रधानमंत्री द्वारा मार्च 2024 में शुरू की गयी इंडिया एआई मिशन की ही एक उत्पत्ति है यह सरकार के स्वामित्व में एक सावरेन (संप्रभु) संस्थान है।'' उन्होंने एक सवाल पर स्पष्ट किया कि यह सरकारी पहल जरूर है लेकिन यह अपने मामलों में स्वायत्त होने के कारण संप्रभु है। इसका डाटा इंडिया नियम और शर्तों के साथ दूसरों के साथ भी साझा किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि भारत जेन के अंतर्गत भारतीय भाषाओं और भारतीय समाज के संदर्भों के आधार पर मल्टी लार्ज लैंग्वेज मॉडलों का विकास किया जा रहा है। इसमें आठवीं अनुसूची के अंतर्गत आनेवाली सभी भाषाओं के टेक्सट, स्पीच और विजन ( लिखित पाठ, वाणी और छवियां) पर केंद्रित जनरेटिव (सृजनशील) एमएलएल एआई मॉडल के विकास पर काम चल रहा है जिसके आधार पर उपयोग आगे आयुर्वेद, कृषि और अन्य क्षेत्रों में भारतीय भाषाओं में एआई के लोगों के उपयोग के लिए तरह तरह के एआई मॉडल विकसित किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि आगे इसमें अन्य क्षेत्रीय भाषाओं और बोलियों को भी शामिल करने की बात है। डॉ सिंह ने कहा, ' इसमें टेक्सट , स्पीच और विजन शामिल हैं। हमने 15 भाषाओं के टेक्सट के मॉडल पर काम कर लिया है। बाकी के टेक्स का काम इस माह कर लिया जाएगा । इस माह में 15 का स्पीज और विजन के मॉडल भी तैयार हो जएंगे। भारत जेन का मॉडल विश्व में अनूठा है। एशिया में चीन, जापान, सिंगापुर , दक्षिण कोरिया सहित छह देशों में भी मल्टी लार्ज लैंग्वेज आधारित एआई मॉडल है पर भारत जितनी भाषायी विविधता वहां नहीं है। इस मामले में भारत का मॉडल अनूठा है। उन्होंने कहा कि भारत जेन सभी हितधारकों के लिए पासा पलटने वाली प्रगति होगी। उन्होंने कहा कि भारत जेन के लिए मद्रास और बांबे आईआईटी को प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र की भूमिका दी गयी है। इसके अलावा इसमें कानपुर, इंदौर, धनबाद के आईआईटी और भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलूरू सहित सात संस्थानों को अलग अलग क्षेत्रों के प्रौद्योगिकी समाधान के लिए जोड़ा गया है।

# अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का मामला उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित: सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने समग्र शासन व्यवस्था के अंतर्गत न्यायपालिका की स्वतंत्रता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए गुरुवार को राज्य सभा में कहा कि न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवाओं की तर्ज पर एक अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के प्रस्ताव पर विचार हुआ है और यह मामला उच्चतम न्यायालय के समक्ष लम्बित है।

विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान अपने मंत्रालय से जुड़े सवालों पर सदस्यों के अनुपूरक प्रश्नों के जवाब देते हुए कहा कि आईएएस आईपीए की तरह न्यायाधीशों की भर्ती के लिए एक अखिल भारतीय न्यायिक सेवा की व्यवस्था पर अनुच्छेद 312 के तहत सरकार को किसी अखिल भारतीय सेवा के गठन का अधिकार है। श्री मेघवाल ने कहा कि इस विषय पर न्यायाधीशों के सम्मेलन में भी चर्चा हो चुकी है। इस पर राज्यों के उच्च न्यायालयों की भी राय ली गयी है। मामला उच्चतम न्यायालय के विचाराधीन है और यह अभी 'लंबित है। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग जैसे प्रस्ताव पर पुनर्विचार की योजना के बारे में विधि एवं न्याय राज्य मंत्री ने कहा कि जैसा कि सभी जानते हैं कि इस तरह के पारित कानून को उच्चतम न्यायालय ने खारिज कर दिया था। उसके बाद ऐसी नियुक्तियों के लिए प्रक्रिया संबंधी ज्ञापन (मेमोरेंडा ऑफ प्रासेस) को अंतिम रूप देने का काम चल रहा है। इसके तय होने के बाद आगे के कदम के बारे में विचार किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस के राजीव शुक्ल के जिलास्तरीय न्यायपालिका में रिक्तियों और लंबित मामलों के बोझ के एक सवाल पर कहा कि इनकी भर्तियों के लिए 16 राज्यों में राज्य लोक सेवा आयोगों और बाकी जगहों पर 13 उच्च न्यायालयों द्वारा भर्ती परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं।

# बच्चे की हिरासत के फैसलों में सिर्फ़ भलाई पर नहीं, कई और बातों पर भी विचार करना चाहिए : उच्चतम न्यायालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि बच्चे की हिरासत का फैसला सिर्फ बच्चे की भलाई पर आधारित नहीं हो सकता, बल्कि अदालतों को कई दूसरे ज़रूरी तथ्यों पर भी विचार करना चाहिए, जिसमें माता-पिता का व्यवहार, उनकी वित्तीय क्षमता , रहन-सहन का मानक और बच्चों का आराम तथा शिक्षा शामिल हैं।

शीर्ष न्यायालय ने गुरुवार को जम्मू -कश्मीर उच्च न्यायालय के एक फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें उच्च न्यायालय दो नाबालिग बच्चों की हिरासत उनकी मां को वापस दे दी थी।

न्यायाधीश पंकज मिथल और न्यायाधीश एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि हालांकि बच्चे की भलाई सबसे ज़रूरी बात है, लेकिन यह हिरासत के फैसलों को तय करने वाला एकमात्र कारण नहीं है। न्यायालय ने कहा, ''इस बात से कोई विवाद नहीं है कि हिरासत के मामलों में सबसे ज़रूरी बात बच्चों की भलाई है। फिर भी, हिरासत का अंतिम आदेश देते समय अदालत के सामने कई दूसरे तथ्य भी होते हैं। इन कारणों में पार्टियों का व्यवहार, उनकी वित्तीय क्षमता , उनके रहन-सहन का स्टैंडर्ड, साथ ही बच्चों का आराम और शिक्षा शामिल हो सकते हैं।

इसलिए, उच्च न्यायालय का यह कहना पूरी तरह सही नहीं हो सकता कि ऐसे कारक बहुत ज़्यादा ज़रूरी नहीं हैं और नाबालिगों की हिरासत सिर्फ़ उनकी भलाई पर निर्भर करती है। यह अपील एक तलाकशुदा जोड़े (दोनों भारतीय नागरिक हैं) के बीच 2017 और 2019 में पैदा हुए उनके दो नाबालिग बच्चों की हिरासत को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद से जुड़ा था।

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि उच्च न्यायालय हिरासत के मुद्दे पर फैसला करते समय मां के व्यवहार सहित कई अहम हालात पर ध्यान देने में नाकाम रहा। पीठ ने फैसला सुनाया कि उन्हें इस आधार पर नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता कि सिर्फ़ भलाई ही निर्णायक है। इसलिए शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द कर दिया और मामले को नए सिरे से गुणों के आधार पर विचार करने के लिए भेज दिया। उच्च न्यायालय को मामले का फैसला तेज़ी से, अधिकतम चार महीने के भीतर करने का निर्देश दिया गया है।वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा अपीलकर्ता की ओर से पेश हुईं, जबकि वरिष्ठ अधिवक्ता अल्ताफ हुसैन नाइक ने प्रतिवादी का प्रतिनिधित्व किया।

### ओम बिरला के दावे पर भड़कीं प्रियंका

# 'स्पीकर के पीछे छिप रहे हैं पीएम मोदी'

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के पीछे ''छिप रहे हैं। उन्होंने पीएम मोदी को नुकसान पहुंचाने की किसी भी योजना के दावे को ''पूरी तरह झूठ'' बताया। गुरुवार को विपक्षी सदस्यों पर नाराजगी जताते हुए स्पीकर ने यह भी कहा कि बुधवार को उनके कार्यालय में कुछ सांसदों का व्यवहार अनुचित था और इसे उन्होंने उस घटना को एक काले धब्बे जैसा बताया। इन आरोपों पर पलटवार करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि सरकार स्पीकर से यह सब कहलवा रही है, क्योंकि बुधवार को प्रधानमंत्री में सदन में आने की हिम्मत नहीं थी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, यह सरासर झूठ है। प्रधानमंत्री को नुकसान पहुंचाने या ऐसी किसी भी बात का सवाल ही नहीं उठता। ऐसी कोई योजना थी ही नहीं। उन्होंने आगे कहा कि यदि सत्तापक्ष अपने सदस्यों को मनमानी करने, किताबें कोट करने और अनर्गल बातें कहने की छूट देगा, तो विपक्ष विरोध करेगा। प्रियंका गांधी ने तीखे अंदाज में कहा, लेकिन अगर आप अपने सदस्यों को किताबें कोट करने, बकवास करने देंगे, तो विपक्ष विरोध करेगा। मुझे माफ करें, प्रधानमंत्री स्पीकर के पीछे छिप रहे हैं। वे स्पीकर से यह सब कहलवा रहे हैं क्योंकि कल उनमें सदन में आने की हिम्मत नहीं थी। सिर्फ इसलिए कि तीन महिलाएं उनकी बेंच के सामने खड़ी थीं...यह क्या बकवास है?

# पेज एक का शेष

## मोहब्बत की दुकान...

को सुधारने में खर्च हो रहा है। उस दौर में दुनिया के मन में जो इमेज बनी थी, उसे मिटाने में बहुत मेहनत लगती है, उन्होंने चीजों को इतनी खराब हालत में छोड़ दिया था। इसीलिए हमने भविष्य के लिए तैयार नीतियों पर ज़ोर दिया है। आज देश पॉलिसी और स्ट्रैटेजी के आधार पर चलाया जा रहा है। भारत पर दुनिया का भरोसा बढ़ रहा है। 'रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म' के मंत्र पर चलते हुए हम आगे बढ़े हैं, और आज सच्चाई यह है कि देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार हो गया है। राज्यसभा में पीएम मोदी ने कहा कि 2014 से पहले फोन बैंकिंग की एक प्रचलित संस्कृति थी जिसमें राजनेता ऋण वितरण को प्रभावित करने के लिए कॉल करते थे। परिणामस्वरूप, ऋण अक्सर उचित मूल्यांकन के बजाय इन कॉलों के आधार पर दिए जाते थे। गरीबों को अक्सर ऋण से वंचित कर दिया जाता था, और लगभग 50% आबादी के पास बैंक खाते भी नहीं थे। कांग्रेस के राजनेताओं की सिफारिश पर लाखों रुपये उन व्यक्तियों को उधार दिए गए जिन्होंने कभी पैसा वापस नहीं किया। यूपीए युग के दौरान इसने बैंकिंग प्रणाली को पतन के कगार पर ला खड़ा किया। राज्यसभा में पीएम मोदी ने कहा कि देश आजाद हुआ तब हम दुनिया में छह नंबर की इकोनॉमी थे। लेकिन इन लोगों ने ऐसा हाल करके रखा कि 11 नंबर पर पहुंचा दिया। आज हम 3 नंबर पर जाने की दिशा में तेज गति से अग्रसर हैं। आज हर क्षेत्र में भारत, आत्मविश्वास से भरा हुआ भारत है। आज मेजर इकोनॉमी में भारत की अर्थव्यवस्था बहुत उच्च है। उच्च अर्थव्यवस्था और लो इन्फ्लेशन, ये एक अनोखा संयोग है। ये हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती को प्रदर्शित करता है। हमने 'सुधार, प्रदर्शन और रूपांतरण' के मार्गदर्शक सिद्धांत के साथ प्रगति की है। परिणामस्वरूप, देश अब सुधार एक्सप्रेस के पथ पर अग्रसर है। हमने संरचनात्मक, प्रक्रिया-संबंधी और नीतिगत सुधार लागू किए हैं। हमारे प्रयास विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत करने और हमारे उद्यमियों का समर्थन करने पर केंद्रित रहे हैं। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि भारत अब वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार है राज्यसभा में पीएम मोदी ने कहा कि हमारी ऊर्जा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अतीत की गलतियों को सुधारने में खर्च हो रहा है। उस दौरान दुनिया के मन में जो छवि बनी थी, उसे मिटाने में बहुत प्रयास लगता है, उन्होंने चीजों को इतनी क्षतिग्रस्त स्थिति में छोड़ दिया था। इसीलिए हमने भविष्य के लिए तैयार नीतियों पर जोर दिया है। आज देश नीति और रणनीति के आधार पर शासित हो रहा है। भारत में वैश्विक विश्वास बढ़ रहा है। सुधार, प्रदर्शन, रूपांतरण' के मंत्र से निर्देशित होकर हम आगे बढ़े हैं, और आज की वास्तविकता यह है कि देश सुधार एक्सप्रेस में सवार हो चुका है।

पीएम मोदी राज्यसभा में कहा कि सबसे बड़ी बात विश्व के समृद्ध से समृद्ध देश भी बुजुर्ग होते जा रहे हैं। वहां की आबादी उम्र के उस पर पड़ाव पर पहुंची है, हम जिन्हें बुजुर्ग के रूप में जानते हैं। हमारा देश ऐसा है जो विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है, उसी समय दिनोंदिन हमारा देश युवा होता जा रहा है। युवा आबादी वाला देश है। इस दौरान पीएम मोदी ट्रेडी डील की भी बात की। उन्होंने कहा कि भारत विश्व भर के कई देशों के साथ दूरदर्शी व्यापार समझौते कर रहा है। हाल ही में हमने ऐसे नौ समझौतों को अंतिम रूप दिया है। इनमें से सबसे महत्वपूर्ण समझौता, जिसे अक्सर 'सभी समझौतों की जननी' कहा जाता है। यूरोपीय संघ के 27 सदस्य देशों के साथ हस्ताक्षरित किया गया था। पीएम मोदी ने आगे कहा कि आज भारत कई देशों का एक विश्वसनीय भागीदार है और हम विश्व के कल्याण के लिए अपनी भूमिका निभा रहे हैं। आज पूरी दुनिया ग्लोबल साउथ की बात करती है, लेकिन उस चर्चा के मुख्य पात्र के रूप में आज भारत वैश्विक मंचों पर ग्लोबल साउथ की एक सशक्त आवाज बनकर उभरा है। 21वीं सदी का पहला क्वार्टर पूरा हो चुका है, लेकिन यह दूसरा क्वार्टर भी उतना ही निर्णायक है, जैसे पिछली शताब्दी में भारत की आजादी की जंग में दूसरा क्वार्टर निर्णायक रहा था। राज्यसभा में पीएम मोदी ने कहा कि मैं साफ साफ देख रहा हूं कि विकसित भारत के निर्माण की दिशा में ये दूसरा क्वार्टर भी उतना ही सामर्थ्यवान होने वाला है, उतनी ही तेज गति से आगे बढ़ने वाला है। आज राष्ट्र का हर व्यक्ति ये महसूस कर रहा है कि हम एक अहम पड़ाव पर पहुंच चुके हैं। पीएम ने आगे कहा कि अब हमें न रुकना है, न पीछे मुड़कर देखना है। हमें तेज गति से चलना है और लक्ष्य प्राप्त करके ही आगे बढ़ना है। उसी दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। राज्यसभा से विपक्ष के वाकआउट पर तंज कसते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जो लोग थक गए, वे बेचारे चले गए, लेकिन कभी न कभी उनको जवाब देना पड़ेगा कि देश की ऐसी हालत कैसे बनाकर रखी थी कि दुनिया का कोई भी देश हमसे डील करने के लिए आगे नहीं आता था। आपने कोशिश की होगी, पीछे गए होंगे, लेकिन उन्होंने आपकी तरफ देखा भी नहीं होगा। राज्यसभा में पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति जी ने इस देश के मध्यम वर्ग, निम्न मध्यम वर्ग, गरीब, गांव, किसान, महिलाएं, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कृषि; सभी विषयों को विस्तार से रखते हुए भारत की प्रगति का एक स्वर संसद में गूंजाया है। देश के नौजवान भारत के सामर्थ्य को कैसे आगे बढ़ा रहे हैं, इसकी भी विस्तार से चर्चा की है। हर वर्ग के सामर्थ्य को उन्होंने शब्दांकित किया है। इतना ही नहीं, उन्होंने भारत के उज्ज्वल भविष्य के प्रति एक विश्वास व्यक्त किया है। ये हम सभी के लिए प्रेरक है। विकसित भारत की यात्रा में बीते वर्ष देश के तेज प्रगति के विकास के वर्ष रहे हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में, समाज के हर वर्ग को उनके जीवन में परिवर्तन का ये कालखंड रहा है। एक सही दिशा में तेज गति से देश आगे बढ़ रहा है। देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। भारत के प्रति दुनिया का आकर्षण बढ़ रहा है।

## पीएम के साथ हो सकती...

किया, वह संसदीय परंपराओं के अनुरूप नहीं था। स्पीकर ने इसे संसदीय व्यवस्था पर काला धब्बा बताया और कहा कि अब तक राजनीतिक मतभेदों को कभी भी अध्यक्ष के कार्यालय तक नहीं ले जाया गया। उन्होंने सभी दलों से अपील की कि मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन सदन को सुचारू रूप से चलाने में सभी सांसदों का सहयोग आवश्यक है। बुधवार को लोकसभा में उस समय असामान्य दृश्य देखने को मिले, जब विपक्ष की महिला सांसद प्रधानमंत्री के संभावित भाषण से पहले बैनर लेकर उनके आसन की ओर बढ़ने लगीं। उस वक्त प्रधानमंत्री सदन में मौजूद नहीं थे और भाजपा सांसद पी. पी. चौधरी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर अपनी बात रख रहे थे। हालात बिगड़ते देख सदन की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित करनी पड़ी।

पीएम की सुरक्षा को लेकर जताई चिंता

स्पीकर ओम बिरला ने सदन में यह भी खुलासा किया कि जब प्रधानमंत्री को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब देना था, तब उन्हें पुख्ता जानकारी मिली थी कि कांग्रेस के कुछ सदस्य प्रधानमंत्री के आसन तक पहुंचने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं सदन में ऐसे दृश्य देखे, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई थी। स्पीकर ने कहा कि यदि ऐसा होता तो यह न केवल अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण होता, बल्कि देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को भी गहरा आघात पहुंचता। इसी आशंका को देखते हुए उन्होंने एहतियातन प्रधानमंत्री से सदन में न आने का अनुरोध किया। ओम बिरला ने बताया कि सदन के नेता होने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके आग्रह को स्वीकार किया और सदन में नहीं आए। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इससे एक बड़े अप्रिय दृश्य को टालने में मदद मिली और सदन की गरिमा बनी रही। स्पीकर ने दोहराया कि सदन के अध्यक्ष के रूप में उनकी यह संवैधानिक जिम्मेदारी है कि वे लोकसभा की उच्च परंपराओं और मर्यादा की रक्षा करें।

## एसआईआर में दावा...

को नोटिस जारी नहीं हो पाई है। यही नहीं सुनवाई के लिए भी पर्याप्त समय दिया जाएगा। ऐसे में अंतिम मतदाता सूची भी अब 6 मार्च की बजाए आगे जारी की जाएगी। यूपी की मतदाता सूची में शामिल ऐसे मतदाता जिनके नाम का मिलान वर्ष 2003 की मतदाता सूची से नहीं हो सका है, उन्हें नोटिस भेजा गया है। अभी तक 1.72 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी किया गया है और अभी तक 23 लाख मतदाताओं की सुनवाई की जा सकी है। यानी नोटिस पाने वालों में 13 प्रतिशत मतदाताओं की ही सुनवाई हो सकी है। जिन्हें नोटिस जारी होगी उनमें 3.26 करोड़ लोग हैं। जिसमें पुरानी सूची से मिलान न हो पाने वाले और तार्किक विसंगति वाले वोटर हैं। ऐसे में अभी 1.53 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी होना बाकी है। यही कारण है कि मतदाता सूची में दावे-आपत्तियों व सुनवाई का समय बढ़ेगा। एईआरओ की संख्या में और बढ़ोतरी की जाएगी

## सोशल मीडिया पोस्ट...

रद्द कर दी। उच्च न्यायालय ने यह माना था कि पोस्ट हालांकि आलोचनात्मक थे, लेकिन वे वैध राजनीतिक अभिव्यक्ति के दायरे में आते थे। इसके अलावा शिकायतों में विशिष्ट विवरणों की कमी थी और शिकायतकर्ताओं के पास इस मामले में हस्तक्षेप या शिकायत दर्ज करने के कानूनी अधिकार का अभाव था। न्यायालय ने पाया कि आपराधिक कार्यवाही का जारी रहना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। न्यायालय ने यह व्यवस्था दी कि शत्रुता को बढ़ावा देने, सार्वजनिक व्यवस्था को खतरा या राजद्रोह जैसे अपराधों के लिए प्राथमिकी केवल तभी दर्ज की जा सकती है, जब प्रथम दृष्टया ऐसा मामला बनता हो जिससे हिंसा, नफरत या सार्वजनिक अव्यवस्था फैलाने के लिए उकसावे का पता चलता हो। उच्च न्यायालय के जारी किये गये परिचालन दिशा-निर्देशों में मानहानि या इसी तरह के अपराधों के लिए प्राथमिकी दर्ज करने से पहले सुनवाई के अधिकार का सत्यापन, संज्ञेय मामलों में वैधानिक तत्वों की पुष्टि करने के लिए प्रारंभिक जांच का संचालन और राजनीतिक भाषण से जुड़े मामलों में एक उच्च सीमा का अनुप्रयोग शामिल है, जो केदार नाथ सिंह बनाम बिहार राज्य और श्रेया सिंघल बनाम भारत संघ में निर्धारित सिद्धांतों के अनुरूप है। दिशा-निर्देशों में अर्नेश कुमार बनाम बिहार राज्य में निर्धारित गिरफ्तारी सुरक्षा उपायों का सख्त अनुपालन, संवेदनशील मामलों में सरकारी अभियोजक से पूर्व कानूनी राय और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 176(1) के तहत बेतुकी या राजनीति से प्रेरित शिकायतों को बंद करना अनिवार्य किया गया है। उच्चतम न्यायालय में तेलंगाना राज्य की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने प्राथमिकी रद्द करने को चुनौती नहीं दी, लेकिन दिशा-निर्देशों के दायरे पर आपत्ति जतायी और कहा कि वे एक जैसी नहीं हैं। उनमें सुधार की जरूरत है। उच्चतम न्यायालय ने हालांकि इस दलील को खारिज कर दिया और कहा कि वह उच्च न्यायालय के दिये गये निर्णय या तैयार किये गये दिशा-निर्देशों में हस्तक्षेप का इच्छुक नहीं है।

## सात साल तक की सजा...

के तहत नोटिस जारी नहीं कर दिया जाए। न्यायालय के अनुसार, हिरासत में लेना तब आवश्यक है जब वह कम से कम एक निर्दिष्ट उद्देश्य के लिए हो, जैसे कि और अपराधों को रोकना, उचित जांच सुनिश्चित करना, साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ रोकना, गवाहों की रक्षा करना, या अदालत के समक्ष आरोपी की उपस्थिति सुनिश्चित करना। पीठ ने स्पष्ट किया कि एक वैध गिरफ्तारी के लिए धारा 35(1)(बी)(द्व) का पालन और धारा 35(1)(बी) के तहत कम से कम एक आवश्यक शर्त का होना अनिवार्य है। इन शर्तों के पूरा होने पर भी गिरफ्तारी अनिवार्य नहीं है। इसके बाद भी पुलिस अधिकारी गिरफ्तारी का निर्णय लेने में अपना विवेक का इस्तेमाल कर सकता है। न्यायालय ने इस बात पर भी जोर दिया कि गिरफ्तारी करने और न करने के दोनों ही निर्णयों के कारणों को लिखित रूप में दर्ज किया जाना चाहिए। न्यायालय ने गिरफ्तारी के बदले आरोपी के उपस्थित होने का प्रावधान करने वाले बीएनएसएस की धारा 35(3) का उल्लेख करते हुए कहा कि सात साल तक की सजा वाले अपराधों के लिए इस प्रावधान को धारा 35(1)(बी) और इसके प्रावधानों के साथ पढ़ा जाना चाहिए। जब तक कोई आरोपी नोटिस का पालन करता है और अधिकारियों के समक्ष उपस्थित होता है, उसे गिरफ्तार नहीं किया जा सकता, जैसा कि बीएनएसएस की धारा 35(5) के तहत निर्धारित है। न्यायालय ने टिप्पणी की, ''हमें यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि सात साल तक के कारावास वाले अपराध के लिए किसी आरोपी या संबंधित व्यक्ति को बीएनएसएस, 2023 की धारा 35(3) के तहत नोटिस देना एक नियम है, जबकि बीएनएसएस, 2023 की धारा 35(1)(बी) के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 35(6) के तहत गिरफ्तारी एक स्पष्ट अपवाद है।'' पीठ ने कहा कि गिरफ्तारी एक वैधानिक विवेक है न कि अनिवार्यता, पुलिस अधिकारियों को प्रत्येक मामले में गिरफ्तारी की आवश्यकता का आकलन करना चाहिए, सात साल तक की सजा वाले अपराधों के लिए नोटिस जारी करना मानदंड है, गिरफ्तारी तभी की जानी चाहिए जब वह पूरी तरह से उचित हो। न्यायालय ने स्पष्ट किया ऐसे नोटिस के बाद भी गिरफ्तारी कोई साधारण शक्ति नहीं है। इसके लिए पुलिस की ओर से सावधानी और संयम बरते जाने की आवश्यकता है।

## एसीएस गृह और...

को कोर्ट के आदेश पर अपर मुख्य सचिव, गृह के पेश किए गए हलफनामे में कहा गया था कि 1 जनवरी 2024 से 18 जनवरी 2026 के बीच प्रदेश में करीब 1 लाख 8 हजार 300 गुमशुदा लोगों की शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें से सिर्फ 9 हजार गुमशुदा लोगों की तलाश की कारवाई शुरू की गई। कोर्ट ने इसे अचंभित करने वाला करार देकर गुमशुदा लोगों की तलाश के इस मुद्दे को व्यापक जनहित वाला कहा। इसका सख्त संज्ञान लेकर अदालत ने इस मुद्दे पर ''इन-री मिसिंग पर्सन्स इन दि स्टेट'' शीर्षक से जनहित याचिका दर्ज किए जाने का निर्देश देकर इसे सुनवाई के लिए 5 फरवरी को समुचित खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने का आदेश दिया था।

## तेल खरीद पर...

रोकना पड़ा। प्रवक्ता ने कहा कि भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों की वेनेजुएला की राष्ट्रीय तेल कंपनी के साथ साझेदारी रही है और भारत की वहां 2008 से मौजूदगी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा के प्रति हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप, भारत ने वेनेज़ुएला सहित कच्चे तेल की आपूर्ति करने वाले किसी भी नये पक्ष पर विचार करने के लिए विकल्प खुला रखा हुआ है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया है और अब उसने वेनेजुएला तथा अमेरिका से तेल खरीदने पर सहमति व्यक्त की है।

## किसानों को अब पांच...

डिजिटलीकरण से पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ी है। उन्होंने बताया कि 2017 से पहले बंद होने की कगार पर खड़े 16 जिला सहकारी बैंकों में से 15 आज मुनाफ़े में हैं। एमएसएमई सेक्टर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडीओपी (एक जिला-एक उत्पाद) योजना ने उत्तर प्रदेश को नई पहचान दी है। आज प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई यूनिट्स कार्यरत हैं और लगभग 3 करोड़ परिवार इससे जुड़े हैं। निर्यात ?84 हजार करोड़ से बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। योगी ने कहा कि वर्ष 2000 से 2017 के बीच 17 वर्षों में गन्ना किसानों को 2.14 लाख करोड़ का भुगतान हुआ, जबकि बीते 9 वर्षों में ही 3 लाख करोड़ का भुगतान किया गया है। मुख्यमंत्री यह बातें राज्य ऋण संगोष्ठी एवं राज्य फोकस पेपर 2026-27 के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आधे समय से भी कम अवधि में पिछली सरकारों की तुलना में 86 हजार करोड़ रुपये अधिक भुगतान गन्ना किसानों को किया गया है। योगी ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश सरकार गन्ना किसानों को 400 रुपये प्रति क्विंटल का भुगतान कर रही है। यह सरकार की किसान हितैषी नीतियों और ठोस निर्णयों का परिणाम है, जिससे अन्नदाता किसानों को सीधा लाभ मिला है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश आज इथेनॉल उत्पादन में देश में पहले स्थान पर है। इसके साथ ही देश के कुल गन्ना उत्पादन का 55 प्रतिशत हिस्सा अकेले उत्तर प्रदेश से आता है। चीनी उत्पादन में भी यूपी देश में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि गन्ना आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार ने समयबद्ध भुगतान, निवेश को बढ़ावा और उद्योगों के आधुनिकीकरण जैसे कई कदम उठाए हैं, जिसका सीधा लाभ किसानों और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मिल रहा है।

# बजट सत्र : विधानसभा में राजद विधायक ने मोकामा के किसानों की समस्या पर किया सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार विधानमंडल में बजट सत्र के तीसरे दिन गुरुवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान मोकामा विधानसभा क्षेत्र के किसानों की समस्या को बिहार विधानसभा में राजद विधायक कुमार सर्वजीत की ओर से उठाया गया। राजद के कुमार सर्वजीत ने दलहन उत्पादों की खरीद एमएसपी पर होगी या नहीं इस पर भी सरकार से सवाल उठाया। इस पर कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में टाल इलाके में काफी काम हो रहा है। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि टाल इलाके में जल प्रबंधन के लिए काफी काम हुआ है। टाल के सरप्लस जल के निकासी की व्यवस्था की जा रही है। हारोहार नदी के माध्यम से गंगा के पानी के निकाल की व्यवस्था की जा रही है। लखीसराय बालगुदर में एंटी फ्लूड्स स्विस गेट तैयार किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि टाल के किसानों की बेहतरी के लिए बिहार सरकार प्रतिबद्ध है। साथ ही दलहन उत्पादों की खरीद एमएसपी पर होने को लेकर भी सरकार के तय मानकों का उल्लेख सदन में किया गया। जोकिहाट से एआईएमआईएम विधायक मुर्शिद आलम ने मक्का की खरीदारी से जुड़ा सवाल पूछा था। इस पर उन्हें जवाब मिला कि व्यापार मंडल और पैक्स दोनों जगह मक्का खरीदने का आदेश दिया था। इस जवाब पर जोकीहाट विधायक ने कहा कि केवल व्यापार मंडल के लिए आदेश मिला था न कि पैक्स से, सरकार की तरफ से गलत जवाब दिया गया। मंत्री ने कहा कि इथेनॉल प्लांट से डिमांड के बाद ही एनसीसीएफ के माध्यम से मक्के की खरीदारी की जाएगी। इस पर एआईएमआईएम विधायक अख्तरुल ईमान ने कहा कि इसलिए एमएसपी तय किया जाता है कि बाजार में डिमांड न हो तब भी उचित मूल्य मिल सके। इसके बाद स्पीकर ने मंत्री को सलाह दी कि सदयों के सुझाव की समीक्षा कर निर्णय लें।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नागेन्द्र सिंह चौहान
एडवोकेट
महासचिव/ प्रवक्ता
जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अशोक कुमार रावत
ग्राम प्रधान
समेसी
मोहनलाल गंज
लखनऊ

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भोलानाथ
ग्राम प्रधान
उतरावां,
मोहनलालगंज
लखनऊ

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमरेंद्र भारद्वाज
सदस्य
जिला पंचायत
लखनऊ

समस्त क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं
वीरेंद्र सिंह
एआरटीओ
पीलीभीत
नोट: जनपद के सभी चालक परिचालक यातायात नियमों का पालन करें।

समस्त क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं
हेमंत कुमार यादव
डीसी मनरेगा पीलीभीत एवं प्रभारी खंड विकास अधिकारी पूरनपुर जनपद पीलीभीत

समस्त क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं
अमानत रसूल
पीलीभीत जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश रोजगार संघर्ष समिति
विकासखंड पूरनपुर जनपद पीलीभीत

देश के समस्त नागरिकों के लिए स्वतंत्रता धर्मनिरपेक्षता और समान न्याय व्यवस्था के प्रतीक भारतीय
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
धनपति वर्मा
(एडवोकेट) (सपा नेता) 128 बरखेड़ा विधानसभा
समाजवादी पार्टी

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं

| सचिव | प्रधान | ग्राम पंचायत |
|---|---|---|
| धर्मपाल | निरंजन लाल | ग्राम पंचायत इटोरिया जा बिहारीपुर, विकासखंड पूरनपुर जनपद पीलीभीत |
| धर्मपाल | निरंजन लाल | ग्राम पंचायत इटोरिया जा बिहारीपुर, विकासखंड पूरनपुर जनपद पीलीभीत |
| राहुल कनौजिया | शोभा सिंह | ग्राम पंचायत खीरी नौबरामद, विकासखंड पूरनपुर जनपद पीलीभीत |
| राहुल कनौजिया | खान सिंह | ग्राम पंचायत लोहरपुरा, विकासखंड पूरनपुर जनपद पीलीभीत |
| अवनीश कुमार | रहनुमा बेगम | ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात, विकासखंड पूरनपुर जनपद पीलीभीत |
| राजेश कुमार गौतम | बिधू बैरागी | ग्राम पंचायत सेल्हा, विकासखंड पूरनपुर जनपद पीलीभीत |
| सुबोध कुमार | भगवानदीन | ग्राम पंचायत गजरौला खास, विकासखंड पूरनपुर जनपद पीलीभीत |
| मंजुल मिश्रा | सूरत जहां | ग्राम पंचायत बासुपुर, विकासखंड पूरनपुर जनपद पीलीभीत |
| मोहम्मद नासिर | राम बेटी | ग्राम पंचायत टाह, विकास खंड मरौरी जनपद पीलीभीत |
| वसीम अहमद | हीरा कली | ग्राम पंचायत जार, विकास खंड मरौरी जनपद पीलीभीत |
| सुबोध कुमार | नीरज कुमार | ग्राम पंचायत बिलहरी, विकासखंड पूरनपुर जनपद पीलीभीत |
| राजेश कुमार गौतम | रामप्रसाद राय | ग्राम पंचायत पुरैना ता महाराजपुर, विकासखंड पूरनपुर जनपद पीलीभीत |
| विजय राज | सुनील कुमार | ग्राम पंचायत नारायनपुर ता पूरनपुर, विकासखंड पूरनपुर जनपद पीलीभीत |
| विशाल वर्मा | बादाम सिंह | ग्राम पंचायत फत्तेपुर, विकासखंड पूरनपुर जनपद पीलीभीत |
| नागेंद्र कुमार | राजाराम | ग्राम पंचायत पिपरिया दुलई, विकासखंड पूरनपुर जनपद पीलीभीत |
| प्रेम शंकर | वासुदेव कुंडू | ग्राम पंचायत चंदिया हजारा, विकासखंड पूरनपुर जनपद पीलीभीत |
| तृप्ति मणि त्रिपाठी | अशरफ अली | ग्राम पंचायत गाजीपुर, विकासखंड ललौरीखेड़ा जनपद पीलीभीत |
| अमित श्रीवास्तव | प्रतिभा गंगवार | ग्राम पंचायत कनाकौर विकास खंड ललौरीखेड़ा जनपद पीलीभीत |
| राजीव प्रकाश | ओमवती | ग्राम पंचायत निजाम डांडी, विकास खंड ललौरीखेड़ा जनपद पीलीभीत |
| विजयपाल | हरद्वारी | ग्राम पंचायत नूरपुर, विकास खंड ललौरीखेड़ा जनपद पीलीभीत |
| कृष्ण मुरारी | दिनेश कुमार गंगवार | ग्राम पंचायत डांडिया, विकास खंड ललौरीखेड़ा जनपद पीलीभीत |
| तौलेराम | शिवचरन लाल | ग्राम पंचायत जहानाबाद देहात, विकास खंड ललौरीखेड़ा जनपद पीलीभीत |
| तौलेराम | बसंतलाल | ग्राम पंचायत खरुआ विकास खंड ललौरीखेड़ा जनपद पीलीभीत |
| मोहित गोस्वामी | वेदपाल | ग्राम पंचायत चिनौरा, विकास खंड ललौरीखेड़ा जनपद पीलीभीत |

गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं
साजदा खातून
प्रधानाध्यापिका
कंपोजिट विद्यालय चंदोई विकास खंड मरौरी जनपद पीलीभीत

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती नसीबुन निशाँ
राज्य कार्यकारिणी सदस्य, समाजवादी पार्टी उ0प्र0/पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नानपारा (बहराइच)

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मो. सलमान
दुबग्गा से राष्ट्रीय अध्यक्ष
भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान

समस्त देश व प्रदेशवासियों को
26 January गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अम्ब्रीश सिंह पुष्कर
पूर्व विधायक मोहनलालगंज
मो. 9930640000, 9936292689
विजय लक्ष्मी
राष्ट्रीय महासचिव समाजवादी महिला सभा
पूर्व ब्लाक प्रमुख, मोहनलालगंज/पूर्व सदस्य जिला पंचायत
मो. 9415755190

गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं
राजकुमार राजू
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी युवजन सभा 129 विधानसभा पूरनपुर जनपद पीलीभीत

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस और महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
अब्दुल मुशीर (सेठ)
अध्यक्ष
उद्योग व्यापार मंडल
नानपारा (बहराइच)

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शेख ताहिर सिद्दीकी
अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश सेंट्रल AIMIM

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमरेन्द्र भारद्वाज
सदस्य जिला पंचायत, लखनऊ
निवासी - अनैया खरगापुर, नगराम गोसाईगंज लखनऊ

समस्त क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं
परवेज खान
जिला उपाध्यक्ष उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल
फर्म: नफीस इंडेन गैस एजेंसी शेरपुर कला पूरनपुर जनपद पीलीभीत

समस्त ग्राम वासियों को गणतंत्र दिवस और महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
घनश्याम द्विवेदी उर्फ पप्पू दुबे
प्रधान प्रतिनिधि कोल्हुवा
विकासखंड मुजेहना
जनपद गोंडा

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
APEX MEDIDENT CO
SHADAB HAIDER
SALES EXECUTIVE
APEX MediDent Co
Suppliers of Surgical & Dental Equipments, Materials
Office Address : 403/130, Katra Bizen Beg, Choupatiyon Chowk, Lucknow (U.P.), India
Call / WhatsApp (India): +91-9935306799 | +91-8090708319
Email: apexmedident@gmail.com

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विकास पटेल
जिलाध्यक्ष व्यापार मंच
भावी प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य वार्ड संख्या - 20
निवासी - बलसिंह खेड़ा, नगराम लखनऊ

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बीसलपुर मिष्ठान भंडार
शुद्ध देसी घी से निर्मित मिठाइयां एवं नमकीन मिलने का एकमात्र स्थान जे पी रोड चौक बाजार पीलीभीत, प्रोपराइटर : पारस गुप्ता

व्यापारी शक्ति - राष्ट्र शक्ति
व्यापारी एकता जिन्दाबाद
भारतीय जन उद्योग व्यापार मण्डल उ0प्र0 (पंजी.)
समस्त व्यापरियों एवं क्षेत्रवासियों को
मकर संक्रांति गणतंत्र दिवस बसंत पंचमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
देवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश अध्यक्ष
सुशील कुमार सिंह, प्रदेश महामंत्री
पंकज मौर्या
विवेक शुक्ला
विनोद कुमार सिंह
पंकज दीक्षित
विशाल रावत
प्रवीन मिश्रा
डॉ. उमेश राय
संजय मिश्रा
किशन सिंह
दीपक सिंह
पवन सिंह तोमर
प्रमोद तिवारी
सौरभ वर्मा
राहुल सिंह यादव
धर्मेन्द्र मौर्या
किशोर जायसवाल
सुमित महाराज

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नवीन मिश्रा
निगोहा मंडल महामंत्री भाजपा, भावी प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य, वार्ड संख्या 20
निवासी - लालपुर, निगोहा, मोहनलालगंज लखनऊ

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय  कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान  स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063